भोपाल
सोमवार, 5 अक्टूबर 2026
आश्विन मास कृष्ण पक्ष-10
वर्ष : 13, अंक : 185
पृष्ठ : 14 मूल्य : 4.00 **

मौसम
अधि. 34
न्यून. 22

हरिभूमि

मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com



13 चमकदार रोशनी और संगीतमय शो से...
विचार पेज
08 नेक्स्ट-जेनरेशन का जीएसटी





राज्य शासन ने किसी भी टैक्स में नहीं की असामान्य बढ़ोतरी

केंद्र की तय लिमिट में ही 'मार्च 2027' तक परियोजनाओं के लिए कर्ज लेगी राज्य सरकार

- विकास कार्यों के लिए राज्य सरकार आरबीआई के माध्यम से प्रतिस्पर्धी दरों पर प्राप्त कर रही है कर्ज
- सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) बढ़ने के साथ बढ़ी प्रदेश की ऋण क्षमता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

आरबीआई प्रत्येक मंगलवार को नीलामी करता है, जिसमें राज्य सरकारें अपनी जरूरत के अनुसार माह में दो बार भाग लेती हैं। मप्र के लिए मंगलवार का दिन तय

मप्र सरकार का कहना है कि सरकार सुदृढ़ राजकोषीय प्रबंधन के साथ सड़क, एक्सप्रेस-वे, सिंचाई, बांध, नहर, विद्युत, मेडिकल कॉलेज, स्कूल-कॉलेज और अन्य बड़ी अधोसंरचना परियोजनाओं पर तेज गति से कार्य कर रही है। इन परियोजनाओं के लिए आवश्यक राशि की व्यवस्था के लिए राज्य सरकार राजकोषीय उत्तरदायित्व एवं बजट प्रबंधन (एफआरबीएम) अधिनियम तथा केंद्र सरकार की ओर से निर्धारित ऋण सीमा के अधीन भारतीय रिज़र्व बैंक ▶▶ शेष पेज 6 पर


फाइल फोटो

मप्र की ऋण सीमा लगभग 87 हजार करोड़ रुपए तय

वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए भारत सरकार ने मप्र की ऋण सीमा लगभग 87 हजार करोड़ रुपए तय की है। राज्य सरकार ने सितंबर तक आरबीआई के माध्यम से 37 हजार 400 करोड़ रुपए का ऋण प्राप्त किया है। आरबीआई के ई-कुबेर प्लेटफॉर्म के माध्यम ▶▶ शेष पेज 6 पर

वेतन तथा लाड़ली बहना के लिए कोई कर्ज नहीं लिया

मप्र में आरबीआई के माध्यम से प्राप्त होने वाला ऋण हमेशा पूंजीगत व्यय, अर्थात सड़क, बिजली, सिंचाई जैसे विकास कार्यों के लिए लिया जाता है। वेतन तथा लाड़ली बहना जैसी सामाजिक दायित्व की योजनाओं जैसे दैनंदिन राजस्व व्यय के लिए सरकार द्वारा पृथक से कोई ऋण नहीं लिया जाता। विकास कार्यों के लिए संसाधन जुटाने राज्य शासन ने किसी भी टैक्स में असामान्य बढ़ोतरी नहीं की है।

जीएसडीपी का 3 प्रतिशत कर्ज

संविधान के अनुच्छेद 293(3) के तहत राज्य सरकारें केंद्र सरकार की सहमति से ऋण लेती हैं, जिसकी वार्षिक सीमा सामान्यतः सकल राज्य घरेलू उत्पाद (जीएसडीपी) का अधिकतम 3 प्रतिशत होती है। जीएसडीपी में बढ़ोतरी होने से राज्य सरकारों की ऋण लेने की क्षमता भी बढ़ जाती है।

खबर संक्षेप

अस्पताल में प्रसूता की मौत परिजनों ने लगाए आरोप

राजगढ़। जिला अस्पताल के एमसीएच विंग में डिलीवरी के कुछ घंटों बाद 19 वर्षीय अमरीबाई



तंवर निवासी अमेरपुरा की अत्यधिक रक्तस्राव से मौत हो गई। महिला ने देर रात सामान्य प्रसव से स्वस्थ शिशु को जन्म दिया था। परिजनों ने ड्यूटी स्टाफ पर रिश्वत मांगने और ब्लीडिंग की शिकायत को नजरअंदाज करने का आरोप लगाया है। पूर्व विधायकों ने अस्पताल परिसर में धरना दिया।

भाजपा नेता से जुड़े मकान से 59 लीटर अवैध शराब जब्त

दतिया। सिविल लाइन पुलिस ने उनाव रोड स्थित बस बाड़ी के पास एक मकान से 58 लीटर 950



मिलीलीटर देशी और अंग्रेजी शराब बरामद की है। जब्त शराब की कीमत करीब 50 हजार रुपए बताई गई है। पुलिस के मुताबिक, मकान भाजपा के पूर्व जिला कोषाध्यक्ष बद्री साहू से जुड़ा है। कार्रवाई के दौरान दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया, जबकि एक आरोपी फरार हो गया। पुलिस ने 3 अक्टूबर को मुखबिर की सूचना पर छापा मारा था।

मुख्यमंत्री ने 9.04 लाख से अधिक तेंदूपत्ता संग्राहकों को अंतरित की 36.17 करोड़ की बोनस राशि, कहा

मंडला में टाइगर सफारी जू बनेगा यहां पान की खेती फिर शुरु होगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री ने कन्या पूजन, रानी दुर्गावती, एवं राजा शंकर शाह-कुंवर रघुनाथ शाह के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्ज्वलन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया

- मोहगांव और घुघरी में खुलेगा महाविद्यालय
- लघु वनोपज की प्रोसेसिंग यूनिट खोली जाएगी

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि मंडला में देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों को वन्य जीवों के देखने की स्थानीय सुविधा के लिए मंडला में टाइगर सफारी जू बनाया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले इस जिले में पान की खेती हुआ करती थी, यह स्थानीय लोगों की आमदनी का बड़ा जरिया थी। इसीलिए अब मंडला में पान की खेती पुनः प्रांरभ की जाएगी। उन्होंने घोषणा करते हुए कहा कि मंडला जिले के मोहगांव और घुघरी में शासकीय महाविद्यालय खोला जाएगा। मंडला में लघु वनोपज का बहुतायत में संग्रहण होता है। इसीलिए मंडला में सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग के अधीन लघु वनोपज की प्रोसेसिंग यूनिट खोली जाएगी। मुख्यमंत्री रविवार को मंडला जिले में प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के सदस्यों के प्रशिक्षण-सह-जागरूकता कार्यक्रम व तेंदूपत्ता बोनस वितरण कार्यक्रम में शामिल हुए।



मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी वितरित करते सीएम डॉ. यादव

मंडला में 8 वनमंडलों के तेंदूपत्ता संग्राहकों को मिली वर्ष 2024 की बोनस राशि

84 वन समितियों के 40 हजार सदस्यों को दिया 26.56 लाख का काष्ठ लाभांश

21 लाख से अधिक तेंदूपत्ता संग्राहकों को मिलेगा 139 करोड़ बोनस

मुख्यमंत्री ने मंडला में प्रदेश के 8 वन मंडलों के 9 लाख 4 हजार 126 तेंदूपत्ता संग्राहकों को वर्ष 2024 के बोनस के रूप में 36 करोड़ 17 लाख 37 हजार 518 रुपए की बोनस राशि का अंतरण किया। जिले के पूर्व और पश्चिम वन मंडल, सिवनी जिले के उत्तर एवं दक्षिण वन मंडल, बालाघाट जिले के उत्तर और दक्षिण वन मंडल सहित डिंडोरी एवं जबलपुर वन मंडल के तेंदूपत्ता संग्राहकों को बोनस राशि ▶▶ शेष पेज 6 पर

460 करोड़ के 74 विकास कार्यों की सौगात दी

डॉ. यादव ने मंडला जिले को लगभग 460 करोड़ रुपए की लागत वाले 74 विकास कार्यों की बड़ी सौगात दी। इसमें 263 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से 47 विकास कार्यों का भूमि पूजन एवं 197 करोड़ रुपए से अधिक की लागत से 27 विकास कार्यों का लोकार्पण शामिल है। मुख्यमंत्री ने यहां 75.28 करोड़ रुपए से बनने वाले 19 शासकीय हाईस्कूल शाला भवनों, 33.92 करोड़ रुपए से मंडला में बनने वाले नवीन एकीकृत कलेक्टर कार्यालय ▶▶ शेष पेज 6 पर

4 सांदीपनि विद्यालय भवनों का लोकार्पण

सीएम ने 137.11 करोड़ रुपए की लागत से निवास, बिछिया, घुटास और सागर कस्बे में नवनिर्मित चार सांदीपनि विद्यालय भवनों का लोकार्पण किया। मुख्यमंत्री स्कूटी योजना के तहत जिले के मेधावी विद्यार्थियों को स्कूटी वितरण भी किया। उन्होंने इन विद्यार्थियों को स्कूटी की चाबी देकर अपने हाथों से हेलमेट पहनाया और इन्हें खूब पढ़-लिखकर आगे बढ़ने का आशीर्वाद दिया। ▶▶ पढ़ें पेज 05 भी



थाने के बाहर एसीपी के खिलाफ एफआईआर की मांग करते आंदोलनकारी

3 महिला पत्रकारों से बदसलूकी

पार्लियामेंट स्ट्रीट 'थाने के बाहर' प्रदर्शन, क्राइम ब्रांच करेगी जांच

जंतर-मंतर पर कवरेज के दौरान एसीपी पर छेड़छाड़ और धक्का देने का आरोप

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

दिल्ली के जंतर-मंतर पर मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन की कवरेज के दौरान 3 महिला पत्रकारों ने पुलिस अधिकारियों पर बदसलूकी और यौन उत्पीड़न के आरोप लगाए हैं। एक महिला पत्रकार ने एसीपी विवेक भगत पर सीने पर हाथ मारने और धक्का देने का आरोप लगाया है। नेहा बोरा ने आरोप लगाया कि उनका अंतरवस्त्र खींचा गया। मामले में कार्रवाई की मांग को लेकर कॉकरोच जनता पार्टी (सीजेपी) के कार्यकर्ताओं ने रविवार को पार्लियामेंट स्ट्रीट थाने के बाहर प्रदर्शन किया। सीजेपी प्रवक्ता सौरव दास के नेतृत्व में प्रदर्शनकारियों ने एसीपी के खिलाफ एफआईआर ▶▶ शेष पेज 6 पर

प्रियंका ने पीएम - गृह मंत्री से पूछे सवाल, राहुल ने अमित शाह से मांगा जवाब


सीजेपी प्रवक्ता थाने पहुंचे

प्रियंका और राहुल ने उठाए सवाल

कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी वाड्रा ने मामले में नाराजगी जताते हुए पीएम नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से सवाल किया कि वे इस घटना पर ध्यान क्यों नहीं दे रहे हैं। राहुल गांधी ने कहा कि दिल्ली की महिलाएं और छात्राएं ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 11 भी

नाबालिग छात्रा से छेड़छाड़ जबरन मांग में भरा सिंदूर

बांका। बिहार के बांका जिले में स्कूल से घर लौट रही नाबालिग छात्रा के साथ छेड़छाड़ और



जबरन मांग में सिंदूर डालने का मामला सामने आया है। घटना रविवार की है। छात्रा की मां ने छह नाबालिगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराई है। आरोप है कि स्कूल से साइकिल से लौट रही छात्रा को गांव के पास रास्ते में रोक लिया गया। उसके साथ छेड़छाड़ की गई और एक आरोपी ने जबरन मांग में सिंदूर भर दिया।

समस्याओं पर प्रशासन से नाराज

सावित्री ठाकुर के 'निवास' पर धरना देंगे विधायक कालू सिंह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ धार

धरमपुरी से भाजपा विधायक कालू सिंह ठाकुर ने धामनोद नगर की जनसमस्याओं का समाधान नहीं होने पर केंद्रीय राज्यमंत्री सावित्री ठाकुर के निवास के सामने अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल करने का ऐलान किया है। वे 9 अक्टूबर से धरने पर बैठेंगे। विधायक का आरोप है कि धामनोद की समस्याओं को लेकर उन्होंने पूर्व और वर्तमान कलेक्टर, एसपी, ▶▶ शेष पेज 6 पर


सावित्री ठाकुर

कालू सिंह

9 अक्टूबर को धरने पर बैठेंगे

श्रद्धालुओं से सतर्क रहने की अपील

पं. शास्त्री बोले: धाम में आने वाली महिलाएं अकेले न आएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छतरपुर



सेवादार पर आंख मूंदकर भरोसा न करें

बागेश्वर धाम में श्रद्धालुओं की सुरक्षा को लेकर पीठाधीश्वर पंडित धीरेंद्र कृष्ण शास्त्री ने विशेष अपील की है। शनिवार रात दिव्य दरबार के दौरान उन्होंने माताओं-बहनों से कहा कि वे धाम में अकेले आने से बचें। यदि अकेले आना पड़े तो किसी अनजान व्यक्ति या सेवादार पर आंख मूंदकर भरोसा न करें। शास्त्री ने श्रद्धालुओं ▶▶ शेष पेज 6 पर

नीरू ढांडा रहीं भारत की ध्वजवाहक

85 पदकों के साथ चौथे स्थान पर रहा भारत

एशियन गेम्स 2026 का समापन, दोहा में होंगे अगले खेल समारोह में 'वन एशिया' यानी एक एशिया का संदेश दिया गया



नीरू ढांडा ध्वज के साथ

नागोया। जापान के आइची-नागोया में 19 सितंबर से शुरू हुए एशियन गेम्स 2026 का रविवार को भव्य समापन समारोह के साथ समापन हो गया। मिजुहो पार्क एथलेटिक स्टेडियम में आयोजित समारोह में ओलंपिक काउंसिल ऑफ एशिया (ओसीए) का झंडा कतर की राजधानी दोहा को सौंपा गया। वर्ष 2030 में अगले एशियाई खेल ▶▶ शेष पेज 6 पर ▶▶ पढ़ें पेज 13 भी

शिष्य की आत्महत्या के बाद हुए कई बदलाव

संत प्रेमानंद महाराज के आश्रम में दर्शन और दीक्षा पर लगी रोक

साधक अब सामान्य कपड़ों में आएंगे नजर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मथुरा

वृंदावन में संत प्रेमानंद महाराज के केली कुंज आश्रम में दर्शन और दीक्षा पर रोक लगाए जाने की जानकारी सामने आई है। इसके साथ ही आश्रम से जुड़े साधक-साधिकाओं के ड्रेस कोड में भी बदलाव किया गया है।

अब अधिकांश साधक सफेद वस्त्र और पीला अचला पहनने के बजाए सामान्य कपड़ों या कुर्ता-पायजामा में नजर आएंगे। माना जा रहा है कि आश्रम से जुड़े जबलपुर निवासी साधक रसिक दुलारी शरण उर्फ दीपक लोधी की आत्महत्या के बाद ये कदम उठाए गए हैं। दर्शन और दीक्षा पर रोक कब तक रहेगी, यह स्पष्ट नहीं है।


केली कुंज आश्रम

आश्रम से लापता किशोर बरामद

हाथरस। प्रेमानंद महाराज के आश्रम से लापता बताए जा रहे हाथरस के सादाबाद निवासी 16 वर्षीय अनुज चौधरी को पुलिस ने बरसाना के एक आश्रम से सकुशल बरामद कर लिया है। अनुज के लापता होने पर परिजनों ने वृंदावन में प्रेमानंद महाराज के आश्रम के बाहर धरना दिया था।

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस उज्जवल भुइयां नालसर यूनिवर्सिटी में बोले

वोट देने के अधिकार से वंचित करना उसे अपने ही देश में दूसरे दर्जे का 'नागरिक' बनाने जैसा

अरबपति हो या रिक्शा वाला, सभी के वोट की कीमत समान

मतदान का अधिकार देश के स्वतंत्रता संघर्ष और नागरिकों के बलिदान से जुड़ा विधायिका को भी ऐसे अनुचित प्रावधान नहीं बनाने चाहिए, जो मतदान के अधिकार को सीमित करें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

सुप्रीम कोर्ट के जस्टिस उज्ज्वल भुइयां ने कहा है कि लाखों भारतीय नागरिकों को मतदान के अधिकार से वंचित करने वाली कोई भी प्रक्रिया मनमानी है और उसे किसी भी तर्क के आधार पर उचित नहीं ठहराया जा सकता। संविधान नागरिकों के ऐसे दो वर्ग नहीं बनाता, जिनमें एक को वोट देने का अधिकार हो और दूसरे को इससे वंचित रखा जाए। अरबपति हो या रिक्शा चालक, दोनों के वोट की कीमत बराबर है। जस्टिस भुइयां रविवार को हैदराबाद ▶▶ शेष पेज 6 पर


उज्ज्वल भुइयां

अनुच्छेद 326 और 14 का दिया हवाला

जस्टिस भुइयां ने कहा कि बड़े पैमाने पर नागरिकों को मताधिकार से वंचित करने वाली प्रक्रिया संविधान के अनुच्छेद 326 और 14 का उल्लंघन कर सकती है। स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव लोकतंत्र की बुनियादी विशेषताएं हैं। उन्होंने कहा कि विधायिका को भी ऐसे ▶▶ शेष पेज 6 पर

केरलम सरकार का फैसला

सीईसी ज्ञानेश कुमार के खिलाफ 20 साल पुराने मामले की जांच के आदेश


ज्ञानेश कुमार

तिरुवनंतपुरम। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ केरलम सरकार ने 20 साल पुराने मामले की जांच के आदेश दिए हैं। यह मामला वर्ष 2006 का है, जब ज्ञानेश कुमार केरलम में लोक निर्माण विभाग के सचिव के पद पर कार्यरत थे। जांच का उद्देश्य यह पता लगाना है कि ▶▶ शेष पेज 6 पर

श्री हिंदू धर्म उत्सव समिति की विजयादशमी को लेकर बैठक आयोजित

सलैया के दशहरा में होगी डिजिटल आतिशबाजी इंडियल ऑइडल फेम दिवाकर चौबे सुनाएंगे भजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आगामी 20 अक्टूबर को सलैया का दशहरा कुछ खास होने वाला है। इस दिन आयोजन स्थल पर इंडियन आइडल एवं सारेगामापा फेम दिवाकर चौबे संगीतमय भजनों एवं गीतों की प्रस्तुति देंगे।

'इंडियाज गॉट टैलेंट' क्रेजी हॉपर की 2-3 राष्ट्रीय टीमें डांस प्रस्तुतियां और एक प्रमुख बॉलीवुड अभिनेता या अभिनेत्री की विशेष शिरकत रहेगी। वहीं इस वर्ष का मुख्य आकर्षण दक्षिण भारत की तर्ज पर होने वाली भव्य डिजिटल आतिशबाजी होगी। इसके साथ ही स्थानीय एवं राष्ट्रीय स्तर के विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आकर्षक प्रस्तुतियां भी शामिल होंगी। ये निर्णय रविवार को श्री हिंदू धर्म उत्सव समिति, सलैया ने विजयादशमी पर्व एवं विशाल रावण दहन कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर 'होटल रॉयल सेलिब्रेशन' में एक बैठक में लिए। मुख्य अतिथि एवं समिति के संरक्षक, हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा तथा इस्कॉन मंदिर के मुख्य पुजारी रासआनंद दास प्रभु एवं अंतरराष्ट्रीय कथावाचक अतुल कृष्ण शास्त्री उपस्थित रहे। अध्यक्षता समिति के अध्यक्ष प्रदीप पाटीदार ने की।



विजयादशमी को लेकर श्री हिंदू धर्म उत्सव समिति की बैठक आयोजित।

भोपाल के लिए बनेगा आकर्षण का केंद्र

इस दौरान उपाध्यक्ष अनिकेत पांडे' सचिव रामेश्वर पाटीदार, सह सचिव राज शर्मा, रघुनाथ पाटीदार, नरेश पाटीदार, मनोहर पाटीदार, कृष्णकांत पाटीदार, चेतन पाटीदार, दिनेश पाटीदार, विश्वनाथ पाटीदार, संजय पाटीदार, जगमोहन पाटीदार, पार्षद बबीता डोंगरे, गुड्डू भदौरिया, ज्योति मिश्रा, जनभागीदारी अध्यक्ष अनूप सिंह बैस सहित समिति के अन्य संरक्षक एवं वरिष्ठ पत्रकारगण गरिमामयी उपस्थिति में शामिल हुए। इस अवसर पर विधायक रामेश्वर शर्मा ने सलैया क्षेत्र में आयोजित होने वाला यह भव्य आयोजन पूरे भोपाल के लिए आकर्षण का केंद्र बनेगा।

विधायक रामेश्वर शर्मा बतौर मुख्य अतिथि हुए शामिल

श्री दिगम्बर जैन खंडेलवाल सभा के क्षमावाणी कार्यक्रम में वरिष्ठजनों का किया गया सम्मान



श्री दिगम्बर जैन खंडेलवाल सभा के क्षमावाणी में शामिल हुए विधायक शर्मा।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

श्री दिगम्बर जैन खंडेलवाल सभा, भोपाल संभाग का क्षमावाणी कार्यक्रम गुजराती समाज भवन में हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में हुजूर विधायक रामेश्वर शर्मा उपस्थित रहे। सभा के उपाध्यक्ष निखिल पाली ने अध्यक्षीय संबोधन दिया तथा सभी से क्षमा याचना की गई।

उत्कृष्ट बच्चे भी पुरस्कृत

इस अवसर पर समाज के उन वरिष्ठ जनों का सम्मान किया गया जो 75 वर्ष पूर्ण कर चुके हैं। साथ ही पर्युषण पर्व के दौरान उपवास करने वाले तपस्वियों और परीक्षा में अच्छे अंकों से उत्तीर्ण हुए बच्चों का भी सम्मान किया गया। कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ जन सुनील काला, पंकज विनायका, उपाध्यक्ष, सचिव मनीष सोगानी, अभय सोगानी, राजेश पाटवा, नितिन बालाबीवाला, रमेश कालानीवाल सहित बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित रहे। कार्यक्रम की जानकारी संदीप गोधा ने दी।

खबर संक्षेप

स्टेशनों से बेस किचन तक चला सफाई अभियान

भोपाल। पश्चिम मध्य रेलवे के भोपाल मंडल में स्वच्छता पखवाड़ा-2026 एवं विशेष अभियान 6.0 के तहत रेलवे परिसरों को साफ-सुथरा और व्यवस्थित बनाने के लिए 4 और 5 अक्टूबर को विशेष गहन सफाई अभियान चलाया जा रहा है। अभियान के दौरान प्रमुख रेलवे स्टेशनों से लेकर खानपान इकाइयों, बेस किचन, पेंट्रीकार, रिटायरिंग रूम और रेलवे कार्यालयों तक व्यापक साफ-सफाई की जा रही है। रेलवे के विभिन्न विभागों की टीमें अभियान के तहत स्टेशन परिसरों, यात्री सुविधाओं और प्रशासनिक भवनों में सफाई कार्य कर रही हैं। इसके साथ ही जगह-जगह जमा कचरे के उचित निस्तारण, खानपान इकाइयों की स्वच्छता और परिसर को व्यवस्थित रखने पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है। अभियान के दौरान पेंट्रीकार, बेस किचन और अन्य खानपान इकाइयों में स्वच्छता के निर्धारित मानकों का पालन सुनिश्चित करने के लिए विशेष सफाई गतिविधियां की जा रही हैं। सीनियर डीसीएम सौरभ कटारिया ने बताया कि अभियान का उद्देश्य रेलवे परिसरों में स्वच्छता के उच्च मानक स्थापित करना और यात्रियों को स्वच्छ एवं सुखद वातावरण उपलब्ध कराना है।

कल साढ़े नौ लाख बच्चों को खिलाई जाएगी एलबेंडाजोल गोली

भोपाल। मंगलवार 6 अक्टूबर को राष्ट्रीय कृमि मुक्ति दिवस पर 1 से 19 साल के बच्चों को एल्बेंडाजोल गोली खिलाई जाएगी। कार्यक्रम के तहत शासकीय, निजी स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों, मदरसों, छात्रावासों में दवा का सेवन करवाया जाएगा। इसके साथ ही 20 से 49 साल की ऐसी महिलाएं जो गर्भवती एवं धात्री नहीं हैं, उन्हें भी इस दवा का सेवन करवाया जाएगा। सीएमएचओ डॉ. मनीष शर्मा ने बताया कि कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग, स्कूल शिक्षा विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग सहित अन्य नोडल विभागों के सहयोग से दवा सेवन करवाई जाएगी। भोपाल में लगभग साढ़े नौ लाख बच्चों को गोली का सेवन करवाया जाएगा। कार्यक्रम के तहत स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्कूलों और आंगनबाड़ी केंद्रों को एलबेंडाजोल दवा उपलब्ध करवाई गई है। स्कूलों में ये दवा नोडल टीचर की उपस्थिति में खिलाई जाएगी।

कायस्थम सम्मान-27 के लिए चयन समिति गठित

भोपाल। कायस्थम -27 में सम्मानित की जाने वाली चित्रांश प्रतिभाओं के चयन के लिए चयन समिति का गठन कर दिया गया है। इनमें अध्यक्ष प्रलय श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव,अजय भटनागर, कार्य. सदस्य रवि खरे कार्य. सदस्य अनुराग श्रीवास्तव और विशेष आमंत्रित सदस्य अजय निगम चुने गए हैं। चयन समिति दीपावली पश्चात बैठक कर जो प्रविष्टियां प्राप्त हुई हैं, उनमें से प्रतिभाओं का चयन करेगी। उल्लेखनीय कि 13 कैटेगरी में न्यूनतम 1- 1 चित्रांश प्रतिभा संपन्न को कायस्थम सम्मान से सम्मानित किया जाना है। समिति द्वारा संशोधित तय 13 कैटेगरी में हमारे बुजुर्ग, खेल, शिक्षा, विज्ञान, शौर्य एवं पराक्रम, वकालत /विधि सेवा, चिकित्सा,कला एवं संस्कृति, समाज सेवा, साहित्य, पत्रकारिता, उद्योग/ व्यवसाय, प्रशासन को शामिल किया गया है।

शारदीय नवरात्रि 11 से, सज रहे मां के दरबार, आकार देने में जुटे कलाकार

कहीं बन रहा नीब करौरी बाबा का कैंची धाम तो कहीं सोमनाथ मंदिर

प्रतिमाओं की सजावट अंतिम रूप देने में जुटे कलाकार, राजधानी में 13 सौ स्थानों पर विराजेंगी मां जगदम्बा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी में जहां लोगों द्वारा पितरों का तर्पण कर अपने पूर्वजों को प्रसन्न करने के लिए शहर के विभिन्न घाटों से लेकर तीर्थ स्थानों तक तर्पण कर रहे हैं, वहीं शहर में नवरात्रि की तैयारियां भी जोरों पर हैं। हमेशा की तरह एक बार फिर राजधानी मां जगदम्बा की भक्ति के लिए तैयार है। नवरात्रि 11 अक्टूबर से शुरू होकर इस बार दस दिवसीय पर्व का समापन 20 अक्टूबर को विजय दशमी के साथ होगा।


अन्नानगर में आगामी नवरात्रि को लेकर झांकी की तैयारी।


भेल क्षेत्र में मां दुर्गा की तैयार हो रहीं प्रतिमाएं।

प्रतिमाओं को अंतिम आकार देते कारीगर

श्रद्धा और भक्ति के इस पावन पर्व पर शहर में जगह-जगह तैयारियां जोरों पर चल रही हैं, पंडालों की सजावट में लगे कारिगर दिन-रात मेहनत कर अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं। दूसरी ओर कारीगरों द्वारा शहर की पांच बड़ी झांकियों एवं देश के प्रसिद्ध मंदिरों पर आधारित मंदिर बनाने को लेकर उसमें कहीं कोई कसर न रह जाए, पूरी बारीकी के साथ स्वरूप को अंतिम रूप देने में लगे हुए हैं।

10 नं. पर दुबई का मिरेकल गार्डन

दस नंबर स्मार्ट पार्किंग एरिया के पास दुबई के मिरेकल गार्डन की थीम पर नवयुवक दुर्गा उत्सव समिति की ओर से झांकी सजाई जा रही है। जहां पर भक्तों को प्राकृतिक सौंदर्य का नजारा दिखाई देगा। झांकी करीब 70 लाख रुपए की लागत से तैयार हो रही है।

13 सौ स्थानों पर विराजेंगी जगदम्बा

नवरात्रि के पावन पर्व पर शहर में न्यू मार्केट, बिट्टन मार्केट, बरखेड़ा, नेहरु नगर, अन्ना नगर की झांकियां शहर में प्रमुख आकर्षण का केंद्र रहेंगी।

35 लाख की लागत से बन रही झांकी

इस बार विजय मार्केट बरखेड़ा में विशेष रूप से नीब करौरी बाबा के प्रसिद्ध कैंची धाम की झांकी सजाई जा रही है। समिति के रामबाबू शर्मा ने बताया कि यह झांकी 60 फीट ऊंची होगी। झांकी करीब 35 लाख रुपए की लागत से तैयार हो रही है।

42 कलाकार तैयार कर रहे सुंदर झांकी

बिट्टन मार्केट में मां वैष्णो दुर्गा उत्सव समिति की ओर से इस बार माता रानी के साथ ही भगवान सोमनाथ मंदिर की थीम पर सजाई जा रही है। पिछले सालों की तुलना में और भव्य झांकी रहेगी। जिसको तैयार करने में एक करोड़ 25 लाख की लागत आई है। सोमनाथ मंदिर की झांकी कोलकाता के 42 कलाकारों द्वारा पिछले तीन माह से तैयार की जा रही है।


सोमनाथ मंदिर की तर्ज पर तैयार हो रही झांकी।

खीर-पूरी-गुड़ परोसकर कराया गो-भोग

पितृपक्ष में 1600 गायों का भंडारा, 18 साल से निभा रहे सेवा की ऐतहासिक परंपरा


बृजमोहन रामकली गौ-संरक्षण केंद्र ने भंडारे का आयोजन किया।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पितरों की मोक्ष प्राप्ति के लिए पंचबली विधान का महत्व होता है। इसी परंपरा के तहत बृजमोहन रामकली गौ-संरक्षण केंद्र में अनूठे गौ-भंडारे और सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। यहां रह रही करीब 1600 वृद्ध, अपाहिज और बेसहारा गायों को खीर, पूरी और गुड़ का भोग कराया गया। इसके बाद गौ-पूजन कर गायों के प्रति श्रद्धा व्यक्त की गई। केंद्र के अध्यक्ष प्रहलाद दास मंगल और सचिव प्रमोद नेमा ने बताया कि पितृपक्ष में गायों के माध्यम से पितरों को तर्पण का भोग पहुंचाने की धार्मिक मान्यता है। इसी उद्देश्य से हर वर्ष आयोजन होता है। इस बार भी बड़ी संख्या में गौभक्तों ने पहुंचकर गायों का पूजन किया और उन्हें भोजन कराया।

18 साल से जारी है सेवा

आयोजकों ने बताया कि वृद्ध और अपाहिज गायों की सेवा एवं उनके प्रति गौ-भक्ति का यह आयोजन पिछले 18 वर्षों से लगातार किया जा रहा है। आयोजन का उद्देश्य गौ सेवा के साथ समाज में जीवों के प्रति करुणा और सेवा भाव को बढ़ावा देना है। इस अवसर पर महंत अनिलानंद, राधिका किशोरी, पूर्व सांसद रघुनंदन शर्मा, गोल्डन अग्रवाल, विवेक सक्सेना सहित बड़ी संख्या में गौभक्त मौजूद रहे।

मंदिरों में सुंदरकांड और महाआरती: गौशाला परिसर में निर्मित शिवालय और हनुमान मंदिर में विशेष श्रृंगार के साथ सुंदरकांड पाठ का आयोजन किया गया। इसके बाद महाआरती हुई। कार्यक्रम में गौशाला में निरंतर सेवा कर रहे गौ सेवकों का सम्मान भी किया गया।

बीना-इटारसी के यात्रियों को भी सुविधा

रानी कमलापति से त्योहारों में प्रयागराज की राह होगी आसान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

त्यौहारों के मद्देनजर रेलवे ने अतिरिक्त रेल सुविधा शुरू की है। प्रयागराज से हडपसर के बीच पूजा स्पेशल ट्रेन के पांच-पांच फेरे चलाए जाएंगे। इस ट्रेन का लाभ रानी कमलापति, बीना और इटारसी के यात्रियों को भी मिलेगा। इससे त्योहारों के दौरान प्रयागराज की ओर आने-जाने वाले यात्रियों को अतिरिक्त विकल्प उपलब्ध होगा। प्रयागराज-हडपसर पूजा स्पेशल 21 अक्टूबर से 18 नवंबर 2026 तक प्रत्येक बुधवार को चलेगी। यह ट्रेन प्रयागराज से रात 10:20 बजे रवाना होकर रात 11:35 बजे बीना, अगले दिन रात 2 बजे रानी कमलापति और 3:35 बजे इटारसी पहुंचेगी।

21 कोच की होगी स्पेशल ट्रेन

स्पेशल ट्रेन में कुल 21 कोच रहेंगे। इनमें 2 एसएलआरडी, 6 सामान्य श्रेणी, 12 स्लीपर और 1 थर्ड एसी कोच शामिल हैं। इससे सामान्य और स्लीपर श्रेणी में यात्रा करने वाले यात्रियों को त्योहारों की भीड़ के दौरान अतिरिक्त सीटों का विकल्प मिलेगा। ट्रेन का दोनों दिशाओं में प्रयागराज, शंकरगढ़, डभौरा, मानिकपुर, चित्रकूट धाम, बांदा जंक्शन, महोबा, खजुराहो, दरियागंज, छतरपुर, टीकमगढ़, ललितपुर, बीना, रानी कमलापति, इटारसी, भुसावल जंक्शन, मनमाड, कोपरगांव, बेलापुर, अहिल्यानगर, दौंड कॉर्ड लाइन और हडपसर स्टेशनों पर ठहराव रहेगा।

मानव मूल्यों को समर्पित सेवा को मिला सम्मान

लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स से सम्मानित हुए डॉ. विनीत तिवारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विश्व प्रसिद्ध लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स की अंतरराष्ट्रीय टीम ने भारत के प्रसिद्ध योग वैज्ञानिक, आनंद योग के प्रणेता, भोपाल के योग सांसद एवं भारतीय योग संसद के संस्थापक अध्यक्ष डॉ. विनीत कुमार तिवारी को लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड का प्रतिष्ठित सम्मान से सम्मानित किया गया है।

डॉ. विनीत तिवारी को यह सम्मान नई दिल्ली के कांस्टीट्यूशन क्लब ऑफ इंडिया में आयोजित समारोह में गांधी जयंती के अवसर पर प्रदान किया गया। उन्हें यह सम्मान लंदन बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के इंटरनेशनल चेयरमैन इंडिया डॉ. अविनाश डी. साकुंडे एवं रेजिडेंट कमिश्नर डॉ. मनीष शोभा शंकर राव गवई ने प्रदान किया। इस अवसर पर आचार्य लोकेश मुनि महाराज, मिस इंडिया मीनल राजपूत, आचार्य डॉ. संजय पी. हर्षे, वज्र विद्या संस्थान वाराणसी के प्राचार्य डॉ. सोनम योंडेन गुरुंग, डॉ. कंचन वैद्य, राखी शर्मा सहित अनेक प्रतिष्ठित व्यक्ति उपस्थित थे।

डॉ. तिवारी को योग, आध्यात्मिकता, समग्र स्वास्थ्य, प्राकृतिक चिकित्सा, पर्यावरण जागरूकता, शिक्षा तथा प्राचीन भारतीय ज्ञान परंपराओं के प्रचार-प्रसार में उनके विशिष्ट एवं निरंतर योगदान के लिए यह सम्मान दिया है।



डॉ. विनीत तिवारी का सम्मान।

भागवत कथा के विराम दिवस पर श्रद्धालुओं का सैलाब

सुदामा चरित्र से मिली सच्ची मित्रता, भक्ति और संतोष की सीख : पं. आनंद मोहन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पितृपक्ष के पावन अवसर पर क्वालिटी होम्स परिसर, बीमा कुंज, कोलार रोड स्थित शर्मा परिवार द्वारा आयोजित श्रीमद्भागवत कथा के विराम दिवस पर श्री रूणिचा धाम के कथावाचक गुरुदेव पं. आनंद मोहन शुक्ला ने कहा कि श्रीकृष्ण और सुदामा की मित्रता विश्व में सर्वश्रेष्ठ है, जो निस्वार्थ प्रेम, अटूट विश्वास और समर्पण की अनुपम मिसाल है। उन्होंने कहा कि सच्ची मित्रता में धन, वैभव, पद और प्रतिष्ठा का कोई महत्व नहीं होता, बल्कि प्रेम, विश्वास और आत्मीयता ही सबसे बड़ी पूंजी होती है। भगवान अपने भक्त के भाव के भूखे होते हैं, वैभव के नहीं। उन्होंने श्रद्धालुओं से अहंकार का त्याग कर सेवा, संतोष, परोपकार और भक्ति के मार्ग पर चलने का आह्वान किया। कथा के दौरान संगीतमय भजनों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने पूरे परिसर को भक्तिमय बना दिया। भगवान श्रीकृष्ण की लीलाओं और भक्ति से ओतप्रोत भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा श्रवण के लिए इछावर नगर सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचे। श्रीमद्भागवत कथा का समापन विधि-विधान से पूजन, महाआरती एवं प्रसादी वितरण के साथ हुआ। भगवान श्रीकृष्ण के जयकारों से परिसर गुंजायमान हो उठा। श्रद्धालुओं ने भक्तिभाव के साथ कथा का श्रवण कर धर्मलाभ प्राप्त किया और आयोजन को भावपूर्ण विदाई दी।


पं. आनंद मोहन की भागवत कथा।

बुद्धभूमि महाविहार में गूंजी विश्व शांति की पुकार

श्रद्धालुओं ने भगवान बुद्ध के मार्ग पर चलने का लिया संकल्प

जापान की भिक्षुणी म्योसेन सातो ने कहा- मैत्री, करुणा और अहिंसा से ही बनेगा शांतिपूर्ण विश्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वर्षावास के पावन अवसर पर चुनाभट्टी स्थित बुद्धभूमि महाविहार में रविवार को धम्म देशना एवं आशीर्वचन समारोह का आयोजन किया गया। जापान से आई भिक्षुणी म्योसेन सातो जी ने श्रद्धालुओं को धम्म देशना देते हुए भगवान बुद्ध के मैत्री, करुणा, अहिंसा और विश्व शांति के संदेश को वर्तमान समय में बेहद प्रासंगिक बताया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन, त्रिशरण-पंचशील और बुद्ध वंदना के साथ हुई। श्रद्धालुओं ने भगवान बुद्ध के प्रति श्रद्धा अर्पित करते हुए धम्म के मार्ग पर चलने का संकल्प लिया।


जापान की भिक्षुणी म्योसेन सातो का स्वागत किया गया।

दुनिया चुनौतियों से घिरी, बुद्ध का धम्म दिखा सकता है शांति का रास्ता

मुख्य धम्म देशना में भिक्षुणी म्योसेन सातो ने कहा कि आज विश्व अनेक चुनौतियों से गुजर रहा है। ऐसे समय में भगवान बुद्ध का धम्म मानवता को शांति, सद्भाव, करुणा और अहिंसा का मार्ग दिखा सकता है। उन्होंने भारत-जापान के सदियों पुराने बौद्ध एवं सांस्कृतिक संबंधों का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत भगवान बुद्ध की धम्मभूमि है और दुनिया के बौद्ध अनुयायियों के लिए आस्था का प्रमुख केंद्र है। भंते सीरी शिवली अमरावती ने आशीर्वचन में कहा कि आज समाज में मैत्री, करुणा और अहिंसा के बुद्ध संदेश को और व्यापक रूप से अपनाने की जरूरत है। भंते शाक्यपुत्र सागर थेरो ने कहा कि मध्यप्रदेश की प्राचीन बौद्ध विरासत को संरक्षित कर उसे विश्व बौद्ध पर्यटन के मानचित्र पर स्थापित करने की जरूरत है।

मैत्री बुद्ध विहार में धम्म संगोष्ठी का आयोजन

भोपाल। गौरीशंकर आवासीय परिसर स्थित मैत्री बुद्ध विहार में रविवार को धम्म संगोष्ठी का आयोजन किया गया। यह आयोजन मैत्री बुद्ध शिक्षा एवं जनकल्याण समिति द्वारा राष्ट्रीय पारिवारिक धम्म संगोष्ठी के सदस्यों के निर्देशन में किया गया। धम्म-संगोष्ठी में भोजन-दान खातरकर परिवार द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्यरूप से समिति के सदस्य अशोक डोंगरे, आनंद खातरकर, धर्मपाल फुसे, राजेश सोनवाने, रवि सोनवाने, अरंजन पुसे, विजय सोमकुंवर, दिवाकर गजभिए, आदि उपस्थित थे।


गौरीशंकर कौशल परिसर में आयोजन।

संतान की दीर्घायु और समृद्धि की कामना

पारण के साथ हुआ भोजपुरी समाज के व्रत का समापन


सरस्वती मंदिर में पूजा करतीं भोजपुरी समाज की महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

संतान की दीर्घायु, आरोग्य और सुख-समृद्धि की कामना से भोजपुरी समाज द्वारा मनाया जाने वाला जीवित्पुत्रिका (जीउतिया) व्रत के अवसर पर माताओं ने 24 घंटे के निर्जला उपवास के पश्चात रविवार को पारण किया।

भोजपुरी उत्सव समिति खटलापुरा के अध्यक्ष राहुल दुबे और सचिव पंकज ठाकुर ने बताया कि इस अवसर पर व्रतियों ने संतान की दीर्घायु,आरोग्य और सुख समृद्धि की कामना की। व्रत के पश्चात आज विधि-विधान एवं पारंपरिक रीति-रिवाजों के अनुसार पारण किया गया। पारण के साथ तीन दिवसीय व्रत का विधिवत समापन हुआ। वहीं, बिहार सांस्कृतिक परिषद के सतेंद्र कुमार ने बताया कि बरखेड़ा के सरस्वती देवी मंदिर प्रांगण में सैकड़ों माताओं की संतान की दीर्घायु, उत्तम स्वास्थ्य, सुख-समृद्धि एवं उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की।

हरिभूमि
भोपाल भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, सोमवार 5 अक्टूबर 2026

वीआईपी और धर्मगुरुओं की आवाजाही वाले स्टेशन पर सुरक्षा इंतजाम पर सवाल

जिस मशीन से होना थी सामान की जांच उस पर बैठकर यात्री कर रहे ट्रेन का इंतजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

देश के पहले विश्व स्तरीय और पीपीपी मॉडल पर विकसित रानी कमलापति रेलवे स्टेशन (आरकेएमपी) पर यात्रियों की सुरक्षा व्यवस्था सवालों के घेरे में है।

यात्रियों के सामान की जांच के लिए लगाई गई लगेज स्कैनिंग मशीन अब सुरक्षा जांच के बजाय बैठने की जगह बन गई है। रविवार रात स्टेशन पर जायजा लेने के दौरान यात्री इसी मशीन पर कुर्सी की तरह बैठकर ट्रेन का इंतजार करते नजर आए। स्टेशन पर तीन लगेज स्कैनिंग मशीनें लगाई गई हैं, लेकिन रेलवे सूत्रों के अनुसार इनका नियमित रूप से इस्तेमाल नहीं हो रहा है। स्टेशन के मुख्य गेट पर लगी लगेज स्कैनर मशीन खराब है। यहां पर किसी तरह की जांच नहीं की जा रही है। ऐसे में सवाल उठता है कि जब स्टेशन को विश्वस्तरीय सुविधाओं से लैस करने का दावा किया जाता है तो यात्रियों के सामान की सुरक्षा जांच के लिए लगी मशीनें चालू क्यों नहीं हैं?

आरकेएमपी में तीन लगेज स्कैनिंग मशीन लगीं, आने-जाने वालों की जांच एक से भी नहीं



लगेज स्कैनर मशीन पर विश्राम करती महिला यात्री।

मंत्रियों और बड़े धर्मगुरुओं की आवाजाही, फिर भी इंतजाम बेअसर

आरकेएमपी पर प्रदेश सरकार के मंत्रियों, बड़े धर्मगुरुओं और अन्य वीआईपी का लगातार आना-जाना रहता है। रविवार को भी पंडित धीरेंद्र शास्त्री महाराज का आगमन हुआ। इसके बावजूद स्टेशन पर यात्रियों के सामान की जांच के इंतजाम प्रभावी नहीं होना सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े करता है। रविवार रात स्टेशन के प्रवेश क्षेत्र में भी सुरक्षा व्यवस्था अपेक्षा के अनुरूप नजर नहीं आई। ऐसे में सवाल यह है कि जब स्टेशन पर अत्याधुनिक सुरक्षा उपकरण लगाए गए हैं तो उनका नियमित संचालन और रखरखाव कौन सुनिश्चित कर रहा है?

साल में दिखावे के लिए शुरू होने का आरोप

सूत्रों के अनुसार मशीनें लंबे समय से खराब हैं और 26 जनवरी व 15 अगस्त जैसे विशेष मौकों पर ही इन्हें दिखावे के लिए चालू किए जाने की बात सामने आती है। बाकी दिनों में बंद रहती हैं। अब तो यात्री इन पर बैठने के लिए उपयोग में ले रहे हैं। रविवार को भी मशीन पर यात्री बैठे मिले।

आरपीएफ और बंसल पाथवे की जिम्मेदारी पर उठ रहे सवाल

स्टेशन के संचालन और यात्री सुविधाओं से जुड़े इंतजाम बंसल पाथवे प्राइवेट लिमिटेड से जुड़े हैं, जबकि सुरक्षा व्यवस्था में आरपीएफ की अहम भूमिका है। मशीनों के लंबे समय से बंद रहने के बावजूद उन्हें दुरुस्त नहीं कराया जाना दोनों की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े करता है। इस संबंध में भोपाल रेल मंडल के वरिष्ठ सुरक्षा आयुक्त डॉ. अभिषेक और बंसल ग्रुप के एजीएम मोहित समैया से संपर्क करने का प्रयास किया गया, लेकिन बात नहीं हो सकी।

600 बसों से शहर आएंगे प्रतिभागी

25 हजार युवा जुटेंगे लाल परेड मैदान में, कल सुबह 8 बजे से शहर के कई रास्तों पर डायवर्जन


फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

लाल परेड मैदान में 6 अक्टूबर को होने वाले सीएम यूथ कॉन्क्लेव-2026 में भोपाल और आसपास के जिलों से करीब 25 हजार युवाओं के शामिल होने की संभावना है।

कार्यक्रम में युवाओं को लाने के लिए करीब 600 बसों का उपयोग किया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान शहर में यातायात का दबाव बढ़ने की संभावना को देखते हुए नगरीय यातायात पुलिस ने बसों के प्रवेश, ड्रॉप एंड गो, पार्किंग और आम यातायात के लिए डायवर्जन प्लान जारी किया है। कार्यक्रम 6 अक्टूबर को सुबह 10 बजे से लाल परेड मैदान में प्रस्तावित है। यातायात पुलिस के अनुसार भारी, मध्यम, हल्के व्यावसायिक वाहनों और यात्री बसों का डायवर्जन सुबह 8 बजे से लागू रहेगा।

इन रास्तों से आएंगी कार्यक्रम में शामिल होने वाली बसें

रायसेन रोड की ओर से

पटेल नगर बायपास- पिपलानी पेट्रोल पंप- महात्मा गांधी चौराहा- चेतक ब्रिज- एमपी नगर- पुरानी जेल रोड होते हुए बसें लाल परेड मैदान के सत्कार द्वार पहुंचेंगी। यहां युवाओं को उतारने के बाद बसें पुरानी जेल परिसर मैदान में पार्क होंगी।

नर्मदापुरम रोड की ओर से

11 मील- बागसेवनिया थाना चौराहा- सावरकर सेतु- नए ब्रिज- पुरानी जेल रोड से बसें सत्कार द्वार पहुंचेंगी। युवाओं को उतारने के बाद बसों की पार्किंग पुरानी जेल परिसर मैदान में होगी।

रातीबड़-नीलबड़ की ओर से

रातीबड़- नीलबड़- भदभदा चौराहा- डिपो चौराहा- माता मंदिर- रोशनपुरा चौराहा- गांधी पार्क होते हुए बसें लाल परेड मैदान के विजय द्वार पहुंचेंगी। यहां से युवाओं को उतारकर बसें एमएलए रेस्ट हाउस में पार्क होंगी।

लालघाटी-वीआईपी रोड की ओर से

गांधीनगर- लालघाटी- वीआईपी रोड- पॉलिटेक्निक चौराहा- गांधी पार्क होते हुए बसें विजय द्वार पहुंचेंगी। युवाओं को उतारने के बाद बसों की पार्किंग रवींद्र भवन में होगी।

भारत टॉकीज-लिली टॉकीज की ओर से

भारत टॉकीज- लिली टॉकीज- पीएचक्यू तिराहा होते हुए बसें विजय द्वार पहुंचेंगी। युवाओं को उतारने के बाद बसें सिकंदरिया मैदान, जहांगीराबाद थाना के सामने पार्क होंगी।

आज यातायात के लिए इन रास्तों पर रहेगा डायवर्जन

हमीदिया रोड से रोशनपुरा जाने वाले वाहन संगम तिराहा-बजरिया तिराहा-80 फीट रोड-अशोका गार्डन-प्रभात चौराहा-सुभाष ओवरब्रिज-डीबी मॉल-बोर्ड ऑफिस होकर आवागमन कर सकेंगे।

जिंसी चौराहा से पुराने पीएचक्यू की ओर जाने वाले वाहन लिली चौराहा का उपयोग कर सकेंगे।

एमपी नगर और हबीबगंज से पॉलिटेक्निक, वीआईपी रोड और एयरपोर्ट की ओर जाने वाले वाहन लिंक रोड नंबर-1- रोशनपुरा चौराहा-बाणगंगा चौराहा- पॉलिटेक्निक होकर जा सकेंगे।

इन चौराहों पर लगातार डायवर्जन

कार्यक्रम स्थल पर बड़ी संख्या में लोगों के पहुंचने के कारण यातायात का दबाव बढ़ने की संभावना है। ऐसे में संगम टॉकीज तिराहा, भारत टॉकीज चौराहा, लिली तिराहा, जिंसी चौराहा, थाना एमपी नगर चौराहा, रोशनपुरा और मछली घर से यातायात को आवश्यकता के अनुसार डायवर्ट किया जाएगा।

भोपाल स्टेशन और नादरा बस स्टैंड जाने वालों के लिए

नादरा बस स्टैंड और भोपाल स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-6 की ओर जाने वाले वाहन पॉलिटेक्निक चौराहा- रेतघाट- रॉयल मार्केट- हमीदिया रोड होकर जा सकेंगे।

भोपाल स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर-1 की ओर जाने वाले वाहन सुभाष ओवरब्रिज- प्रभात चौराहा- 80 फीट रोड होकर आवागमन कर सकेंगे।

फैक्ट्री में न आग से बचाव के लिए अग्निशमन यंत्र मिले, न कर्मचारियों के पास कोई सुरक्षा किट मिली

बैरसिया में बड़ी कार्रवाई: क्षमता से ज्यादा बारूद बना लोगों के लिए 'खतरा', पटाखा फैक्ट्री सील

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

त्योहारों से ठीक पहले बारूद के ढेर पर सुरक्षा मानकों की धज्जियां उड़ा रहे पटाखा कारोबारियों पर प्रशासन का शिकंजा कस गया है। बैरसिया के ग्राम बांदीखेड़ी स्थित एक पटाखा फैक्ट्री पर पुलिस और प्रशासन की संयुक्त टीम ने अचानक दबिश देकर भारी गड़बड़ियों का पर्दाफाश किया।

मौके पर अनुमति से कई गुना अधिक विस्फोटक सामग्री जमा पाई गई। मामले की गंभीरता को देखते हुए टीम ने बिना कोई वक्त गंवाए फैक्ट्री को मौके पर ही सील कर दिया।

महिला अधिकारियों के नेतृत्व में औचक कार्रवाई से मचा हड़कंप | बचाव और संचालन से जुड़ी गंभीर अनियमितताएं मिली


फैक्ट्री में बिना सुरक्षा व्यवस्था के काम करते महिला और पुरुष श्रमिक।

टीम ने जैसे ही रखा कदम, सामने नजर आई लापरवाही की बानगी

एसडीएम बैरसिया शिवांगी बघेल, एसडीओपी वैशाली सिंह, तहसीलदार दुर्गा पटले और गुनगा थाना प्रभारी रिंकू जाटव की अगुवाई में संयुक्त टीम जब निरीक्षण करने पहुंची, तो वहां का नजारा सुरक्षा इंतजामों की पोल खोलने वाला था। फैक्ट्री परिसर में तय मानक सीमा से कहीं ज्यादा बारूद का भंडारण किया गया था। केवल भंडारण ही नहीं, बल्कि परिसर में सुरक्षा, आग से बचाव और संचालन से जुड़ी कई अन्य गंभीर अनियमितताएं भी उजागर हुईं।

आसपास की आबादी के लिए बड़ा खतरा

कार्रवाई के बाद अधिकारियों ने साफ लहजे में कहा कि विस्फोटक सामग्री के निर्माण, रखरखाव और भंडारण में जरा सी भी चूक आसपास की आबादी के लिए बड़ा खतरा बन सकती है। प्रशासन की ओर से यह कड़ा संदेश दिया गया है कि जनसुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता है। यदि किसी भी प्रतिष्ठान ने वैधानिक प्रावधानों या सुरक्षा मानकों को ताक पर रखने की कोशिश की, तो उसके खिलाफ इसी तरह बिना किसी रियायत के सीधी और सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

प्रशासन और पुलिस की टीम को निरीक्षण में मिली खामियां


पटाखे सामग्री की जांच करतीं पुलिस व प्रशासन की अधिकारी।

मानसून की विदाई: रात का पारा सामान्य से 2.6 डिग्री नीचे

नमी कम होते ही दिन गर्म एवं रात होने लगी ठंडी, अभी दिन का पारा और बढ़ने के आसार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राजधानी सहित प्रदेशभर से दक्षिण पश्चिमी मानसून की विदाई के साथ ही हवा में नमी तेजी से कम हुई है। शहर में रविवार को सुबह 8.30 बजे तक करीब 58 फीसदी नमी रही, जबकि शाम 5:30 बजे यह 38 प्रतिशत तक पहुंच गई।

यहां दिन का पारा 1.9 डिग्री बढ़कर 35.2 डिग्री रहा, जो सामान्य से 2.7 डिग्री अधिक है। रात का तापमान 18.2 डिग्री दर्ज हुआ। यह नॉर्मल से 2.6 डिग्री कम है। शहर की हवा में नमी घटने और धूप में तेजी से अब दिन में गर्मी का अहसास बढ़ेगा, जबकि रात का पारा गिरने से गुलाबी ठंडक महसूस की जाएगी। मौसम केंद्र के अनुसार अभी मौसम में ज्यादा बदलाव की उम्मीद नहीं है। मौसम विशेषज्ञ एके शुक्ला के अनुसार अगले कुछ दिन में धूप में तेजी और नमी में अभी कुछ और कमी आने से अधिकतम पारा एक से डेढ़ डिग्री तक बढ़ेगा, जबकि रात में एक डिग्री तक और कमी आ सकती है। इस साल अक्टूबर में 36 से 37 डिग्री पर दिन में गर्मी और 13 से 15 डिग्री तक रात में सर्दी का अनुमान है।


स्थान: अटल पथ, समय: शाम 6.21 बजे।

पहाड़ों की बर्फ से बदलेगा सर्द हवाओं का पैटर्न

विशेषज्ञ शुक्ला के अनुसार इस बार पहाड़ों पर भी बर्फबारी जल्दी शुरू हुई है। इससे हवाएं उत्तरी होने से मैदानी इलाकों में तापमान में कमी और बढ़त का पैटर्न जल्दी बदलेगा। अक्टूबर में हवाएं बदलने के साथ ही इस बार कुछ दिन न्यूनतम पारा सामान्य से 3 से 5 डिग्री तक नीचे जाएगा, जबकि दिन में 36 से 37 डिग्री तक अभी पहुंचेगा। इससे कभी दिन में गर्मी बढ़ेगी और कभी रात में ठंडक बढ़ जाएगी।

तेंदुए की तलाश में 5 दिन से जंगल खंगाल रहा वन विभाग

कटारा हिल्स में दो तेंदुए दिखने की सूचना... सर्चिंग में निकले सियार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

कटारा हिल्स से सटे लहारपुर के इकोलॉजिकल पार्क के आसपास तेंदुए की मौजूदगी की सूचना के बाद वन विभाग की टीम पिछले पांच दिनों से लगातार सर्चिंग कर रही है। रविवार को कटारा गांव के ग्रामीणों ने एक बार फिर क्षेत्र में दो तेंदुए दिखाई देने की सूचना वन विभाग को दी। सूचना के बाद टीम ने मौके पर पहुंचकर तलाशी ली, लेकिन वहां तेंदुए नहीं बल्कि सियार मिले।

समरधा रेंज के रेंजर दीपक श्रीवास्तव ने बताया कि रविवार को ग्रामीणों ने दो तेंदुए दिखाई देने की सूचना दी थी। वन विभाग की टीम ने तत्काल क्षेत्र में सर्चिंग की, जिसमें तेंदुए की पुष्टि नहीं हुई और मौके पर सियार पाए गए। वन विभाग की टीमें पिछले पांच दिनों से लहारपुर इकोलॉजिकल पार्क और आसपास के जंगल में तेंदुए की तलाश कर रही हैं। करीब 20 से 25 किलोमीटर के दायरे में अलग-अलग हिस्सों में सर्चिंग की जा रही है। तेंदुए की गतिविधियों पर नजर रखने के लिए जंगल और आसपास के क्षेत्रों में 10 से 12 स्थानों पर ट्रैप कैमरे लगाए गए हैं। रात के समय भी कैमरों के जरिए निगरानी की जा रही है। इसके अलावा वन विभाग की टीम ड्रोन से भी जंगल और आसपास के क्षेत्र का सर्वे कर रही है। हालांकि अब तक तेंदुए की मौजूदगी की पुष्टि नहीं हुई है। सर्चिंग में न तो तेंदुए के पगमार्क मिले हैं और न ही ट्रैप कैमरों में उसकी तस्वीर कैद हुई है।



आठ अक्टूबर से निजी अस्पताल में नहीं मिलेगा आयुष्मान से इलाज

एनएबीएच की अनिवार्यता को लेकर जता रहे विरोध

प्राइवेट हॉस्पिटल संचालकों की चेतावनी: मांगें नहीं मानी तो एक हजार एंबुलेंस लेकर पहुंचेंगे प्रधानमंत्री कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

आयुष्मान योजना का लंबित भुगतान करने, क्लेम रिजेक्शन और एनएबीएच की अनिवार्यता को लेकर जता रहे विरोध राजधानी समेत प्रदेश भर के प्राइवेट हॉस्पिटल संचालकों ने चेतावनी दी है कि अगर उनकी मांगों का निराकरण नहीं तो वह आठ अक्टूबर से आयुष्मान से इलाज बंद कर एक हजार एंबुलेंस लेकर दिल्ली के प्रधानमंत्री कार्यालय पहुचेंगे। निजी अस्पताल संगठनों के आंदोलन केसमर्थन में इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए), यूनाइटेड प्राइवेट हॉस्पिटल्स डायरेक्टर्स एसोसिएशन (यूपीएचडीए) सहित विभिन्न अस्पताल संगठनों ने घोषणा की है कि आठ अक्टूबर से आयुष्मान भारत योजना का बहिष्कार किया जाएगा।


प्रदर्शन करते संचालक।

लंबित भुगतान, क्लेम कटौती बनी समस्या

निजी अस्पतालों के पुराने एवं वर्तमान पोर्टल पर लंबित भुगतान, सीपीडी स्तर पर अटके क्लेम, क्लेम रिजेक्शन और अनावश्यक कटौतियों सहित कई समस्याएं लंबे समय से बनी हुई हैं। शासन के समक्ष समस्याएं रखी, पर समाधान नहीं हो सका। अगर मांगों का निराकरण नहीं हुआ तो दिल्ली के प्रधानमंत्री कार्यालय एक हजार एंबुलेंस लेकर पहुंचेंगे।

डॉ. भजनलाल शरणागत
अध्यक्ष, आईएमए मप्र

उपमुख्यमंत्री की भी नहीं सुनते अधिकारी

निजी अस्पताल लंबे समय से आयुष्मान योजना का लंबित भुगतान, एनएबीएच की अनिवार्यता समाप्त करने की मांग को लेकर अधिकारियों को अवगत करा चुके हैं। उपमुख्यमंत्री राजेंद्र शुक्ल ने स्वास्थ्य आयुक्त को निजी अस्पताल संचालकों की मांगों पर समाधान निकालने के लिए बैठक में बुलाया था, बावजूद इसके स्वास्थ्य आयुक्त व अफसर नहीं आए।

डॉ. विशाल सिंह बघेल
अध्यक्ष, यूपीएचडीए

मरीज का कैशलेस इलाज,कास्टलेस नहीं

वास्तविक मरीज, वास्तविक बीमारी और वास्तविक उपचार के बावजूद केवल तकनीकी या प्रक्रियागत कारणों से वैध क्लेम रोकना उचित नहीं है। मरीज का इलाज कैशलेस हो सकता है, लेकिन कास्टलेस नहीं। अस्पताल से इलाज करवाने के बाद वैध क्लेम रोकना, रिजेक्ट करना किसी भी व्यवस्था के लिए टिकाऊ नहीं है।

डॉ. जीशान अहमद, चेयरमैन
एडवाइजरी, यूपीएचडीए

खबर संक्षेप

20 भव्य झांकियां होगी आकर्षण का केंद्र

औबेदुल्लागंज। दशहरा पर्व मनाने के लिए औबेदुल्लागंज में हिंदू उत्सव समिति के सचिव अमित राय, कार्यकारी अध्यक्ष



अशोक जायसवाल, सुजीत यादव, प्रदीप अरोड़ा, कोषाध्यक्ष बल्लू अरोड़ा, सुधीर कमल ने बताया कि औबेदुल्लागंज में लगभग 20 झांकियां लगेंगी, जिनकी तैयारियां जोरों से चल रही है। दशहरा मैदान की साफ सफाई भी कराई जा रही है। इस साल औबेदुल्लागंज में रावण का पुतला 51 फीट का बनेगा। सचिव अमित राय ने बताया कि औबेदुल्लागंज में सबसे ज्यादा आकर्षण का केंद्र महावीर चोला धारक रहते हैं। हनुमानजी का चोला धारक करने वालों के कारण औबेदुल्लागंज में दशहरा भव्य रूप से मनाया जाता है। यह व्यवस्था हिंदू उत्सव समिति करती है।

नव विवाहिता ने जहरीला पदार्थ पीकर दी जान

भोपाल। बिलखिरिया थाना क्षेत्र स्थित आदमपुर छावनी में नव विवाहिता ने जहरीला पदार्थ पीकर आत्महत्या कर ली। दो दिन पहले शुक्रवार दोपहर उसने जहर पीया था। परिजन उसे जय प्रकाश अस्पताल ले गए थे, वहां से हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया। हमीदिया अस्पताल में एक दिन चले इलाज के बाद शनिवार रात उसकी मौत हो गई। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव पीएम के बाद परिजन को सौंप दिया है। पुलिस के अनुसार रेखा पति लखन नायक (23) आदमपुर छावनी में रहती थी। मूलतः आगर मालवा निवासी रेखा ने लखन से तीन साल पहले शादी की थी। लखन मजदूरी करता है। शुक्रवार सुबह लखन काम पर चला गया था। दोपहर करीब साढ़े 12 बजे भतीजे ने कॉल कर बताया कि चाची उल्टियां कर रही है। लखन फौरन घर पहुंचा और पत्नी को लेकर जय प्रकाश अस्पताल ले गया। डॉक्टर ने हमीदिया अस्पताल रेफर कर दिया। शनिवार रात करीब आठ बजे रेखा की मौत हो गई।

हत्या के प्रयास में फरार इनामी बदमाश गिरफ्तार

भोपाल। टीटी नगर पुलिस ने हत्या के प्रयास के मामले में फरार 5 हजार रुपए के इनामी आरोपी दुर्गेश रावत उर्फ दुग्गा को गिरफ्तार किया है। आरोपी घटना के बाद से फरार था। उसके खिलाफ भोपाल के अलग-अलग थानों में कुल 38 अपराध दर्ज हैं। वह पूर्व से दो स्थायी वारंट में भी फरार था। इसके अलावा थाना मिसरोद में दर्ज हत्या के प्रयास के एक मामले में भी उसकी तलाश की जा रही थी। पुलिस के अनुसार विगत 7 सितंबर की सुबह पंचशील नगर मस्जिद चौराहे के पास वारिस अली उर्फ मुन्ना को पुरानी रंजिश के चलते बुलाया गया था। वहां अंशुल राय उर्फ हनुमान बच्चा, भोला रजक, विकास यादव और दुर्गेश रावत मौजूद थे। सभी ने वारिस के साथ मारपीट की। इसी दौरान भोला रजक ने धारदार छुरी से उसके सिर, दाहिनी जांघ और बाएं कान पर वार कर घायल कर दिया। आरोपियों ने उसे जान से खत्म करने की धमकी भी दी थी। फरार आरोपी की तलाश के दौरान टीटी नगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि दुर्गेश रावत उर्फ दुग्गा जेपी अस्पताल की पार्किंग में खड़ा है। पुलिस टीम मौके पर पहुंची तो आरोपी भागने लगा। घेराबंदी कर उसे पकड़ लिया गया।

सजगता से संभावित दुर्घटना का हुआ बचाव

भोपाल। मध्यप्रदेश पॉवर ट्रांसमिशन कंपनी (एमपी ट्रांसको) में सब स्टेशनों एवं यार्डों के नियमित रात्रिकालीन निरीक्षण की व्यवस्था अब एक कार्यसंस्कृति का रूप ले चुकी है। इसी कार्यसंस्कृति के तहत नर्मदापुरम जिले के सिवनी मालवा स्थित 132 केवी सबस्टेशन में रात्रि कालीन निरीक्षण के दौरान 40 एमवीए क्षमता के पॉवर ट्रांसफार्मर में उत्पन्न हुई असामान्यता का समय रहते पता चल गया। इससे संभावित बुशिंग फेल्योर, उपकरण क्षति, दुर्घटना तथा विद्युत आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका को टालते हुए एक बड़े आर्थिक नुकसान से बचाव किया जा सका।

सड़क हादसे के बाद युवक को एम्स में कराया था भर्ती

सड़क किनारे खड़े टैंकर से टकराई बाइक, युवक की दर्दनाक मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मिसरोद थाना क्षेत्र में सड़क किनारे खड़े टैंकर से बाइक टकराने के चार दिन बाद 22 वर्षीय बीई छात्र उत्कर्ष पाटील की मौत हो गई। 29 सितंबर की रात हुए हादसे में गंभीर घायल उत्कर्ष को एम्स में भर्ती कराया था।

शनिवार रात इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया है। मामले में मर्ग कायम कर हादसे की जांच की जा रही है। पुलिस के अनुसार, रुचि ग्रीनवुड कॉलोनी निवासी उत्कर्ष मूलरूप से नागपुर महाराष्ट्र का रहने वाला था। वह सेज यूनिवर्सिटी में बीई फोर्थ ईयर की पढ़ाई कर रहा था। 29 सितंबर की रात करीब 11:30 बजे वह बाइक से जा रहा था। केंद्रीय विद्यालय के पास अशोका होटल के सामने सड़क किनारे टैंकर खड़ा था। अंधेरे में बाइक टैंकर से जा टकराई।

सूचना मिलते ही परिजन नागपुर से भोपाल पहुंचे



हादसे में उत्कर्ष को गंभीर चोटें आईं और उसे एम्स में भर्ती कराया गया।हादसे के बाद पुलिस ने अस्पताल पहुंचकर उत्कर्ष के बयान भी दर्ज किए थे। चार दिन तक इलाज चलने के बाद शनिवार रात करीब 8:30 बजे उसने दम तोड़ दिया। मौत की सूचना मिलते ही परिजन नागपुर से भोपाल पहुंचे। पुलिस का कहना है कि उत्कर्ष अपने माता-पिता का इकलौता बेटा था। उसके पिता नागपुर में मोबाइल की दुकान चलाते हैं। पुलिस अब हादसे की परिस्थितियों की जांच कर रही है।

सिग्नल रेड होने पर आर्मी ऑफीसर की खड़ी कार में मारी टक्कर

कोहेफिजा चौराहा पर सिग्नल रेड होने पर आर्मी आफीसर की खड़ी कार में पीछे से आ रही कार के चालक ने टक्कर मार दी। कार में टक्कर लगने से ऑफिसर की कार सामने खड़ी कार में टकरा गई। इससे कार का अगला और पिछला हिस्सा बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुआ है। गनीमत रही है कि हादसे में उन्हें और उनकी पत्नी को चोट नहीं आई है। पुलिस के अनुसार वली खान (35) द्वोणांचल टॉप एयरपोर्ट रोड लालघाटी में रहते हैं और आर्मी में आफीसर हैं। शनिवार रात करीब दस बजे वह कार से पत्नी को लेकर द्वोणांचल से कोहेफिजा मेडिकल स्टोर जा रहे थे। कोहेफिजा चौराहा पर पहुंचते ही सिग्नल रेड हो गया। उन्होंने अपनी कार सिग्नल खड़ी कर दी। इसी दौरान पीछे से आ रही कार के चालक ने तेजी और लापरवाहीपूर्वक कार चलाकर उनकी कार में पीछे से टकरकर मार दी। तेज रफ्तार में टक्कर लगने के कारण उनकी कार सामने सिग्नल पर खड़ी अन्य कार से टकरा गई। जिससे आर्मी ऑफिसर की कार का आगे बंपर बोनट और पिछले हिस्से की डिग्गी व लाइट क्षतिग्रस्त हुआ है। वली खान कार से नीचे उतरे तो आरोपी कार चालक नशे में धुत मिला। उसने अपना नाम नोमान अहमद निवासी नन्हीं बी की मस्जिद के पीछे थाना हनुमानगंज बताया।

सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल होने के बाद पुलिस ने धरदबोचा

दिनदहाड़े घर का ताला तोड़कर चोरी पन्नी में जेवर रखता नजर आया चोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

गौतम नगर थाना क्षेत्र स्थित शारदा नगर नारियल खेड़ा में रविवार दिनदहाड़े बदमाश ने सूने मकान का ताला तोड़ लिया। बदमाश घर से नगदी जेवर सहित करीब 60 हजार रुपए का सामान लेकर गया था।

सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। वायरल वीडियो में चोर पन्नी में जेवर निकालने के बाद रखते हुए नजर आ रहा है। वायरल वीडियो के आधार पर पुलिस ने आरोपी को हिरासत में लिया है। पुलिस के अनुसार अनस खान पिता हामिद खान (28) शारदा नगर नारियलखेड़ा में रहती हैं और पशु प्रेमी है। उन्होंने पुलिस को शिकायत करते हुए बताया कि रविवार दोपहर वह घर पर ताला लगाकर बाहर गई थीं। करीब एक घंटे बाद घर लौटी तो घर के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था।

बदमाश ने घर से नगदी, जेवर सहित करीब 60 हजार रुपए का माल किया था साफ



लोगों ने पूछताछ की तो जेवर रखकर चला गया

बदमाश घर से नगदी और जेवर लेकर गया था। उन्होंने घटना की शिकायत थाने पहुंचकर की। पुलिस ने बदमाशों की तलाश कर रही है। इसी दौरान पता चला कि सोशल मीडिया पर वीडियो वायरल हुआ है। वायरल वीडियो में कोई गोलू विश्वकर्मा नामक युवक पन्नी से जेवर निकालने के बाद उसे रखते हुए दिखा है। उससे लोग पूछ भी रहे हैं कि जेवर कहां से लेकर आया, लेकिन वह जेवर रखकर चला गया था।

निवेश के नाम पर राशि दोगुनी करने का झांसा देकर धोखाधड़ी करने वाले 6 आरोपी पुलिस ने किए गिरफ्तार

मंडला जिले में निवेश की राशि कम समय में दोगुनी कर लौटाने का लालच देकर लोगों से राशि प्राप्त करने संबंधी प्रकरण में पुलिस ने छह आरोपियों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने 32 लाख रुपए नकद, तीन स्कूटी, एक मारुति ब्रेजा कार, एक हुंडई अल्काजार कार तथा एक मोबाइल फोन सहित लगभग 66 लाख 50 हजार रूपए की संपति जब्त की है। प्रकरण की जांच में अब तक करीब 1 करोड़ 75 लाख रुपए की धोखाधड़ी संबंधी शिकायतें सामने आई हैं। पुलिस ने गोंदिया, बालाघाट एवं मंडला से छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। जांच के दौरान यह भी सामने आया कि हुंडई अल्काजार कार पूर्व में गिरवी रखी हुई थी, जिसे आरोपियों द्वारा कथित रूप से धोखाधड़ी से प्राप्त राशि में से 11 लाख रुपए नकद देकर छुड़ाया गया था। पुलिस वाहनों एवं वस्तुओं के संबंध में भी जांच कर रही है।

अन्य प्रकरणों एवं वित्तीय लेन-देन की भी जांच

जांच में एक आरोपी के विरुद्ध महाराष्ट्र के नागपुर जिले के नंदनवन थाने में भी धोखाधड़ी का प्रकरण पंजीबद्ध होना सामने आया है। उक्त प्रकरण में आरोपी के जमानत पर होने की जानकारी प्राप्त हुई है। पुलिस प्रकरण में गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ कर निवेशकों की पहचान, राशि, आपसी वित्तीय लेन-देन, अर्जित संपत्तियों तथा धोखाधड़ी से प्राप्त राशि के संबंध में जानकारी जुटाई रही है।

प्रॉपर्टी का विवाद, दुकान का ताला काटा वीडियो बनाने पर मोबाइल झपटा

कोतवाली थाना क्षेत्र स्थित इब्राहिमपुरा में प्रॉपर्टी के विवाद में सगे भाइयों ने भाई से मोबाइल झपट लिया। पुलिस ने भाई की शिकायत पर दो भाइयों के खिलाफ झपटमारी का प्रकरण दर्ज किया है। दरअसल, प्रॉपर्टी का विवाद कोर्ट में चल रहा है। इसी का वीडियो फरियादी के पास था। वीडियो डिलीट करने इरादे से मोबाइल झपटा गया था। तरीका गलत होने के कारण पुलिस को झपटमारी की एफआईआर दर्ज करनी पड़ी। पुलिस के अनुसार सिकंदर मोहम्मद खान, नदीम रोड इब्राहिमपुरा में रहते हैं। उन्होंने पुलिस को बताया कि नदीश खान और इकबाल उनके भाई है। सिकंदर के घर के नीचे दुकान भी है। घर और दुकान को लेकर भाइयों से विवाद चल रहा है। विवाद कोर्ट में विचाराधीन है। नदीश और इकबाल रविवार सुबह सिकंदर के घर पहुंचे और विवाद करने लगे। वह कहने लगे कि तूने हमारा वीडियो बनाया था और मोबाइल झपटकर निकल गए। सिकंदर ने घटना की शिकायत तत्काल पुलिस थाने पहुंचकर की।

स्टेशन बजरिया पुलिस दूसरे आरोपी की तलाश में जुटी

ड्राई-डे पर शराब बेचने की तैयारी में था किन्नर, 54 लीटर अवैध अंग्रेजी शराब जब्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

स्टेशन बजरिया पुलिस ने एक किन्नर को गिरफ्तार कर उसके पास से 54 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की है। जब्त शराब की मात्रा 54 लीटर और कीमत करीब 59 हजार 376 रुपए बताई गई है। आरोपी किन्नर ड्राई-डे गांधी जयंती पर शराब बेचने की फिराक में था। उसे पता था कि शराब दुकानें बंद रहेगी।

पुलिस के मुताबिक विगत एक अक्टूबर को मुखबिर से सूचना मिली थी कि कृष्णा नगर की गली



नंबर-3 स्थित एक मकान में बड़ी मात्रा में अवैध शराब रखी गई है। सूचना पर पुलिस की टीम मौके पर पहुंची ।मकान की तलाशी के दौरान रसोई में सीढ़ियों के नीचे पांच खाकी रंग के कार्टून और एक झोला मिला। कार्टून और झोले की तलाशी लेने पर इनमें अलग-अलग ब्रांड की अंग्रेजी शराब की 72 बोतलें मिलीं। पुलिस पूछताछ में आरोपी ने बताया कि शराब अरविंद कुचबंदिया नामक व्यक्ति ने वहां रखवाई थी। पुलिस के अनुसार, गांधी जयंती पर शराब दुकानों के बंद रहने के दौरान इस शराब को अवैध रूप से बेचकर मुनाफा कमाने और आपस में बांटने की योजना थी। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर उसे न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जेल भेज दिया गया। मामले में बताए गए दूसरे आरोपी अरविंद कुचबंदिया की तलाश की जा रही है।

वीर सावरकर महाविद्यालय में हुआ संवाद कार्यक्रम

सुरक्षित और मजबूत समाज बनाने के लिए युवाओं को साइबर सुरक्षा के प्रति आगे आना होगाः सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

डिजिटल युग में सुरक्षित और मजबूत समाज बनाने के लिए युवाओं को साइबर सुरक्षा के प्रति आगे आना होगा। ऑनलाइन दुनिया में किसी भी संदिग्ध लिंक, अनजान कॉल या मैसेज पर आंख मूंदकर भरोसा न करें। हमेशा रुकें, सोचें और फिर एक्शन लें के सिद्धांत का पालन करें।

यह बात रविवार को वीर सावरकर महाविद्यालय में मप्र जन अभियान परिषद की बीएसडब्ल्यू-एमएसडब्ल्यू पाठयक्रम के स्टूडेंट से संवाद करते हुए टीआई भारत प्रताप सिंह ने कही। सिंह ने कहा कि यदि आपके साथ कोई साइबर फ्रॉड होता है, तो बिना देर किए राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर कॉल करें। सेवा मेरा योगदान गतिविधि के अंतर्गत यह कार्यक्रम आयोजित किया गया।



संबोधित करते टीआई भारत प्रताप सिंह।

कार्यक्रम में जन अभियान परिषद की जिला समन्वयक प्रिया चौधरी एवं ब्लॉक समन्वयक निशा बहेकार ने भी स्टूडेंट को इस संबंध में स्वयं जागरूक बनने और अपने परिवार व दोस्तों को भी ऑनलाइन ठगी से बचाने जागरूकता अभियान चलाने कहा।

इस दौरान सेक्टर प्रभारी सुनिल सेरिया मेंटर प्रेनारायण सोनी, भूपेन्द्र नागर, राहुल नागर, सिद्धार्थ चौहान, रीना पवार, नवांकुर संस्था के प्रतिनिधि एवं स्टूडेंट ने सहभागिता की।

सरकारी जमीनों को लेकर उठे सवाल, जांच की मांग हुई तेज

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

नगर में शासकीय जमीनों और सरकारी प्लॉटों को लेकर कथित अनियमितताओं की चर्चाएं इन दिनों जोर पकड़ रही हैं। आरोप है कि नगर परिषद की फर्जी टैक्स रसीद तैयार कर शासकीय जमीन के लेन-देन का प्रयास किया गया। मामले में प्रशासन द्वारा निष्पक्ष और उच्चस्तरीय जांच कराए जाने की मांग उठ रही है।

स्थानीय स्तर पर कृषि निगम फार्म की जमीन, कन्या शाला की भूमि, वार्ड नंबर-2 जानकी नगर स्थित पार्क की शासकीय जमीन और अर्जुन नगर क्षेत्र की सरकारी जमीन को लेकर भी सवाल उठाए जा रहे हैं। वर्ष 2025-26 में विकसित हुई नई कॉलोनियों की भूमि और उनकी स्वीकृतियों की भी जांच की मांग की जा रही है। वहीं वार्ड नंबर-5 में नाले की जमीन को लेकर भी करीब 80 लाख रुपए के कथित लेन-देन के आरोप चर्चा में हैं। नगर परिषद कार्यालय से महत्वपूर्ण फाइलों और रिकॉर्ड के गायब होने को लेकर भी सवाल उठे हैं। राजस्व निरीक्षक राजकुमार शर्मा को पूर्व में निलंबित किए जाने के बाद अब नगर परिषद की कथित गुम हुई रसीदों और बाजार बैठकी से संबंधित फाइलों की स्थिति को लेकर भी पारदर्शिता की मांग उठ रही है। इनके साथ प्रधानमंत्री आवास योजना से जुड़े कार्यों में भी अनियमितताओं के आरोप लगाए जा रहे हैं।

स्थानीय लोगों की मांग है कि शासकीय जमीनों के रिकॉर्ड, रजिस्ट्री, टैक्स रसीदें, नामांतरण, कॉलोनियों की स्वीकृतियां और नगर परिषद की संबंधित फाइलों की स्वतंत्र जांच कराई जाए। जांच में यदि अनियमितता सामने आती है तो जिम्मेदारों पर कार्रवाई हो

शासकीय माध्यमिक शाला क्रमांक एक में 'मिशन लाइफ'

विद्यार्थियों को ई-वेस्ट के कारण पर्यावरण व लोगों पर दुष्प्रभावों, बचाव की दी जानकारी

साधु वासवानी (स्वशासी) महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने स्कूली बच्चों को दी जानकारी, छात्र-छात्राओं को दिलाया पर्यावरण संरक्षण का संकल्प



कार्यक्रम में उपस्थित विद्यार्थी व शिक्षिक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

साधु वासवानी (स्वशासी) महाविद्यालय के विद्यार्थियों ने शासकीय माध्यमिक शाला क्रमांक एक में 'मिशन लाइफ' के तहत विशेष विस्तार गतिविधि आयोजित कर छात्र-छात्राओं को ई-वेस्ट के मानव स्वास्थ्य एवं पर्यावरण पर पड़ने वाले दुष्प्रभावों की जानकारी दी। विद्यार्थियों ने पुराने मोबाइल, कंप्यूटर, बैटरी व इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों से निकलने वाले हानिकारक तत्वों से होने वाले नुकसान और सुरक्षित निस्तारण के उपाय बताए। साथ ही 'रिड्यूस, रियूज और रिसायकल' (3आर) अपनाने तथा ई-वेस्ट को सामान्य कचरे में न फेंकने का संकल्प दिलाया गया। कार्यक्रम प्राचार्य डॉ. एके सिंह एवं अकादमिक डायरेक्टर डॉ. सुमन मलिक के मार्गदर्शन में हुआ। इस अवसर पर डॉ. अर्चना सिंह, डॉ. सुप्रिया दास, डॉ. मधुलिका सिंह, सुश्री अर्चना चौहान, दीपक सक्सेना, पंकज सगवालिया, राजेश मीणा, लक्ष्मी मीणा उपस्थित रहे। अंत में तुलसी के पौधे एवं स्वल्पाहार वितरित किए गए।

जिनेंद्र भगवान की निकली भव्य शोभायात्रा, जगह-जगह आरती की, श्रीफल समर्पित



शोभायात्रा में भजन पर झूमते श्रद्धालु।

हरिभूमि न्यूज ⏭ औबेदुल्लागंज

स्टेशन रोड स्थित पार्श्वनाथ दिगंबर जैन मंदिर से रविवार को श्री जिनेंद्र भगवान की भव्य विमान शोभायात्रा पूज्य ऐलक श्री दयासागर महाराज के सानिध्य में निकाली गई। प्रातःकाल मंदिर में श्रीजी का अभिषेक एवं शांतिधारा की गई। शोभायात्रा का जगह-जगह आरती एवं श्रीफल समर्पित कर स्वागत किया गया। शोभायात्रा के प्रारंभ होने पर तरुण इंद्रा जैन व संभव जैन ने आरती कर श्रीफल समर्पित किया। सुनील वर्धमान, समता जैन, संजय जैन, शुभम जैन श्रद्धालुओं ने आरती की। मुख्य चौराहे पर पंकज कोठारी, वार्ड 13 पार्षद मनोज चौरसिया एवं सौरभ कोठारी परिवार ने आरती की।



इन्होंने की आराधना

मुख्य रोड पर विजय जैन व सीमा जैन सहित व्यापार महासंघ अध्यक्ष जगदीश चंदानी, सचिव प्रदीप अरोड़ा, अशोक जायसवाल, दिनेश सेन, राजू पटेल, बल्लू अरोड़ा व सुजीत यादव ने आरती कर श्रीफल समर्पित किया। शोभायात्रा बस स्टैंड स्थित कीर्ति स्तंभ पहुंची, जहां आचार्य विद्यासागर महाराज की आरती की गई। शोभायात्रा प्राचीन दिगंबर जैन मंदिर होते हुए आए, जहां पर अनुराग नीति जैन, पवन रवि जैन, रितेश ऋतु जैन, रूपेश सारिका जैन, मीना जैन ने आरती की एवं श्रीफल समर्पित किया।

भारत विकास परिषद की प्रांतीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता आयोजित

धन के साथ संस्कार भी हो, वह कहलाता है लक्ष्मीवानः शांडिल्य महाराज

हरिभूमि न्यूज ⏭ संतनगर

भारत विकास परिषद द्वारा नंदवानी ऑडिटोरियम में प्रांतीय राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस प्रतियोगिता में भारत विकास परिषद के तीन संभागों भोपाल, इंदौर और नर्मदापुरम की सात शाखाओं ने प्रतियोगिता का आयोजन किया था और जिस विद्यालय की टीम प्रथम आई, उन्होंने रविवार को प्रांत स्तरीय समूहगान प्रतियोगिता में हिंदी और संस्कृत के राष्ट्रभक्ति गीतों का प्रस्तुतीकरण किया।

प्रतियोगिता में अहिल्या नगर शाखा का विद्या निकेतन स्कूल प्रथम स्थान पर रहा। द्वितीय एवं तृतीय स्थानों पर क्रमशः एडवांस अकेडमी इंदौर (विवेकानंद शाखा) और नवनिध हासोमल लखानी पब्लिक स्कूल (संत नगर शाखा) रहे। सभी सहभागियों को प्रमाण पत्र और तीनों विजयी स्कूलों को ट्रॉफी व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया गया।

समूहगान प्रतियोगिता में हिंदी और संस्कृत के गूंजे राष्ट्रभक्ति गीत

विजयी स्कूलों को ट्रॉफी व प्रमाणपत्र देकर सम्मानित किया



विजेताओं को पुरस्कृत करते अतिथि।

परिषद समय-समय पर करती है राष्ट्रभक्ति के आयोजन

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सुदेश शांडिल्य, पीठाधीश्वर, करुणाधाम आश्रम ने कहा कि जिसके पास खूब पैसा होता है, वह धनी कहलाता है, किन्तु जिसके पास धन के साथ संस्कार भी हों, वह लक्ष्मीवान कहलाता है। विशिष्ट अतिथि एमआईसी मेंबर राजेश हिंगोरानी ने कहा कि परिषद समय-समय पर राष्ट्रभक्ति के आयोजन करती रहती है, जो विद्यार्थियों में देश प्रेम को बढ़ावा देने के लिए एक अच्छी पहल है। परिषद के पदाधिकारियों सुनील लवंगकर, कमल प्रेमचंदानी, अभिषेक खंडेलवाल एवं विवेक त्रिपाठी राष्ट्रीय समूहगान प्रतियोगिता प्रमुख भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम आयोजक परिषद की संत नगर शाखा के कार्यकारी अध्यक्ष वीएन मोतियानी ने अतिथियों एवं भाग लेने वाली टीमों के विद्यार्थियों का स्वागत किया। कार्यक्रम में भोजराज असुदानी, गुलाब जेठानी, महेश बजाज, हरीश ज्ञानचंदानी, धर्म प्रकाश मोटवानी, हरीश मूलानी, विकास आसनानी, राजकुमार मूलचंदानी, मोहित शेवानी, राजेश बेलानी एवं नागरिकों वासुदेव वाधवानी, सुशील वासवानी, सुरेश राजपाल, बसंत चेलानी, नन्द सन्मुखानी मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन विमल भंडारी और अभिषेक खंडेलवाल व एसी साधवानी ने आभार माना।

क्रोध के क्षणों में क्षमा धारण करना ही सच्चा पुरुषार्थ



फिर शोभायात्रा वापस पार्श्वनाथ मंदिर पहुंची, जहां अभिषेक, शांतिधारा, पूजा एवं आरती संपन्न हुई। इस अवसर पर ऐलक श्री दयासागर महाराज ने प्रवचन में कहा कि धर्म वह तत्व है, जिससे जीवन में सुचिता और पवित्रता का प्रादुर्भाव होता है। क्रोध के क्षणों में क्षमा धारण करना ही सच्चा पुरुषार्थ है। क्षमा सभी धर्मों का निचोड़ है। शोभायात्रा में भोजपुर कमेटी अध्यक्ष विमल राज, पंडित लक्ष्मीचंद, समाज अध्यक्ष सुनील तामोट, इंजीनियर मुकेश जैन, डॉ. मीना तामोट सहित तामोट से अरविंद-पिंकी जैन, मनोज-रीना जैन एवं समाजजन उपस्थित रहे। विमान प्रभारी अंशुल जैन, सह प्रभारी शुभम जैन वर्धमान ने अतिथियों का स्वागत किया।

रोजगार, कौशल, स्वरोजगार, उद्यमिता, नवाचार और उभरती प्रौद्योगिकियां होंगी प्रमुख केंद्र

सीएम डॉ. यादव कल करेंगे 20 हजार युवाओं से सीधा संवाद, युवाओं की आकांक्षाओं को अवसरों के साथ जोड़ेगा सीएम यूथ कॉन्क्लेव-2026

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मप्र की युवा शक्ति की प्रतिभा, आकांक्षाओं और नवाचार को नई संभावनाओं से जोड़ने के उद्देश्य से उच्च शिक्षा विभाग के तत्वावधान में सीएम यूथ कॉन्क्लेव-2026 का आयोजन 6 अक्टूबर को भोपाल के लाल परेड मैदान में किया जाएगा। कॉन्क्लेव में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव 20 हजार से अधिक युवाओं से सीधा संवाद करेंगे।

उच्च शिक्षा मंत्री इन्दर सिंह परमार ने लाल परेड मैदान में कार्यक्रम स्थल, प्रदर्शनी कक्षों सहित आयोजन से जुड़ी विभिन्न व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया। उन्होंने तैयारियों की प्रगति की जानकारी लेते हुए आयोजन से संबंधित व्यवस्थाओं को समय-सीमा में पूर्ण करने तथा युवाओं की सुविधा और कार्यक्रम की सुव्यवस्थित संचालन व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। अपर मुख्य सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन एवं आयुक्त, उच्च शिक्षा प्रबल सिपाहा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं जनप्रतिनिधिगण उपस्थित थे। कॉन्क्लेव में रोजगार, कौशल विकास, स्वरोजगार, उद्यमिता, नवाचार, अनुसंधान तथा उभरती प्रौद्योगिकियों पर विशेष फोकस रहेगा।

सुप्रसिद्ध गायक जुबिन नौटियाल और कबीर कैफे की सुरमई प्रस्तुतियां होंगी विशेष आकर्षण



डॉ. मोहन यादव, मुख्यमंत्री, मप्र

80 से अधिक प्रदर्शनी कक्षों में दिखेगी संभावनाओं की तस्वीर

कॉन्क्लेव में विभागों, संस्थाओं, विश्वविद्यालयों और नवोदित उद्यमों के 80 से अधिक प्रदर्शनी कक्ष लगाए जाएंगे। इनमें रोजगार, प्रशिक्षण, कॅरियर, उद्यमिता, अनुसंधान, प्रौद्योगिकी और शासकीय योजनाओं से संबंधित गतिविधियां प्रदर्शित की जाएंगी। विश्वविद्यालयों द्वारा शिक्षा, नवाचार, अनुसंधान, प्रौद्योगिकी, उद्यमिता, कॅरियर मार्गदर्शन और ड्रोन प्रौद्योगिकी सहित भविष्य की आवश्यकताओं से जुड़े विषयों पर प्रस्तुतियां दी जाएंगी।

विचार से नवाचार और नवाचार से उद्यमिता तक

मप्र स्टार्टअप सेंटर के माध्यम से विभिन्न नवोदित उद्यम अपने उत्पादों और नवाचारों का प्रदर्शन करेंगे। युवा इन नवाचारों के माध्यम से नए विचारों को उत्पाद एवं उद्यम में बदलने की प्रक्रिया को समझ सकेंगे। इससे उन्हें स्वयं का उद्यम स्थापित करने और नए विचारों पर कार्य करने की प्रेरणा मिलेगी। कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई), रोबोटिक्स, ड्रोन प्रौद्योगिकी, अर्धचालक प्रौद्योगिकी, नवीकरणीय ऊर्जा और विद्युत वाहन (ईवी) जैसी उभरती प्रौद्योगिकियां कॉन्क्लेव के प्रमुख विषयों में शामिल होंगी।

कॅरियर से साइबर सुरक्षा तक विविध विषयों पर मार्गदर्शन

आयोजन में कॅरियर मार्गदर्शन, कौशल विकास, मानसिक स्वास्थ्य, स्वास्थ्य, आयुष, उद्योग एवं रोजगार, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, उद्यमिता और साइबर सुरक्षा जैसे विषयों पर विशेषज्ञों एवं संबंधित विभागों की ओर से जानकारी दी जाएगी। पुलिस विभाग के माध्यम से महिला सुरक्षा, साइबर सुरक्षा, यातायात जागरूकता, सामुदायिक पुलिसिंग, जन-सुरक्षा एवं युवा संवाद से जुड़े विषयों पर जागरूकता गतिविधियां भी होंगी।

17 विभागों और विभिन्न संस्थाओं की सहभागिता

आयोजन में 17 शासकीय विभागों एवं विभिन्न संस्थाओं की सहभागिता रहेगी। उच्च शिक्षा, औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्साहन, सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यम, तकनीकी शिक्षा, विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, श्रम, लोक स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा, परिवहन, आयुष तथा पुलिस एवं साइबर सुरक्षा सहित विभिन्न विभाग अपने-अपने क्षेत्र से संबंधित योजनाओं और गतिविधियों से युवाओं को परिचित कराएंगे। मप्र स्टार्टअप सेंटर एवं सेडमैप द्वारा स्वरोजगार, उद्यमिता, कौशल विकास और नवाचार से संबंधित गतिविधियां प्रस्तुत की जाएंगी।

मुख्यमंत्री ने पांढुर्णा में ली जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक

नागरिकों की सुविधा और द्रुत गति से नवीन जिलों का विकास मप्र शासन की प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बड़ी संख्या में युवाओं को उद्योगों और स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि पांढुर्णा सहित प्रदेश के नवीन जिलों के विकास, नागरिक सुविधाओं और जिलों का द्रुत गति से विकास शासन की प्राथमिकता है। यहां के युवाओं को उद्योगों और रोजगार से जोड़ने के लिए उद्योगों को बढ़ावा दिया जाएगा। कृषि और स्किल डेवलपमेंट कार्यक्रम बनाये जाएंगे। यहां पशुपालन और दुग्ध उत्पादन की संभावनाओं को और बढ़ाएंगे। पांढुर्णा जिले के विकास में कोई भी बाधा नहीं आएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव रविवार को पांढुर्णा जिले में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक में अध्यक्षता करते हुए समिति के सदस्यों को संबोधित कर रहे थे। मुख्यमंत्री ने कहा कि पांढुर्णा जिले के नवीन निर्माण कार्यों की स्वीकृतियां लगातार जारी की जा रही हैं। मुख्यमंत्री ने हनुमान लोक के अगले चरण के निर्माण कार्यों में प्रगति की जानकारी प्राप्त की और तीव्र गति से कार्य पूर्ण कराने के निर्देश दिए।



पांढुर्णा में जिला विकास सलाहकार समिति की बैठक की अध्यक्षता करते डॉ. यादव।

हनुमान लोक के लोकार्पण के बाद मासिक आय हुई दोगुनी

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने हनुमान लोक के लोकार्पण के बाद से यहां की औसत मासिक आय 25 लाख रुपए से बढ़कर 60 लाख रुपए हो गई है। प्रथम चरण में हनुमान लोक की 57 दुकानों की नीलामी से लगभग 11 करोड़ रूपये की प्राप्ति हुई है, प्राप्त आय का उपयोग मंदिर और श्रद्धालु सुविधाओं के विकास एवं रख रखाव में किया जा रहा है। बैठक की शुरुआत में जिला विकास सलाहकार समिति के सदस्य छिंदवाड़ा - पांढुर्णा सांसद विवेक बंटी साहू, पूर्व मंत्री नाना भाऊ मोहोड़, पांढुर्णा विधायक निलेश ऊईके और सौंसर विधायक विजय रेवनाथ चौरे ने मुख्यमंत्री का पौधा भेंट कर स्वागत किया।

जिले में अभी तक 112 करोड़ रूपये के विकास कार्य पूर्ण किए

मुख्यमंत्री डॉ. यादव को बैठक में पांढुर्णा जिले के विकास और उपलब्धियों के बारे में बताया गया। जिले में अभी तक 112 करोड़ रुपए के विकास कार्य पूर्ण किए जा चुके हैं, जिनमें मुख्य रूप से सांदीपनि विद्यालय पांढुर्णा, सांदीपनि विद्यालय सौंसर, पुलिस कंट्रोल रूम पांढुर्णा और चमत्कारिक श्री हनुमान मंदिर जामसांवली हनुमान लोक के प्रथम चरण का निर्माण कार्य शामिल है। राज्य शिक्षा केंद्र द्वारा सांदीपनी प्राथमिक शाला पांढुर्णा को स्कूल सर्टिफिकेशन योजना के अंतर्गत गोल्ड अवॉर्ड प्रदान किया गया है। सांदीपनि विद्यालय सौंसर में 1654 विद्यार्थी अध्ययनरत हैं। जिले में कुल 248 करोड़ रुपए की लागत के विकास कार्य निर्माणाधीन हैं, जिनमें विभिन्न शासकीय कार्यालयों, सड़क, पुल, नलजल योजनाओं के कार्य शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने लोकहित परिसर नवीन कलेक्टर कार्यालय भवन पांढुर्णा के प्रस्तावित योजना का अवलोकन किया।

प्रदेश अध्यक्ष ने मैहर सतना में जिला बैठकों को किया संबोधित

पार्टी कार्यकर्ता सरकार और जनता के बीच निभाते हैं सेतु की भूमिका : खंडेलवाल

2003 के पहले के बदहाल मप्र की हकीकत जनता को बताएं



प्रदेश अध्यक्ष खंडेलवालन ने मैहर सतना में जिला बैठकों को किया संबोधित।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल ने रविवार को मैहर एवं सतना में जिला बैठकों को संबोधित किया। उन्होंने सेवा संकल्प अभियान व सेवा सेतु अभियान के तहत नमो सेवा एवं प्रबुद्धजन व्यापारी सम्मेलन को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता आधारित संगठन है। पार्टी कार्यकर्ता सरकार और जनता के बीच सेतु की भूमिका निभाते हैं। कार्यकर्ता वर्ष 2003 से पहले की मप्र की बदहाल स्थिति के संबंध में नौजवानों व जनता को बताएं।

खंडेलवाल ने कहा कि मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में मप्र की भाजपा सरकार मैहर सहित पूरे प्रदेश में उद्योगों को बढ़ावा दे रही है। सरकार धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देकर विरासत भी, विकास की परिकल्पना को साकार कर रही है। भारत विश्व की 11 वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था से चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था वाला देश बना है। प्रधानमंत्री मोदी के दूरदर्शी नेतृत्व में भारत वैश्विक महाशक्ति के साथ विकसित राष्ट्र बनने की ओर अग्रसर है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी की अपनी कोई विचारधारा नहीं है।

भाजपा अध्यक्ष खंडेलवाल आज रीवा एवं मऊगंज प्रवास पर रहेंगे

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष व विधायक हेमंत खंडेलवाल 5 अक्टूबर को रीवा एवं मऊगंज जिले के प्रवास पर रहेंगे। इस दौरान वे विभिन्न सेवा कार्यों में सहभागिता करने के साथ संगठनात्मक बैठकों को संबोधित करेंगे। प्रबुद्धजनों एवं व्यापारियों से संवाद करेंगे।

खंडेलवाल 5 अक्टूबर को सुबह 9.30 बजे रीवा के अटल पार्क में पौधारोपण करेंगे। जिसके बाद रीवा से मऊगंज के लिए प्रस्थान करेंगे। सुबह 11.30 बजे मऊगंज के शगुन मैरिज गार्डन में सेवा संकल्प अभियान के तहत आंगनबाड़ी कार्यकर्ता बहनों से संवाद एवं सम्मान समारोह में शामिल होंगे। दोपहर 12.20 बजे जिला कोर समिति एवं दोपहर 12.45 बजे जिला कार्यसमिति, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, जनप्रतिनिधि, मोर्चा अध्यक्ष व महामंत्रियों की वृहद बैठक को संबोधित करेंगे। भाजपा अध्यक्ष खंडेलवाल दोपहर 2.45 बजे मऊगंज से रीवा स्थित कृष्णा राजकपूर ऑडिटोरियम पहुंचकर सेवा संकल्प अभियान के तहत चित्रकला व भाषण प्रतियोगिता के समापन कार्यक्रम में शामिल होंगे। शाम 4 बजे भाजपा संभागीय कार्यालय, अटल कुंज में जिला कार्यसमिति, मंडल अध्यक्ष, मंडल प्रभारी, जनप्रतिनिधि, मोर्चा अध्यक्ष व महामंत्रियों की वृहद बैठक को संबोधित करेंगे।

सियासतनामा



क्या बदलाव कर पाएंगे नए प्रभारी?

प्रदेश भाजपा के नए प्रभारी बिप्लब देव अपने पहले दौरे में ही पार्टी की कार्यशैली में बदलाव के संकेत दे गए। लेकिन, क्या बिप्लब अपनी यह मंशा पूरी कर पाएंगे? बिप्लब चाहते हैं कि बैनरों में नेताओं की फोटो की जगह सरकार के कामों का उल्लेख ज्यादा हो। स्वागत-सत्कार बुलडोजर और क्रेन की बजाए सादगी से हो। पार्टी में गिफ्ट संस्कृति से तौबा की जाए। किसी भी स्तर पर कोई गुटबाजी, परिवारवाद न हो। सार्वजनिक बयानबाजी न हो। गुटबाजी खत्म करने के लिए उन्होंने 3 माह की समयसीमा भी निर्धारित कर दी। मजेदार बात यह है कि बिप्लब को उनके सामने ही एक बैठक में ही नेताओं के बीच गुटबाजी के दर्शन हो गए।

यह बात गले नहीं उतरती

पूर्व मंत्री नरोत्तम मिश्रा चर्चा में जरूर रहते हैं। पार्टी के नए प्रदेश प्रभारी बिप्लब देव, सह प्रभारी रेखा वर्मा और प्रदेश के नए संगठन महामंत्री चंद्रशेखर के भोपाल दौरे के दौरान भी यह हुआ। वजह रही प्रदेश भाजपा की कोर ग्रुप की बैठक। सदस्य होने के बावजूद नरोत्तम बैठक से नदारद थे। नरोत्तम ने खुद कहा कि उन्हें बैठक की सूचना नहीं दी गई। बिप्लब देव ने कहा कि कोर ग्रुप को छोटा किया गया है। जल्दी इसका पुनर्गठन किया जाएगा। रेखा वर्मा ने कहा कि नरोत्तम से बात की थी लेकिन वे भोपाल से बाहर थे, इसलिए बैठक में नहीं आ सके। सच जो भी हो, लेकिन भाजपा के नए प्रदेश प्रभारी, प्रदेश संगठन महामंत्री पहली बार भोपाल आएं और नरोत्तम भोपाल से बाहर रहें, यह बात गले नहीं उतरती।

बिप्लब-शाह ने कैलाश को दिया महत्व

बिप्लब देव प्रदेश भाजपा कार्यालय पहुंचे तो कैलाश विजयवर्गीय को एक अन्य नेता के साथ दूर खड़े देखा। उन्होंने तत्काल पास बुलाया, फोटो सेशन कराया और गले लगा लिया। इससे पहले जब भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नबीन प्रदेश के पहले दौरे पर इंदौर आए थे तब उन्होंने भी कैलाश के पास रुक कर बात की थी। 2 अक्टूबर को जब केंद्रीय मंत्री अमित शाह भोपाल आए तो आगवानी का अवसर सिर्फ कैलाश को मिला, अन्य नेताओं को वापस कर दिया गया। इससे कैलाश के कद का पता चलता है।

राहुल युवाओं और आदिवासियों को कितना साध पाएंगे?

राहुल गांधी का फोकस मप्र पर ज्यादा बना हुआ है। पहले इंदौर में छात्रों की गूंज कार्यक्रम में आए जहां युवाओं की भारी भीड़ जुटी। इसके बाद 15 दिन के अंदर ही वे बालाघाट आदिवासियों के बीच पहुंच गए, जहां 32 से ज्यादा आदिवासी बच्चों की मौत हुई है। यहां उन्होंने कोई सभा नहीं की और पीड़ित आदिवासियों के बीच जमीन में बैठ कर उनसे बात की। बड़ा सवाल यह है कि चुनाव से पहले राहुल युवाओं और आदिवासियों को कितना साध पाएंगे? ये वर्ग कांग्रेस के वोट बैंक के रूप में परवर्तित होगा या नहीं? इस बार भी राहुल की इस मेहनत का हश्र 'भारत जोड़ो' यात्रा जैसा तो नहीं होगा?

200 सीट का दावा...कुछ हजम नहीं हुआ

कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने दावा कर दिया कि कांग्रेस इस बार 200 से ज्यादा सीटें जीत कर प्रदेश में सरकार बनाएगी। 2003 का विधानसभा चुनाव छोड़ दें तो इतनी सीटें भाजपा भी दुबारा नहीं जीत सकी। विजयपुर और दतिया विधानसभा सीट के उप चुनाव में कांग्रेस की जीत के स्थानीय कारण भी रहे हैं। कांग्रेस ने सत्ता में वापसी का यह सपना पहली बार नहीं देखा, ऐसा हर चुनाव से पहले होता है। 2023 के चुनाव से पहले तो कमलनाथ को उनके समर्थकों ने भावी मुख्यमंत्री के तौर पर प्रचारित किया था। पर जब नतीजा आया तो कांग्रेस हाथ मलती रह गई। इसलिए पटवारी को अभी से बड़े दावे करने की बजाए संगठन को मजबूत करने और लोगों को पार्टी के साथ जोड़ने में ध्यान केंद्रित रखना चाहिए।

दिनेश निगम 'त्यागी'

गिरिराज परिक्रमा यात्रा के पास वितरित

मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान, शिक्षा व्यवस्था पर अरुण यादव का संवाद



मेधावी विद्यार्थियों का सम्मान कार्यक्रम।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

विदिशा रोड स्थित निर्मल गार्डन, रासलाखेड़ी में कांग्रेस नेता मनोज शुक्ला द्वारा मेधावी विद्यार्थियों के सम्मान, प्रदेश की वर्तमान शिक्षा व्यवस्था पर विशेष परिचर्चा तथा 29वें चरण की निःशुल्क ब्रज दर्शन एवं गिरिराज जी परिक्रमा यात्रा के पास वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यक्रम में विभिन्न शैक्षणिक उपलब्धियां हासिल करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। अरुण यादव ने विद्यार्थियों से संवाद करते हुए उनकी उपलब्धियों की सराहना की। उन्होंने विद्यार्थियों से उनकी पढ़ाई, प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारियों और रोजगार की संभावनाओं को लेकर भी सीधा संवाद किया। शिक्षा व्यवस्था पर चर्चा के दौरान पूर्व केंद्रीय मंत्री अरुण यादव ने सरकार पर तीखा हमला बोला। उन्होंने कहा कि युवा वर्षों तक मेहनत कर प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करते हैं। ऐसे में पेपर लीक या परीक्षा निरस्त होने जैसी घटनाएं केवल एक परीक्षा का नुकसान नहीं हैं, बल्कि विद्यार्थियों के समय, मेहनत और भविष्य के साथ खिलवाड़ हैं। सरकार को शिक्षा और परीक्षा व्यवस्था को लेकर जवाबदेही तय करनी चाहिए।

आउटसोर्स कर्मी का केंद ने 15 तो मप्र ने बढ़ाया मात्र 6 रुपए वेतन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रदेश के आउटसोर्स कर्मचारियों के वेतन में केंद्र सरकार ने 15 रुपए और मप्र सरकार ने मात्र छह रुपए की रोजाना वृद्धि किए जाने से नाराज आउटसोर्स कर्मचारी 10 अक्टूबर से आंदोलन करने जा रहे है। ऑल डिपार्टमेंट आउटसोर्स संयुक्त संघर्ष मोर्चे के प्रांतीय संयोजक मनोज भार्गव और संयोजक वासुदेव शर्मा ने बताया कि जब महंगाई चरम पर है तब श्रमायुक्त इंदौर द्वारा मप्र के करीब पांच लाख आउटसोर्स व दैनिक वेतन भोगी कर्मियों का न्यूनतम वेतन माह अक्टूबर 2026 से सवा प्रतिशत वृद्धि कर मात्र 6 रुपए रोज बढ़ाया गया है। जबकि केंद्र सरकार ने केंद्र के आउटसोर्स कर्मियों का न्यूनतम वेतन 15 रुपए रोज बढ़ाया है, यह ऊंट के मुंह में जीरा है। भार्गव के मुताबिक पिछली बार माह अप्रैल 2026 से मप्र के आउटसोर्स का न्यूनतम वेतन दो प्रतिशत बढ़ोतरी कर 275 रुपए प्रति कर्मचारी प्रतिमाह बढ़ाया गया था, पर अब वेतन घटौती कर इसका प्रतिशत घटाकर सवा प्रतिशत किया गया है, जो भारी गिरावट है। इस बार मप्र के अकुशल श्रेणी का 156 रुपए, अर्द्धकुशल का 151 रुपए एवं कुशल का मासिक वेतन प्रतिमाह 144 रुपए बढ़ाया गया है। इस वेतनवृद्धि का आधार सरासर त्रुटिपूर्ण है, बुनियादी वास्तविक बाजार मूल्य के विपरीत है।

■ 10 अक्टूबर से कर्मचारी करेंगे आंदोलन

राम मंदिर से 200-300 करोड़ की चोरी

दिग्विजय ने कहाः राम मंदिर के चंदे से बने भाजपा-आरएसएस के कार्यालय

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह 20 अक्टूबर से महाकाल मंदिर उज्जैन से अयोध्या तक करीब 1000 किलोमीटर की सत्य सनातन स्वाभिमान पदयात्रा करेंगे। उन्होंने कहा कि यह यात्रा धर्म के नाम पर धन कमाने और उसे राजनीतिक हथियार बनाने वालों के खिलाफ है। दिग्विजय ने कहा कि आरएसएस और सावरकर ने सनातन धर्म को हिंदुत्व के नाम पर बिगाड़ दिया। राम मंदिर के चंदे का पैसा बीजेपी-आरएसएस के दफ्तर बनाने और चुनाव में लगाया गया। उन्होंने मंदिर के चढ़ावे में 200-300 करोड़ रुपए की हेराफेरी का भी दावा किया। उन्होंने कहा कि गांधी सनातन धर्म और सनातनी परंपराओं का सम्मान करते थे।



दिग्विजय के बयान पर मंत्री सारंग का पलटवार

पूर्व मुख्यमंत्री दिग्विजय सिंह के बयान पर मंत्री विश्वास सारंग ने पलटवार करते हुए कहा कि दिग्विजय सिंह हर समय सनातन का अपमान करते आए हैं। वे अपनी राजनीतिक रोटी सेंकने के लिए तुष्टीकरण की राजनीति को आगे बढ़ाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि यह वही कांग्रेस के नेता हैं, जिन्होंने राम मंदिर का विरोध किया था। सारंग ने कहा कि दिग्विजय सिंह द्वारा राम मंदिर जैसे आस्था के विषय पर इस तरह की अनर्गल बयानबाजी करना आपत्तिजनक है। बिना किसी तथ्य के आरोप लगाकर वे सनातन धर्मावलंबियों की भावनाओं को ठेस पहुंचा रहे हैं। उन्होंने कहा कि दिग्विजय सिंह को अपने आरोपों के समर्थन में तथ्य और प्रमाण प्रस्तुत करने चाहिए। बिना प्रमाण के इस तरह के गंभीर आरोप लगाना उचित नहीं है और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होनी चाहिए।

सेवा सेतु कैंप में मंत्री शुक्ला रहेंगे मौजूद, 'सेवा सेतु कैंप' होंगे आयोजित

पीएम सूर्य घर योजना को जन-जन तक पहुंचाने के लिए भोपाल और ग्वालियर में आयोजित होंगे 'सेवा सेतु कैंप'

5 अक्टूबर को ग्वालियर 6 अक्टूबर को भोपाल में होंगे कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नवीन एवं नवकरणीय उर्जा मंत्री राकेश शुक्ला ने बताया है कि प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के प्रति नागरिकों को जागरूक करने तथा योजना का लाभ अधिक से अधिक परिवारों तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रदेशभर में 'सेवा सेतु कैंप' आयोजित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि 5 अक्टूबर को ग्वालियर और 6 अक्टूबर को भोपाल में सेवा सेतु कैंप आयोजित होंगे। मप्र मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार 5 अक्टूबर को ग्वालियर के मेला मैदान में तथा 6 अक्टूबर को भोपाल शहर के शाहपुरा क्षेत्र में सेवा सेतु कैंप आयोजित किया जाएगा। कैंप के माध्यम से नागरिकों को प्रधानमंत्री सूर्य घरः मुफ्त बिजली योजना से संबंधित जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी।

प्रधानमंत्री मुफ्त बिजली योजना से संबंधित जानकारी कराई जाएगी उपलब्ध



कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों को जागरूक करना

ग्वालियर में 5 अक्टूबर को मेला मैदान और भोपाल में 6 अक्टूबर को शाहपुरा में आयोजित होने वाले कैंपों में संबंधित अधिकारियों की ओर से आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित की जा रही हैं। कार्यक्रम का उद्देश्य नागरिकों तक योजना की जानकारी को सरल और सहज तरीके से पहुंचाना तथा अधिक से अधिक परिवारों को सौर ऊर्जा के उपयोग के लिए जागरूक करना है। कैंप के दौरान प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना से जुड़े विभिन्न पहलुओं की जानकारी साझा की जाएगी और नागरिकों को रूफटॉप सोलर अपनाने के लिए आवश्यक जानकारियां प्रदान की जाएगी।

नागरिकों को सभी जानकारी एक ही स्थान पर मिलेंगी

प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना के माध्यम से आवासीय क्षेत्र में रूफटॉप सोलर को बढ़ावा दिया जा रहा है। योजना के तहत घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित करने के लिए नागरिकों को योजना से संबंधित सुविधाओं और प्रक्रिया की जानकारी उपलब्ध कराई जाती है। 'सेवा सेतु कैंप' के माध्यम से नागरिकों को योजना की पात्रता, आवेदन प्रक्रिया, रूफटॉप सोलर की स्थापना तथा योजना से संबंधित अन्य आवश्यक जानकारी एक ही स्थान पर उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। कैंप में नागरिक अपनी जिज्ञासाओं और योजना से संबंधित विषयों पर संबंधित अधिकारियों से मार्गदर्शन भी प्राप्त कर सकेंगे।

पेज एक का शेष...

केंद्र की तय ...

(आरबीआई) के माध्यम से ऋण लेती है। सरकार का स्पष्ट रुख है कि ऋण का उपयोग विकास और पूंजीगत परिसंपत्तियों के निर्माण के लिए किया जाए, न कि नियमित राजस्व व्यय के लिए। सरकार ने कहा कि विकास परियोजनाएं समय से पहले पूरी होने से समाज को दूरगामी लाभ मिलते हैं। राज्य सरकारें केंद्र सरकार की ओर से निर्धारित ऋण सीमा के भीतर जरूरत के अनुसार समय-समय पर आरबीआई के माध्यम से ऋण लेती हैं और समय-समय पर उसका पुनर्भुगतान भी करती हैं। इस व्यवस्था के तहत आरबीआई प्रत्येक मंगलवार को नीलामी करती है, जिसमें राज्य सरकारें अपनी जरूरत के अनुसार माह में दो बार भाग लेती हैं। मप्र के लिए यह दिन मंगलवार है।

मप्र की ऋण सीमा...

से स्टेट डेवलपमेंट लोन (एसडीएल) के लिए प्रतिस्पर्धी बोलियां प्राप्त की जाती हैं। इसके तहत आरबीआई के माध्यम से बाजार से न्यूनतम और अनुकूल ब्याज दरों पर ऋण प्राप्त किया जाता है। पूर्व वर्षों में लिए गए ऋणों का शत-प्रतिशत पुनर्भुगतान समय पर हो रहा है।

21 लाख से ...

का लाभ मिला। उन्होंने कहा कि प्रदेश के 21 लाख से अधिक तेंदूपत्ता संग्राहकों को वर्ष 2024 के बोनस के रूप में लगभग 139 करोड़ रुपए से अधिक की बोनस राशि वितरित की जाएगी। मुख्यमंत्री ने जिले के जंगलों की रक्षा में वन विभाग को सहयोग देने वाली 84 वन समितियों के करीब 40 हजार सदस्यों को 26 करोड़ 56 लाख 53 हजार 929 रुपए की काष्ठ लाभांश राशि भी वितरित की।

460 करोड़ के ...

भवन, 14.80 करोड़ रुपए से मंडला में बनने वाले नर्सिंग कॉलेज भवन तथा एक करोड़ रुपए से मंडला में स्थापित होने वाले ट्राइबल मल्टीपर्पज मार्केटिंग सेंटर के भवन निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया।

पार्लियामेंट स्ट्रीट ...

दर्ज कर कार्रवाई करने की मांग की। दिल्ली पुलिस के अनुसार शिकायतों की निष्पक्ष और पारदर्शी जांच सुनिश्चित करने के लिए इन्हें क्राइम ब्रांच को सौंप दिया गया है। महिला पत्रकारों का दावा है कि प्रदर्शनकारियों को हिरासत में लेने के दौरान मौके पर महिला पुलिसकर्मी मौजूद नहीं थीं।

10 अक्टूबर को सीजेपी दिल्ली में प्रदर्शन करेगी: सीजेपी फाउंडर अभिजीत दीपके ने कहा था कि ज्ञानेश कुमार ने इस्तीफा नहीं दिया तो 10 अक्टूबर को पूरे देश से कॉकरोच दिल्ली पहुंचेंगे।

प्रियंका और राहुल...

सुरक्षा को लेकर चिंतित हैं और सत्याग्रह कर रही हैं। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस गृह मंत्रालय के अधीन है, इसलिए गृह मंत्री अमित शाह को इस मामले में जवाब देना चाहिए।

सावित्री ठाकुर के ...

एसडीएम तथा तहसीलदार सहित कई अधिकारियों को बार-बार अवगत कराया, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई। उनका कहना है कि जनता रोज अपनी समस्याएं लेकर उनके पास पहुंचती है, लेकिन प्रशासनिक स्तर पर सुनवाई नहीं होने से लोगों को परेशानी उठानी पड़ रही है। विधायक ने सीएमओ माया मंडलोई की कार्यशैली पर नाराजगी जताई।

पं. शास्त्री बोले:...

से सतर्क और सावधान रहने की अपील करते हुए कहा कि किसी अनजान व्यक्ति के साथ कहीं न जाएं और धाम में अनावश्यक रूप से लंबे समय तक न ठहरें। बागेश्वर धाम का क्षेत्र करीब पांच किलोमीटर में फैला है। मंदिर परिसर और हॉल की व्यवस्था एवं सुरक्षा की जिम्मेदारी धाम प्रबंधन की है, लेकिन पूरे क्षेत्र की सुरक्षा सुनिश्चित करना संभव नहीं है। उन्होंने मंदिर परिसर और निर्धारित हॉल के अलावा किसी अनजान जगह पर जाने से बचने की सलाह दी। वृंदावन सहित अन्य धार्मिक स्थलों पर सामने आई घटनाओं का हवाला देते हुए कहा कि वह नहीं चाहते कि किसी अप्रिय घटना के कारण बागेश्वर धाम या श्री बालाजी महाराज की बदनामी हो।

एशियन गेम्स...

दोहा में आयोजित होंगे। समापन समारोह में भारत की ध्वजवाहक नीरू ढांडा रहीं, जिन्होंने इन खेलों में दो स्वर्ण और एक टीम रजत पदक जीतकर शानदार प्रदर्शन किया। समारोह में 'वन एशिया' यानी एक एशिया का संदेश दिया गया। इसके साथ ही 16 दिन पहले प्रज्वलित की गई खेलों की मशाल बुझा दी गई। जापान के पारंपरिक लोक नृत्य 'बोन ओदोरी' के साथ समारोह का समापन हुआ। दोहा 2030 को 'द गेम्स वी लिव फॉर' थीम के साथ पेश किया गया। एशियन गेम्स 2026 में भारत के 495 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। भारतीय दल ने 36 खेल स्पर्धाओं में कुल 85 पदक जीते। इनमें 21 स्वर्ण, 27 रजत और 37 कांस्य पदक शामिल हैं। भारत पदक तालिका में चौथे स्थान पर रहा।

वोट देने के ...

स्थित नालसर यूनिवर्सिटी ऑफ लॉ (एनएएलएसएआर) में नेशनल मूट कोर्ट प्रतियोगिता के समापन समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि नागरिकता और मतदान का अधिकार एक-दूसरे से जुड़े हुए हैं। किसी भारतीय नागरिक को वोट देने के अधिकार या मतदाता सूची में शामिल होने से वंचित करना उसे अपने ही देश में दूसरे दर्जे का नागरिक बनाने जैसा होगा। उन्होंने इसकी तुलना शरीर से आत्मा निकालने से की।

संविधान से ऊपर कोई प्राधिकरण नहीं: जस्टिस भुइयां ने कहा कि मतदान का अधिकार देश के स्वतंत्रता संघर्ष और नागरिकों के बलिदान से जुड़ा है। संविधान के मूल सिद्धांतों के विपरीत किसी प्रक्रिया को स्वीकार नहीं किया जा सकता। कोई भी संस्था या प्राधिकरण संविधान से ऊपर नहीं है। उन्होंने छात्रों को प्रतिभाशाली, निडर और साहसी बताते हुए कहा कि उन्होंने देश और दुनिया के सामने विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों, विशेषकर कानून के छात्रों की क्षमता का उदाहरण पेश किया है।

अनुच्छेद 326 और...

तर्कहीन या अनुचित प्रावधान नहीं बनाने चाहिए, जो मतदान के अधिकार को सीमित करें। कानून के मामले में यह सिद्धांत लागू होता है, तो किसी प्रशासनिक प्रक्रिया पर भी इसकी जिम्मेदारी उतनी ही, बल्कि अधिक है। उन्होंने सार्वभौमिक वयस्क मताधिकार का उल्लेख करते हुए कहा कि लिंग, नस्ल, धर्म, संपत्ति, शिक्षा या सामाजिक स्थिति के आधार पर नागरिकों के बीच भेदभाव नहीं किया जा सकता, सिवाय सीमित और उचित अपवादों के। उन्होंने संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आंबेडकर के भाषण का हवाला देते हुए कहा कि मतदान के अधिकार को संवैधानिक संरक्षण मिलना चाहिए, इसे संसदीय कानून के भरोसे नहीं छोड़ा जाना चाहिए।

सीईसी ज्ञानेश....

उस समय कथित अनियमितताओं से जुड़े मामले की जांच में कोई बाहरी दबाव डाला गया था या नहीं। यह मामला केरल स्टेट ट्रांसपोर्ट प्रोजेक्ट के तहत एमसी रोड के उन्नयन कार्य से जुड़ा है। इस परियोजना में शामिल पीएटीआई-बीईएल कंसोर्टियम से जुड़े मलेशियाई सिविल इंजीनियर ली सी बीन की आत्महत्या से भी इसका संबंध बताया जा रहा है। कथित सुसाइड नोट में ज्ञानेश कुमार का नाम आया था। हालांकि, आरोपों की सच्चाई और उस समय की घटनाओं का खुलासा जांच के बाद ही हो सकेगा।

बेटी क्रांति ने अपनी प्रतिभा से देश-प्रदेश का बढ़ाया मान-सम्मान

मंत्री सारंग ने की एशियन गेम्स की स्वर्ण पदक विजेता क्रिकेटर क्रांति गौड़ से मुलाकात

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



सहकारिता, खेल और युवा कल्याण मंत्री विश्वास कैलाश सारंग ने रविवार को एशियन गेम्स 2026 में महिला क्रिकेट में स्वर्ण पदक जीतकर देश एवं मध्यप्रदेश का गौरव बढ़ाने वाली प्रदेश की प्रतिभाशाली क्रिकेटर क्रांति गौड़ से भोपाल में मुलाकात की। मुलाकात के दौरान मंत्री सारंग ने उन्हें उनकी शानदार उपलब्धि के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दीं तथा उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। मंत्री सारंग ने कहा कि मध्यप्रदेश की बेटी क्रांति गौड़ ने अपनी प्रतिभा, कड़ी मेहनत और दृढ़ संकल्प के बल पर एशियन गेम्स में स्वर्ण पदक जीतकर पूरी दुनिया में प्रदेश का मान बढ़ाया है। प्रदेश के एक छोटे से गांव से निकलकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर देश का प्रतिनिधित्व करना और स्वर्ण पदक हासिल करना उनकी असाधारण प्रतिभा एवं अथक परिश्रम का प्रमाण है। उन्होंने कहा कि क्रांति गौड़ की यह उपलब्धि मध्यप्रदेश की लाखों बेटियों के लिए प्रेरणादायी है। उन्होंने यह साबित किया है कि प्रतिभा और मेहनत के दम पर प्रदेश की बेटियां किसी भी ऊंचाई को हासिल कर सकती हैं।

भारतीयों ने बढ़ाया गौरव

मंत्री सारंग ने कहा कि एशियन गेम्स में भारतीय खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन करते हुए देश का गौरव बढ़ाया है। खिलाड़ियों की मेहनत, समर्पण और उत्कृष्ट प्रदर्शन ने तिरंगे की शान को और ऊंचा किया है। मंत्री सारंग ने कहा कि प्रदेश में खेल प्रतिभाओं को बेहतर अवसर, आधुनिक खेल अधोसंरचना और आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के लिए निरंतर कार्य कर रही है, ताकि प्रदेश के खिलाड़ी राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें।

डॉ. गोविन्द नारायण सिंह 'दाऊ साहेब' इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता शुरू

सेंट जोसेफ ने 69 रन से और बाल भवन 6 विकेट से जीता



हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बीडीसीए के तत्वावधान में आयोजित डॉ. गोविन्द नारायण सिंह 'दाऊ साहेब' इंटर स्कूल क्रिकेट प्रतियोगिता में खेले गए मुकाबलों में सेंट जोसेफ स्कूल और बाल भवन स्कूल ने शानदार जीत दर्ज की। सेंट जोसेफ ने आईपीएस को 69 रन से, बाल भवन ने आइकॉनिक स्कूल को 6 विकेट से हराया। सेंट जोसेफ स्कूल ने 24.1 ओवर में 172 रन बनाए। आईपीएस के सूर्यांश एम. तथा मन्न कुमार ने 2-2 विकेट, जबकि श्रेयांश के., अनय जैन और प्रकाश शर्मा ने भी 1-1 विकेट लिए। जवाब में आईपीएस की टीम 23.5 ओवर में 103 रन बनाकर आउट हो गई। इनमें दिवाकर दुबे ने 29 और मन्न कुमार ने 26 रन बनाए। सेंट जोसेफ के गेंदबाजों ने सधी हुई गेंदबाजी से विपक्षी टीम को रोक दिया। इस तरह सेंट जोसेफ ने 69 रनों से मुकाबला अपने नाम किया।

बाल भवन ने आइकॉनिक स्कूल को 6 विकेट से दी शिकस्त

दूसरे मुकाबले में आइकॉनिक स्कूल ने 114 /10 रन बनाए। तेजस लोधी ने 45 और युवराज बी. ने 29 रन बनाए। बाल भवन के मोहम्मद अली के. ने 3 विकेट झटके। यजान खान और सुहान यूसुफ को 2-2 विकेट मिले। जबवा में बाल भवन की टीम के प्रायाग जे. ने 56 रन की पारी खेलकर टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। बाल भवन ने 17.3 ओवर में 4 विकेट खोकर 120 रन बनाकर मुकाबला 6 विकेट से जीत लिया। प्रतियोगिता का शुभारंभ बीडीसीए अध्यक्ष ध्रुव नारायण सिंह ने सचिव शांति कुमार जैन और जुनैद किदवई, अविनाश पाठक, मुजीबउद्दीन, अरविन्द वर्मा, सुरेश चैनानी, अमिताभ वर्मा एवं मुकुल लोखंडे की उपस्थिति में किया।

प्री सारंग लीग अंडर -15 क्रिकेट टूर्नामेंट

रोमांचक मैच में वीएस अकादमी ने अरेरा को 5 विकेट से हराया

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



गौतम नगर खेल मैदान पर विश्वास सारंग क्रिकेट अकादमी द्वारा आयोजित प्री सारंग लीग अंडर - 15 क्रिकेट टूर्नामेंट में रविवार को वीएस क्रिकेट अकादमी और अरेरा क्रिकेट अकादमी के बीच खेले गए 40 ओवर के मुकाबले में वीएस अकादमी ने 5 विकेट से रोमांचक जीत दर्ज की। अरेरा ने 3 विकेट पर 243 रन बनाए। युवराज सिंह ठाकुर ने 130 रन की नाबाद पारी खेली, विवान द्विवेदी ने 28 और विराज चतुर्वेदी ने 14 रन बनाए। वीएस के वंश बाथम ने 2, प्रियांश लोधी ने 1 विकेट लिया। जवाब में वीएस अकादमी ने 39.2 ओवर में 5 विकेट खोकर 244 रन बनाकर मैच जीत लिया। जीत के नायक अभिषेक रहे, जिन्होंने शानदार 116 रन की नाबाद पारी खेली। वंश बाथम ने 44 रन की पारी खेलीा। मैन ऑफ द मैच का अवार्ड अभिषेक यादव को दिया गया, जबकि स्पोर्ट्स एज फाइटर ऑफ द मैच का अवार्ड युवराज सिंह ठाकुर को दिया गया।

:: PUBLIC NOTICE ::

Notice is hereby given to the general public that unclaimed iron tower materials and scrap are currently lying on the land bearing **Khasra No. 802**, situated near the Tehsil Office, Anuppur, Madhya Pradesh, owned and lawfully possessed by my client **Mr. Shriram Shrivastav.**

Any person, government department, or private organization claiming ownership or interest in the aforementioned iron tower/scrap is hereby requested to submit valid documentary proof of ownership in person at my office and remove the material at their own cost within **seven (7) days** from the date of publication of this notice.

If no valid claim is received within the specified period, the landowner reserves the absolute right to shift or remove the scrap from the premises strictly for the purpose of securing and fencing the property, without assuming any ownership, custody, or financial/legal liability regarding the material.

Issued on behalf of Mr. Shriram Shrivastav

By Counsel's:
MAYUR PANDEY,
Raipur, Contact: 7509000095
PRANAV,
Anuppur, Contact: 8878835660

एमटीएफसी भोपाल की टीमें जीती



भोपाल। पोलो ग्राउंड, श्रीनगर में पहले मास्टर्स हॉकी टूर्नामेंट में एमटीएफसी, भोपाल की 50+ और 40+ ऐज ग्रुप की दोनों टीमों ने अपने पहले मुकाबलों में जीत दर्ज की। 50+ टीम ने आज अपने पहले मैच में पंजाब को 3-1 से हराया। टीम की ओर से इंटरनेशनल प्लेयर अल्ताफुर रहमान, अमजद खान और मुजीबुल गनी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए एक-एक गोल किया। वहीं शमशेर खान का बेहद सराहनीय रहा। दूसरी ओर 40+ टीम ने भी तमिलनाडु को पहले मुकाबले में थोड़ा संघर्ष के बाद 3-0 से हरा दिया। विजेता टीम की ओर से ओसाफुर रहमान, मोबीनुर रहमान और मेराजुद्दीन ने एक-एक गोल किया। असद कमाल के प्रदर्शन को मैदान पर उपस्थित दर्शकों ने काफ़ी सराहा। स्पर्धा में भाग लेने जाने से पूर्व भोपाल में आयोजित समारोह में मप्र शासन के पूर्व मंत्री दीपक जोशी और स्पोर्ट्स प्रमोटर मोहम्मद तारिक ने टीम को किट प्रदान कर अच्छे प्रदर्शन के लिए शुभकामनाएं दी थीं।

हरिभूमि क्लासीफाइड
आवश्यकता है · खरीदना है · बेचना है · व्यापार · चिकित्सा · ज्योतिष · डिस्प्ले विज्ञापन
संपर्क सूत्र : 9407279644

आवश्यक सूचना
पाठकों से अनुरोध है कि वे समाचार में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में किसी भी प्रकार का कदम उठाने (धन भेजने, लोन संबंधित, चिकित्सकीय सलाह, विवाह संबंधित अथवा अनुबंध) से पहले अच्छी तरह जाँच पड़ताल कर लें। किसी भी उत्पाद या सेवायें के संबंध में किये किसी विज्ञापन दाता के किसी प्रकार के दावों की हरिभूमि की जिम्मेदारी नहीं होगी। प्रकाशक संपादक और हरिभूमि के स्वामी किसी विज्ञापन के संबंध में उठाये किसी कदम के नतीजे और विज्ञापन दाताओं के अपने वायदों पर खरा न उतरने के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे।
- व्यवस्थापक

हरिभूमि भोपाल बाजार
खबरों के साथ ही नहीं, विचार भी
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें
मो. 9407279644

प्लाट मात्र 3,55,000 हजार में आसान किश्तों पर
साईट:- 220 फिट रिंग रोड न्यू बायपास से लगी हुई
डायवर्सन एवं NOC एप्रूव्ड
आफिस इंडिया प्रोपर्टी करेंद भोपाल
मो. 7772079910

प्लॉट मात्र 16 लाख में
फाईनेंस सुविधा उपलब्ध है
T&C
साईड 220 फीट न्यू जेल रोड, संमीप
मो. 8962979924
9755905247

हरिभूमि
आम सूचना, कोर्ट नोटिस, इश्तहार, जाहिर सूचना
@ Rs. 1200/-
साइज (फिक्स) 12X4 cm
अन्य साईज में
@ Rs. 40 sq.cm
1 अप्रैल 2025 से लागू
बुकिंग के लिए संपर्क करें।
मो. 9407279644

Medical Help Line
विज्ञापन के लिए सम्पर्क करें : मो.9407279644

नये दागों का आना तुरन्त बंद
सफेद दाग
चर्म रोग, पित्ते की पथरी, गुर्दे की पथरी
44 वर्षो का होम्योपैथिक चिकित्सा सेवा का अनुभव
Timing 10:30 am to 8:00 pm
Dr. Safi's HOMEOPATHIC CLINIC
कृपया फोन पर अपॉइंटमेंट लें।
M. 9425006131, 8871714432
सौलत मंज़िल पुरानी कज़ियात के सामने मोती मस्जिद भोपाल

बेचना है
बिलासपुर सकरी मेन रोड से दो कदम दूर पूर्ण विकसित कॉलोनी में सीसी रोड नाली, पानी, बिजली, सर्वसुविधायुक्त सहित नॉर्थ फेसिंग प्लॉट 100×50= 5000 वर्गफुट बेचना है सम्पर्क करें- 7898855268 (41750)
(RO-41750) 02/09/26 to 05/10/26

नाम परिवर्तन
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम मूलचंद अहिरवार पुत्र श्री छुट्टा (MULCHAND AHIRWAR S/O CHHUTTA) निवासी ग्राम जीवाजीपुर तहसील व जिला विदिशा मध्य प्रदेश परंतु मेरे आधार कार्ड में त्रुटि बस नाम मुल्ला पुत्र श्री छुट्टा (MULLA S/O CHUTTA) अंकित हो गया है जो की अधूरा व गलत है एवं मेरा वास्तविक सही नाम मूलचंद अहिरवार पुत्र श्री छुट्टा (MULCHAND AHIRWAR S/O CHHUTTA) है जो कि मेरे बोटर आईडी कार्ड मे सही नाम दर्ज होने से प्रमाणित है। प्रकाशन उपरान्त मेरा नाम मूलचंद अहिरवार पुत्र श्री छुट्टा (MULCHAND AHIRWAR S/O CHHUTTA) के नाम से जाना पहचाना व पढ़ा जाये

छोटा लिंग निराश क्यों? जोश जगा दे धूम मचा दे।
18 से 80 वर्ष तक लाभदायक
लिंगको 8-9 ईन्च लम्बा मोटा, कठोर बनाये। सैक्स टाइम 30 से 45 मिनट बढाएं।
नसों की कमजोरी नामर्दी, धातु का पतलापन, शुगर, बी.पी. में भी जबरदस्त लाभदायक।
घर बैठे मंगवाये।
लाभ नही तो पैसे वापिस।
09083218330
R-30-07-2026,to 11-08-26
SUNDAY HOLD

राशिफल

मेष — मन में नकारात्मक विचारों से बचें। बातचीत में सन्तुलन बनाये रखें। नौकरी में कार्यक्षेत्र में बदलाव हो सकता है। माता का सानिध्य मिलेगा।

वृष — व्यर्थ के क्रोध से बचें। नौकरी में अफसरों से सद्भाव बनाकर रखें। तरक्की के अवसर मिल सकते हैं। संगीत में रुचि हो सकती है।

मिथुन — भागदौड़ अधिक रहेगी। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। अनियोजित खर्चों में वृद्धि हो सकती है। अचानक धन प्राप्ति के योग बन रहे हैं।

कर्क — क्रोध के अतिरेक से बचें। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। नौकरी में कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है। परिश्रम अधिक रहेगा।

सिंह — नौकरी में तरक्की के लिए साक्षात्कारादि कार्यों में सफलता मिलेगी। यात्रा पर जाना हो सकता है। संयत रहें। क्रोध के अतिरेक से बचें।

कन्या — धार्मिक संगीत में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार का विस्तार हो सकता है। परिश्रम अधिक रहेगा। नौकरी में तरक्की के मार्ग प्रशस्त होंगे।

तुला — व्यर्थ के क्रोध एवं वाद-विवाद से बचें। स्वभाव में चिड़चिड़ापन रहेगा। धन की स्थिति सन्तोषजनक रहेगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी।

वृश्चिक — क्रोध एवं आवेश के अतिरेक से बचें। आत्मविश्वास से लबरेज रहेंगे। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। माता से धन की प्राप्ति हो सकती है।

धनु — पठन-पाठन में रुचि रहेगी। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। भाग-दौड़ अधिक रहेगी। खर्च अधिक रहेंगे। स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

मकर — आलस्य की अधिकता रहेगी। कारोबार का विस्तार होगा। लाभ के अवसर मिलेंगे। कार्यक्षेत्र में परिश्रम अधिक रहेगा। बहन-भाइयों का सहयोग मिलेगा।

कुंभ — कुटुम्ब-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। कुटुम्ब के किसी बुजुर्ग से धन की प्राप्ति हो सकती है। आय में वृद्धि होगी। बातचीत में संयत रहें।

मीन — शैक्षिक कार्यों में मन लगेगा, परन्तु शैक्षिक कार्यों में कठिनाई भी आ सकती है। जीवनसाथी से मतभेद बढ़ सकते हैं। सुखद समाचार मिलेगा।

शब्द पहेली - 6368



बाएँ से दाए
1. जाति, समाज, बुंधता-4
3. स्वयंवर माला, जीत-4
6. चूहे का घर-2
7. स्थिर, टिका हुआ-3
8. पार्थिव देह, लाश-2
10. सुवासित करना-4
11. थोड़ा, कम-2
13. मोटा आटा, दानेदार-4
15. गौरव, अभिमान-3
17. विष्णु, नारायण-4
20. वाहन, गाड़ी, जहाज-2
21. होशियार, दक्ष-3
23. उचित, सही-3
25. जया भादुड़ी व अमिताभ की फिल्म-2
26. करिश्मा, करतब-4
29. भर्त्सना, धिक्कार-3
31. गुलाम, परतंत्र-4
32. बेल, लतिका-2
34. आश्चर्य-4
35. नांद, टप-2
37. मग्नता-3
39. मछली-2
40. कुशलपूर्वक, सुरक्षित-4
41. मित्रतापूर्ण-4

ऊपर से नीचे
1. विधेयक, देयक-2
2. विजयादशमी-4
3. जीत, विजय-2
4. जुड़वा-3
5. शव, मृत शरीर-2
6. बंधु, सजातीय, भाई-4
7. एक आंख वाला-2
9. मौजूदा, आधुनिक-4
10. मदमस्त-4
12. धुन, लय, सुर-2
14. इच्छा, कामना-2
16. सुर साधना-3
18. भगवान कृष्ण का गरीब मित्र-3
19. छुट्टी, अवकाश-2
21. अच्छे कुल का-3
22. भाग्य (अंग्रेजी-2)
24. यम, मृत्यु का देवता-4
25. अपमिश्रण, खोट-4
27. निशा, रात्रि-2
28. कहासुनी, कलह-4
30. तल्ला, पैंदा-2
31. गुलामी, पराश्रित-4
33. शिक्षा (उर्दू-3)
34. अदा करना, चुकाना-2
36. एक सवारी गाड़ी-2
38. झुका हुआ-2
39. दोस्त, सखा-2

शब्द पहेली- 6367 का हल

प	व	न	कु	मा	र	■	म	क	ब	रा
ला	न	■	त	■	स	ली	का	■	स	त
य	■	प	र	वा	ना	■	न	न	■	हि
न	का	र	ना	■	■	क	■	म	हा	न
वा	■	ख	■	स	ह	ल	ज	■	ज	■
दी	वा	ना	प	न	■	प	र	व	री	श
■	जि	■	र	स	ले	ना	■	न	■	री
ग	ब	न	■	नी	■	■	अ	वा	न्त	र
ज	■	शा	न	■	आ	ब	नू	स	■	र
रा	ज	■	ज	टा	यु	■	रू	■	क	क्ष
ज	ल	च	र	■	ध	मों	प	दे	श	क

सूडोकु नवताल - 6378

कठिनतम

				6	8	5		
	1						2	
		2						8
			4					9
6				5				1
2					3			
5						3		
	8						6	
		4	9	1				

MANGAL SENACHA, BANGALORE

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

सूडोकु नवताल - 6377 का हल

2	4	6	7	9	3	5	8	1
3	1	5	2	8	6	4	7	9
7	8	6	1	5	4	2	3	6
6	5	7	9	3	8	1	4	2
9	3	1	4	7	2	8	6	5
4	2	8	6	1	5	7	9	3
1	9	2	3	4	7	6	5	8
5	7	3	8	6	1	9	2	4
8	6	4	5	2	9	3	1	7

खबर संक्षेप

अनूप कुमार होंगे कोटक महिंद्रा बैंक के नए एमडी



मुंबई । भारतीय रिजर्व बैंक ने अनूप कुमार साहा की कोटक महिंद्रा बैंक के प्रबंध निदेशक और सीईओ के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। साहा 1 जनवरी 2027 से तीन साल के लिए यह जिम्मेदारी संभालेंगे। फिलहाल वे बैंक में पूर्णकालिक निदेशक के पद पर कार्यरत हैं। नियुक्ति को औपचारिक रूप देने के लिए बैंक के निदेशक मंडल की प्रक्रिया के बाद शेयरधारकों की मंजूरी ली जाएगी।

चित्तिलापल्ली बने वी-गार्ड के मैनेजिंग डायरेक्टर



नई दिल्ली। कंपनी वी-गार्ड इंडस्ट्रीज लिमिटेड ने मिथुन के. चित्तिलापल्ली को कंपनी का नया चेयरपर्सन और मैनेजिंग डायरेक्टर नियुक्त किया है। कंपनी के निदेशक मंडल ने उनकी नियुक्ति को मंजूरी दी। वे वर्ष 2012 से कंपनी के मैनेजिंग डायरेक्टर के रूप में कार्यरत हैं। चेयरपर्सन और स्वतंत्र निदेशक राधा उन्नी का दूसरा और अंतिम कार्यकाल पूरा होने के बाद मिथुन को यह अतिरिक्त जिम्मेदारी सौंपी गई है।

योगिता बना रही पुराने जींस से रोजगार की नई राह



मुंबई। पुराने और बेकार पड़े जींस को लैंडफिल में जाने से बचाकर उससे महिलाओं के लिए रोजगार के अवसर पैदा करने की पहल महाराष्ट्र की 21 वर्षीय नवोन्मेषक योगिता किशोर कर रही हैं। करीब डेढ़ वर्ष से इस विचार पर काम कर रहीं योगिता का चयन सैमसंग सॉल्व फॉर टुमॉरो 2026 के शीर्ष 20 दलों में हुआ है। वह विचार का प्रारूप तैयार कर बड़े स्तर पर लागू करने की संभावनाएं तलाश रही हैं।

एचडीएफसी बैंक के नए एमडी होंगे अनूप बागची



मुंबई। निजी क्षेत्र के बैंक एचडीएफसी बैंक को नया मैनेजिंग डायरेक्टर (एमडी) और चीफ एग्जीक्यूटिव ऑफिसर (सीईओ) मिल गया है। बैंक ने 1 अक्तूबर को बताया कि भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) की मंजूरी के बाद अनूप बागची को बैंक का नया एमडी और सीईओ नियुक्त किया गया है। वह 27 अक्तूबर 2026 से पदभार संभालेंगे।

टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स 2027 में गलगोटिया विश्वविद्यालय

'द रैंकिंग' में गलगोटिया विश्वविद्यालय की ऊंची उड़ान, भारत में 24 पायदान चढ़कर 41वें स्थान पर

हरिभूमि न्यूज ⏭ ग्रेटर नोएडा

टाइम्स हायर एजुकेशन (द) वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स 2027 में गलगोटिया विश्वविद्यालय ने बड़ी छलांग लगाई है। विश्वविद्यालय ने पिछले साल की तुलना में 24 पायदान की बढ़त दर्ज करते हुए भारत के सरकारी और निजी विश्वविद्यालयों में 41वां स्थान हासिल किया है। 2026 की रैंकिंग में विश्वविद्यालय 65वें स्थान पर था। निजी विश्वविद्यालयों और संस्थानों की श्रेणी में भी गलगोटिया सात पायदान ऊपर चढ़कर 27वें से 20वें स्थान पर पहुंच गया है। वैश्विक स्तर पर भी विश्वविद्यालय की स्थिति मजबूत हुई है। द रैंकिंग में गलगोटिया 2026 के 1201-1500 बैंड से बढ़कर 2027 में 1001-1200 बैंड में पहुंचा है। इस वर्ष रैंकिंग में 118 देशों और क्षेत्रों के 2,297 विश्वविद्यालय शामिल किए गए हैं।

संस्थान को आईसीएसएसआर, एएनआरएफ, सीएसआईआर और एसईआरबी जैसी एजेंसियों से 15 सरकारी वित्तपोषित शोध परियोजनाएं भी मिली

गलगोटिया 2026 के 1201-1500 बैंड से बढ़कर 2027 में 1001-1200 बैंड में पहुंचा, 118 देशों और क्षेत्रों के 2,297 विश्वविद्यालय शामिल

क्यूएस रैंकिंग में भी मजबूत मौजूदगी



गलगोटिया विश्वविद्यालय परिसर

गलगोटिया विश्वविद्यालय ने क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स 2027 में भी 1201-1400 वैश्विक बैंड में जगह बनाई है। यहां विश्वविद्यालय भारत के निजी विश्वविद्यालयों में 16वें, देश के सभी विश्वविद्यालयों में 46वें और उत्तर प्रदेश के निजी विश्वविद्यालयों में तीसरे स्थान पर रहा। विश्वविद्यालय के अनुसार, उसकी बढ़ती रैंकिंग के पीछे शोध और नवाचार पर लगातार जोर प्रमुख आधार है। संस्थान के शोध आधार में 9,940 से अधिक स्कोपस-इंडेक्स्ड प्रकाशन, 80,780 से अधिक साइटेशन और 104 का एच-इंडेक्स शामिल है। विश्वविद्यालय के सात संकाय सदस्य विश्व के शीर्ष दो प्रतिशत वैज्ञानिकों में शामिल हैं।

सात देशों में बढ़ाए अंतरराष्ट्रीय संबंध

विश्वविद्यालय ने इटली, ब्रिटेन, फ्रांस, जापान, थाईलैंड, वियतनाम और सिंगापुर में शैक्षणिक साझेदारियों का विस्तार किया है। 28 सितंबर 2026 को इटली की यूनिवर्सिटी ऑफ मिलानो-बिकोका के साथ पांच वर्ष का सहयोग समझौता हुआ। इसके अलावा थाईलैंड की क्रिक यूनिवर्सिटी, जापान की यामानाशी प्रीफेक्चरल सरकार और यूनिवर्सिटी ऑफ यामानाशी समेत कई संस्थानों के साथ सहयोग बढ़ाया गया है। ब्रिटेन के गर्टन कॉलेज, कैंब्रिज विश्वविद्यालय के साथ कार्यक्रम में 2026 में गलगोटिया के 16 छात्रों का एआई और उद्यमिता के ग्रीष्मकालीन कार्यक्रम के लिए चयन हुआ। फ्रांस में वायएनओवी कैंपस के साथ एआई, साइबर सुरक्षा और कंप्यूटर साइंस में संयुक्त मास्टर कार्यक्रमों के अवसर भी उपलब्ध कराए गए हैं।

प्लेसमेंट और छात्र नवाचार भी चर्चा में

विश्वविद्यालय के मुताबिक, 2026 में छात्रों को 1,250 से अधिक नियोक्ताओं से 5,500 से ज्यादा जॉब ऑफर मिले। एप्पल के स्विफ्ट स्टूडेंट चैलेंज में चयनित छात्रों की संख्या भी 2025 के 10 से बढ़कर 2026 में 18 हुई। विश्वविद्यालय के सीईओ डॉ. ध्रुव गलगोटिया ने कहा कि भारत में 24 पायदान की बढ़त पूरे विश्वविद्यालय परिवार के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने कहा कि शीर्ष 20 निजी संस्थानों में पहुंचना उत्कृष्ट शिक्षण, सार्थक शोध और छात्रों के लिए वैश्विक अवसरों के लक्ष्य को और मजबूत करता है।

टाइम्स वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग 2027 में पूर्वी भारत में शीर्ष स्थान

कीट विश्वविद्यालय भुवनेश्वर भारत का चौथा सर्वश्रेष्ठ विश्वविद्यालय बना

हरिभूमि न्यूज ⏭ भुवनेश्वर

कीट डीम्ड विश्वविद्यालय को 501-550 के रैंक बैंड में स्थान मिला

उपलब्धि विशेष रूप से ओडिशा और पूरे भारत के लिए गर्व का विषय है

शिक्षण, शोध और अंतरराष्ट्रीय सहयोग को और मजबूत करने पर जोर

कीट डीम्ड विश्वविद्यालय, भुवनेश्वर ने अपनी शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रदर्शन करते हुए टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग्स 2027 में भारत के विश्वविद्यालयों के बीच चौथा स्थान हासिल किया है। इसके साथ ही कीट पूर्वी भारत में शीर्ष स्थान पर रहा है। रैंकिंग गुरुवार को जारी की गई।

विश्वविद्यालय ने पिछले वर्ष की तुलना में राष्ट्रीय रैंकिंग में एक पायदान की बढ़त दर्ज की है। वैश्विक रैंकिंग में कीट डीम्ड विश्वविद्यालय को 501-550 के रैंक बैंड में स्थान मिला है। दुनिया भर से बढ़ी हुई भागीदारी और प्रतिस्पर्धा के बावजूद विश्वविद्यालय के प्रदर्शन में यह सुधार महत्वपूर्ण माना जा रहा है।


टाइम्स हायर एजुकेशन वर्ल्ड यूनिवर्सिटी

रैंकिंग के ताजा परिणामों में विश्वविद्यालय के विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक प्रगति दिखाई दी है। विशेष रूप से शिक्षण की गुणवत्ता में उल्लेखनीय सुधार दर्ज किया गया है। इसके अलावा शोध वातावरण, उद्योग से जुड़ाव और अंतरराष्ट्रीय दृष्टिकोण के क्षेत्र में भी विश्वविद्यालय ने बेहतर प्रदर्शन किया है। विश्व स्तर पर बढ़ती प्रतिस्पर्धा के बीच मिली यह उपलब्धि कीट की संस्थागत रणनीतियों, मजबूत गुणवत्ता-आश्वासन व्यवस्था तथा बुनियादी ढांचे और शैक्षणिक विकास में निरंतर निवेश को दर्शाती है। विश्वविद्यालय के अनुसार, रैंकिंग में सुधार उसके शैक्षणिक और शोध संबंधी प्रयासों की निरंतरता का परिणाम है।

नेतृत्व और संकाय के प्रयासों का परिणाम

विश्वविद्यालय ने इस उपलब्धि का श्रेय अपने नेतृत्व के विजन, संकाय सदस्यों की मेहनत, शोधकर्ताओं की उपलब्धियों और वैश्विक छात्र समुदाय की प्रतिबद्धता को दिया है। विश्वविद्यालय का कहना है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उसकी बढ़ती पहचान के पीछे शिक्षण, शोध और वैश्विक सहयोग को लेकर लगातार किए जा रहे प्रयास महत्वपूर्ण हैं। इस उपलब्धि पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कीट और कीस के संस्थापक डॉ. अच्युत सामंत ने कहा, "हर राज्य की यह आकांक्षा होती है कि उसका कोई विश्वविद्यालय दुनिया के शीर्ष विश्वविद्यालयों में स्थान बनाए। मुझे खुशी है कि कीट, अन्य विश्वविद्यालयों की तुलना में अपेक्षाकृत युवा विश्वविद्यालय होने के बावजूद, दुनिया के प्रमुख विश्वविद्यालयों में स्थान बनाने में सफल रहा है।

बैंक ऑफ बड़ौदा ने शुरू किया पेंशन फंड कारोबार, सार्वजनिक क्षेत्र का दूसरा बैंक बना

भोपाल। बैंक ऑफ बड़ौदा ने पेंशन फंड कारोबार में प्रवेश कर सार्वजनिक क्षेत्र का दूसरा बैंक बनने की उपलब्धि हासिल की है। एनपीएस दिवस 2026 के अवसर पर बैंक को पेंशन फंड के प्रायोजक के रूप में काम करने के लिए पेंशन फंड नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) से प्रमाण-पत्र मिला।नई दिल्ली में आयोजित कार्यक्रम में वित्तीय सेवा विभाग के सचिव संजय लोहिया ने बैंक के प्रबंध निदेशक एवं सीईओ डॉ. देबदत्त चांद को प्रमाण-पत्र प्रदान किया।

इस मौके पर पीएफआरडीए के अध्यक्ष एस. रमन और एनपीएस ट्रस्ट के अध्यक्ष दिनेश कुमार खारा भी मौजूद रहे।बैंक ने इसी अवसर पर भीम ऐप के जरिए तत्काल नेशनल पेंशन सिस्टम (एनपीएस) की सुविधा भी शुरू की। इसके तहत ग्राहक डिजिटल माध्यम से एनपीएस से जुड़कर पेंशन खाते का पंजीकरण करा सकेंगे। बैंक का कहना है कि इससे पेंशन योजनाओं की पहुंच बढ़ाने और पंजीकरण प्रक्रिया को आसान बनाने में मदद मिलेगी।

त्योहार से जुड़ी जरूरी चीजों पर ऑफर और छूट

स्मार्ट बाजार की फेस्टिव सेल शुरू मिठाई से फैशन तक मिलेंगे बंपर ऑफर

फैशन रेंज की शुरुआत महज 99 रुपए से

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुंबई



त्योहारी खरीदारी को खास और किफायती बनाने के लिए स्मार्ट बाजार ने फेस्टिव सेल की घोषणा की है। यह सेल 2 से 7 अक्टूबर 2026 तक चलेगी। सेल में ग्राहकों को फैशन, घर की सजावट, उपहार, किराना, घरेलू सामान और त्योहार से जुड़ी जरूरी चीजों की विस्तृत रेंज पर आकर्षक ऑफर और छूट मिलेगी।

सेल का सबसे बड़ा आकर्षण टॉप मिठाई ब्रांड्स की भारतीय मिठाइयों पर 'एक खरीदें, एक मुफ्त पाएं' ऑफर है। त्योहारों के लिए परिवार की खरीदारी को बजट में रखने के लिए फैशन रेंज की शुरुआत महज 99 रुपये से की गई है। इसमें परिवार के अलग-अलग सदस्यों के लिए किफायती फैशन विकल्प उपलब्ध होंगे। किराना खरीदारी में भी ग्राहकों को विशेष ऑफर दिए जा रहे हैं। बासमती चावल की चुनिंदा किस्में 95 रुपये प्रति किलो की कीमत पर उपलब्ध होंगी। इसके अलावा कोल्ड ड्रिंक्स और जूस पर भी 'एक खरीदें, एक मुफ्त पाएं' का ऑफर दिया जा रहा है। स्मार्ट बाजार के अनुसार, फेस्टिव सेल का उद्देश्य ग्राहकों को त्योहारों की पूरी खरीदारी एक ही जगह पर उपलब्ध कराना और आकर्षक कीमतों के जरिए उनकी बचत बढ़ाना है। मिठाई, किराना और घरेलू जरूरतों से लेकर कपड़े और गिफ्ट आइटम तक, अलग-अलग श्रेणियों में ऑफर दिए गए हैं। कंपनी ने ग्राहकों से 2 से 7 अक्टूबर के बीच अपने नजदीकी स्मार्ट बाजार स्टोर पर पहुंचकर फेस्टिव ऑफर्स का लाभ उठाने की अपील की है।

कैट के पूर्व प्रदेश महामंत्री ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र, की मांग

विकसित बाजार: शराब और मांस-मछली बाजारों के लिए अलग जोन बने, मास्टर प्लान में हो प्रावधान

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

'मांग' किसी व्यवसाय या व्यवसायी के अधिकारों के खिलाफ नहीं

राजधानी भोपाल को स्वच्छ और सुव्यवस्थित बनाने की दिशा में अब शराब, मांस-मछली सहित विशेष बाजारों के नियोजन का मुद्दा उठाया गया है। कैट के पूर्व प्रदेश महामंत्री रमाकांत तिवारी ने मुख्यमंत्री को पत्र लिखकर आगामी मास्टर प्लान-2047 में ऐसे कारोबारों के लिए पृथक और नियोजित बाजार क्षेत्र विकसित करने की मांग की है। तिवारी ने पत्र में कहा कि राजधानी की पहचान झीलों, हरियाली और प्राकृतिक सुंदरता से है। ऐसे में शहर के विकास में केवल सड़क और भवन निर्माण ही नहीं, बल्कि बाजारों का वैज्ञानिक नियोजन भी जरूरी है। उन्होंने आवासीय क्षेत्रों, मुख्य मार्गों, गलियों और चौराहों के आसपास संचालित शराब की दुकानों तथा मांस-मछली कारोबारों के संबंध में स्वच्छता, अपशिष्ट प्रबंधन, दुर्गंध, जल निकासी और सार्वजनिक असुविधा जैसी चुनौतियों का उल्लेख किया है।



उन्होंने सरकार से शराब दुकानों के लिए पृथक वाणिज्यिक क्षेत्र तथा मांस-मछली कारोबार के लिए आधुनिक और स्वच्छ विशेष बाजार विकसित करने की मांग की। प्रस्तावित बाजारों में कचरा प्रबंधन, जल निकासी, पार्किंग और नियमित सफाई की व्यवस्था अनिवार्य करने की बात भी कही गई है। पत्र में पुराने और घनी आबादी वाले इलाकों के लिए चरणबद्ध स्थानांतरण एवं बाजार पुनर्गठन नीति बनाने तथा नए विकास क्षेत्रों में इन गतिविधियों के लिए पहले से स्थान निर्धारित करने का सुझाव दिया गया है। तिवारी ने कहा कि यह मांग किसी व्यवसाय या व्यवसायी के अधिकारों के खिलाफ नहीं, बल्कि व्यवसाय भी चले और शहर भी स्वच्छ एवं व्यवस्थित रहे के संतुलित दृष्टिकोण पर आधारित है। उन्होंने कहा कि स्वच्छ भोपाल केवल सफाई से नहीं, बल्कि सही नियोजन से बनेगा।

रिपोर्ट : उभरते डेटा सेंटर केंद्रों में शहर शामिल

अब भोपाल राष्ट्रीय डेटा सेंटर नक्शे पर 'रेडीनेस स्कोरकार्ड' से तय होगी क्षमता

वाणिज्य प्रतिनिधि ⏭ भोपाल

देश के तेजी से बढ़ते डेटा सेंटर बाजार के नक्शे पर अब भोपाल का नाम भी दर्ज हो गया है। नेटकॉन-कोलकाता में जारी क्रेडाई-अनारॉक रिपोर्ट ने भोपाल को डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर के उभरते केंद्रों में शामिल किया है। रिपोर्ट के मुताबिक देश की परिचालन डेटा सेंटर क्षमता 2025 में करीब 1,700 मेगावाट आईटी लोड तक पहुंच चुकी थी, जो 2026 में करीब 2,200 मेगावाट होने का अनुमान है। मौजूदा बाजार में मुंबई की हिस्सेदारी 53फीसदी, चेन्नई की 20 फीसदी और दिल्ली-एनसीआर की 10 फीसदी बताई गई है। अहमदाबाद, विशाखापट्टनम, पटना, भोपाल, कोच्चि और जयपुर को उभरते केंद्र माना गया है और इन शहरों की संयुक्त परिचालन क्षमता 2026 के अंत तक 100 मेगावाट पार करने का अनुमान है। क्रेडाई भोपाल और 'कमाल का भोपाल' अभियान की ओर से यह मुद्दा पहले भी उठाया जा चुका है। नेटकॉन-कोलकाता में मौजूद क्रेडाई भोपाल अध्यक्ष मनोज मीक ने कहा कि भोपाल के लिए अब सबसे उपयोगी डेटा वही होगा जो निवेशक के सवालों का सीधा जवाब दे। मीक के नेतृत्व में 24 जुलाई 2025 को अपर मुख्य सचिव को दिए गए सुझाव-पत्र में भेल की अप्रयुक्त औद्योगिक भूमि के पुनःउपयोग के साथ क्लीन कम्प्यूट, कौशल विकास आदि का प्रस्ताव रखा गया था।


मनोज मीक

क्रेडाई को सरकार का साझेदारी आमंत्रण

राजधानी भोपाल की विकास संभावनाओं पर लगातार रिसर्च, नॉलेज इकोनॉमी और एआई आधारित अर्थव्यवस्था के प्रस्ताव रखने वाले क्रेडाई भोपाल और 'कमाल का भोपाल' अभियान के लिए अब राज्यस्तरीय निवेश संवाद में सीधी भागीदारी का रास्ता खुला है। नगरीय प्रशासन एवं विकास आयुक्त संकेत भोंडवे ने क्रेडाई भोपाल अध्यक्ष मनोज सिंह मीक को पत्र भेजकर संस्था को मध्यप्रदेश अर्बन ग्रोथ कॉन्क्लेव का एसोसिएशन पार्टनर बनने का आमंत्रण दिया है। कॉन्क्लेव 28 अक्टूबर को इंदौर के ब्रिलियंट कन्वेंशन सेंटर में होगा। 2027 के ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में निवेशकों और सरकारी नेतृत्व के बीच संवाद के समन्वय का प्रस्ताव भी है।

बिजनेस न्यूज

श्री साईं इंस्टीट्यूट में 25 गतिविधियों में 2292 प्रतिभागियों ने लिया हिस्सा

भोपाल । श्री साईं इंस्टीट्यूट ऑफ आयुर्वेदिक रिसर्च एंड मेडिसिन में 11वें आयुर्वेद दिवस समारोह का पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह आयोजित किया गया। 9 से 29 सितंबर तक आयोजित 25 विभिन्न गतिविधियों में कुल 2292 प्रतिभागियों ने सहभागिता की। समापन समारोह में मुख्य अतिथि मानसरोवर ग्लोबल यूनिवर्सिटी के कुलगुरु डॉ. ए.एस. यादव एवं आयुर्वेद निदेशक डॉ. बाबुल ताम्रकार ने विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता विद्यार्थियों को पुरस्कार एवं प्रमाण-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ संस्थान की प्राचार्या डॉ. मनीषा राठी के स्वागत उद्बोधन से हुआ।आयुर्वेद दिवस के तहत निःशुल्क स्वास्थ्य शिविर, अग्निकर्म कार्यशाला, विशेषज्ञ व्याख्यान, संगोष्ठी, महिला एवं सामुदायिक स्वास्थ्य जागरूकता कार्यक्रम, नुक्कड़ नाटक, आयुर्वेद जागरूकता रैली और विद्यालय जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। विद्यार्थियों के लिए ई-पोस्टर, फोटोग्राफी, नारा लेखन, विज्ञापन लेखन, रील एवं वीडियो, कॉमिक बुक निर्माण, भोजन प्रतियोगिता और बॉडी पेंटिंग जैसी प्रतियोगिताएं भी हुईं। कार्यक्रम की नोडल अधिकारी डॉ. प्रीति तिवारी रहीं।



एसबीआई ने सफाई कर्मियों को सम्मानित कर दिया स्वच्छता का संदेश

भोपाल। स्वच्छता केवल साफ-सफाई तक सीमित नहीं, बल्कि स्वस्थ समाज, सम्मानजनक जीवन और जिम्मेदार नागरिकता की पहचान है। इसी भावना के साथ भारतीय स्टेट बैंक, भोपाल मंडल की ओर से 'स्वच्छता ही सेवा-2026' अभियान के तहत सफाई कर्मियों के स्वास्थ्य परीक्षण एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में सफाई कर्मियों को समाज के सच्चे नायक बताते हुए उनके योगदान के प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की गई। इस दौरान सफाई कर्मियों का स्वास्थ्य परीक्षण भी कराया गया। अधिकारियों ने कहा कि जो कर्मचारी प्रतिदिन समाज को स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ वातावरण उपलब्ध कराने में जुटे रहते हैं, उनके स्वास्थ्य और सम्मान की चिंता करना भी समाज की सामूहिक जिम्मेदारी है। भारतीय स्टेट बैंक, भोपाल मंडल के प्रमुख प्रभाष कुमार सुबुद्धि ने कहा कि सफाई कर्मी हमारे समाज के महत्वपूर्ण सदस्य हैं। उनका सम्मान केवल औपचारिकता नहीं, बल्कि उनके अमूल्य योगदान के प्रति कृतज्ञता और संवेदनशीलता की अभिव्यक्ति है। कार्यक्रम में बैंक के वरिष्ठ अधिकारी, अधिकारी एवं कर्मचारी मौजूद रहे।



गोवा में डॉ. द्विवेदी की पुस्तक 'कैंसर में होम्योपैथी' का विमोचन

भोपाल। मध्य प्रदेश के वरिष्ठ होम्योपैथी चिकित्सक डॉ. एके द्विवेदी की पुस्तक 'कैंसर में होम्योपैथी : सहायक एवं उपशामक कैंसर देखभाल' का गोवा में विमोचन किया गया। कार्यक्रम में गोवा के राज्यपाल पुसापति अशोक गजपति राजू, मुख्यमंत्री डॉ. प्रमोद सावंत और केंद्रीय राज्यमंत्री श्रीपाद येसो नाईक मौजूद रहे। सम्मेलन में डॉ. द्विवेदी ने 'विभिन्न प्रकार के कैंसर में होम्योपैथी के माध्यम से उपशामक एवं सहायक देखभाल' विषय पर व्याख्यान दिया तथा कैंसर के एक मरीज का चिकित्सकीय प्रकरण प्रस्तुत किया। उन्होंने कहा कि कैंसर के उपचार के साथ मरीज के दर्द, कमजोरी, मानसिक तनाव, नींद और भूख जैसे लक्षणों के प्रबंधन पर भी ध्यान देना जरूरी है। उन्नत अवस्था के कैंसर मरीजों में आराम, सम्मान और जीवन की गुणवत्ता बनाए रखना महत्वपूर्ण है। डॉ. नवल कुमार वर्मा ने कैंसर की रोकथाम के लिए तंबाकू, गुटखा, शराब और अन्य जोखिम कारकों से बचने तथा समय पर जांच कराने पर जोर दिया।



वाइल्डलाइफ एसओएस ने जांच में सहयोग दोहराया

भोपाल। वाइल्डलाइफ एसओएस के सीईओ और सह-संस्थापक कार्तिक सत्यनारायण से मध्यप्रदेश स्टेट टाइगर स्ट्राइक फोर्स की तीन दिवसीय पूछताछ पूरी हो गई है। संगठन के अनुसार, सुप्रीम कोर्ट के आदेश के अनुपालन और जारी जांच में सहयोग के लिए सत्यनारायण एसटीएसएफ के क्षेत्रीय कार्यालय पहुंचे और अधिकारियों के सवालों के जवाब दिए।वाइल्डलाइफ एसओएस के मुताबिक, सत्यनारायण ने पूछताछ के दौरान प्रतिदिन नौ घंटे से अधिक समय अधिकारियों के साथ बिताया और मांगी गई जानकारी व दस्तावेज उपलब्ध कराए। संगठन ने निष्पक्ष कानूनी प्रक्रिया के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराते हुए कहा कि वह जांच में पूरा सहयोग कर रहा है।वन विभाग के अंतर्गत गठित एसटीएसएफ वन्यजीव अपराधों से जुड़े मामलों की जांच कर रही है।

आईएमसी 2026 में 1,500 टेक्नोलॉजी यूज-केस होंगे प्रदर्शित

100 से अधिक देशों से 600 से ज्यादा प्रदर्शक और साझेदार होंगे शामिल

आयोजन 7 से 10 अक्टूबर तक, 1.5 लाख लोगों होंगे शामिल

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

एशिया के प्रमुख डिजिटल टेक्नोलॉजी और दूरसंचार मंच इंडिया मोबाइल कांग्रेस (आईएमसी) का 10वां संस्करण 7 से 10 अक्टूबर तक नई दिल्ली स्थित यशोभूमि कन्वेंशन सेंटर में आयोजित होगा। इस वर्ष आयोजन की थीम 'बिना सीमाओं के विस्तार' रखी गई है। आयोजकों के मुताबिक, आईएमसी 2026 में 1.5 लाख से अधिक लोगों के शामिल होने की उम्मीद है। इसमें 100 से अधिक देशों के 600 से ज्यादा प्रदर्शक और साझेदार हिस्सा लेंगे तथा 1,500 से अधिक टेक्नोलॉजी यूज-केस प्रदर्शित किए जाएंगे। आयोजन के जरिए 5जी, 6जी, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस, सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग, क्वांटम कंप्यूटिंग, साइबर सुरक्षा, सैटेलाइट कम्युनिकेशन और डीप टेक जैसे क्षेत्रों में भारत की तकनीकी क्षमताओं को वैश्विक मंच पर प्रस्तुत किया जाएगा।

चार रणनीतिक स्तंभों पर होगा फोकस

आईएमसी 2026 का विजन चार रणनीतिक स्तंभों- संवर्धन, सशक्त, सुरक्षा और सृष्टि पर आधारित है। संवर्धन के तहत सेमीकंडक्टर, इलेक्ट्रॉनिक्स निर्माण और दूरसंचार पीएलआई इकोसिस्टम को बढ़ाने पर जोर रहेगा। वहीं, सृष्टि के तहत स्वदेशी 6जी रिसर्च, एआई नेटवर्क, अगली पीढ़ी के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर और डीप टेक इनोवेशन को बढ़ावा दिया जाएगा।

कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग, साउथ सिविल लाईन जबलपुर

NIT No.27/2026/Centralized Tender/G/CE(B)/Date 01/10/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है :-

स. क्र.	पोर्टल टेंडर क्र.	कार्य का नाम	जिला	ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. लाख में)	अमानत राशि (ईएमडी) (रू.में)	निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में)	कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित)
1	2	3	4	5	6	7	8
1	2026_PWPIU _540228_1	जिला जबलपुर के सब जेल सिहोरा में 04 नग एच टाईप आवासगृह का एक ब्लॉक का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	जबलपुर	84.95	84950.00	10000.00	9
2	2026_PWPIU _540254_1	आधारताल जिला जबलपुर में 100 सीटर अनुसूचित जाति बालक छात्रावास का निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण)	जबलपुर	961.92	761920.00	20000.00	15

1-निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट बेवसाईट http://mptender.gov.in पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2- निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑन-लाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड / इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3- निविदा प्रपत्र केवल ऑन-लाईन दिनांक 06.10.2026 समय 9.00 से दिनांक 26.10.2026 समय 18.00 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी बेबसाईट पर देखी जा सकती है।
4- निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त बेवसाईट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

कार्यपालन यंत्री (भवन)
लोक निर्माण विभाग जबलपुर

जी- 19476/26 स्वच्छता ही सेवा

चिंतन

एआई की दुनिया में सतर्कता और जवाबदेही बेहद जरूरी

एआई ने दुनिया को काम करने की अभूतपूर्व गति दी है, लेकिन यही गति अब साइबर अपराध की दुनिया को भी मिल रही है। जिस काम को करने में कभी हमलावरों को कई दिन लगते थे, एआई की मदद से सिस्टम की कमजोरियां तलाशने, जानकारी जुटाने और हमले को अंजाम देने में बेहद कम समय लग रहा है। ऐसे में एआई को केवल तकनीकी सुविधा मानकर आगे बढ़ना जोखिम भरा हो सकता है। एआई की दुनिया के विस्तार के साथ सतर्कता और जवाबदेही को भी उतनी ही तेजी से मजबूत करना होगा। तभी इसके फायदे सही मायने में सामने आ पाएंगे। माइक्रोसॉफ्ट की डिजिटल डिफेंस रिपोर्ट 2026 के आंकड़े खतरे की गंभीरता बताते हैं। भारत दुनिया के शीर्ष 7 साइबर प्रभावित देशों में शामिल है और दुनिया भर में ट्रैक किए गए साइबर खतरों में भारत की हिस्सेदारी 2.5 प्रतिशत रही है। सबसे चिंताजनक बात रैनसमवेयर हमलों में 5 गुना बढ़ोतरी है। यानी अपराधियों के लिए डिजिटल माध्यम केवल धोखाधड़ी का जरिया नहीं रह गया, बल्कि संस्थानों और महत्वपूर्ण ढांचे को बंधक बनाने का हथियार भी बनता जा रहा है। साइबर अपराधियों ने हमले के तरीके भी बदल दिए हैं। अब केवल संदिग्ध ईमेल या लिंक से सावधान रहने की जरूरत नहीं है। ईमेल अथवा पीडीएफ में भेजे गए क्यूआर कोड के जरिए फिशिंग कराई जा रही है। माइक्रोसॉफ्ट ने एक साल में ऐसे 14.5 करोड़ क्यूआर फिशिंग हमले पकड़े हैं। फर्जी कैप्चा के जरिए यूजर से कमांड कॉपी-पेस्ट करवाकर सिस्टम में सेंध लगाने का तरीका भी तेजी से बढ़ा है। करीब 11 लाख डिवाइस पर ऐसी गतिविधि देखने को मिली हैं। वहीं, माइक्रोसॉफ्ट टीम्स पर वॉइस फिशिंग में एक साल में 502 प्रतिशत की वृद्धि हुई। सबसे बड़ा खतरा यह है कि अपराधी अब तकनीक के साथ-साथ विश्वास को भी निशाना बना रहे हैं। बॉस, एचआर, पेरोल टीम, वेंडर या कारोबारी साझेदार की पहचान की नकल कर कर्मचारियों को जाल में फंसाया जा रहा है। अप्रैल से जून 2026 के दौरान रिपोर्ट किए गए 85 प्रतिशत फिशिंग ईमेल में किसी व्यक्ति या संस्था की पहचान की नकल किए जाने की बात सामने आई। इसका मतलब है कि साइबर सुरक्षा अब केवल तकनीकी विभाग की जिम्मेदारी नहीं रह गई। हर कर्मचारी और हर डिजिटल उपयोगकर्ता इसकी पहली सुरक्षा पंक्ति है। दूसरी ओर, एआई एजेंट का इस्तेमाल तेजी से बढ़ रहा है। अनुमान है कि दो साल में एआई एजेंट की संख्या 130 करोड़ तक पहुंच सकती है। ये एजेंट ईमेल, कैलेंडर, सिस्टम अपडेट और डेटा एक्सेस जैसे काम कर सकेंगे। यही सुविधा यदि पर्याप्त सुरक्षा के बिना दी गई तो एक एआई एजेंट पर हमला उसके जरिए जुड़े कई सिस्टम और संवेदनशील डेटा तक पहुंच का रास्ता खोल सकता है। इसलिए चुनौती एआई के इस्तेमाल को रोकने की नहीं, बल्कि उसे जिम्मेदार और सुरक्षित बनाने की है। सरकारों को महत्वपूर्ण डिजिटल ढांचे की सुरक्षा के लिए लगातार निगरानी और त्वरित प्रतिक्रिया तंत्र मजबूत करना होगा। कंपनियों को एआई एजेंट को अधिकार देने से पहले उनकी निगरानी, सीमाएं और जवाबदेही तय करनी होगी। कर्मचारियों और आम लोगों को फर्जी कैप्चा, क्यूआर कोड, आवाज की नकल और पहचान आधारित धोखाधड़ी के नए तरीकों के प्रति जागरूक करना होगा। डिजिटल दुनिया में सुविधा की रफ्तार जरूरी है, लेकिन उससे भी जरूरी यह सुनिश्चित करना है कि तकनीक की यह रफ्तार अपराधियों के हाथों की ताकत न बन जाए।



तैयारी

निर्मला सीतारमण

नेक्स्ट-जेनरेशन का जीएसटी

'विकसित भारत' बनने के भारत के संकल्प के लिए एक ऐसी अर्थव्यवस्था की आवश्यकता है जिसमें हर स्तर और आकार के उद्यम फल-फूल सकें, चाहे उनकी शुरुआत कहीं से भी हुई हो। पिछले बारह वर्षों में हमारी सरकार ने इन अनुकूल परिस्थितियों के निर्माण के लिए निरंतर कार्य किया है। वर्ष 2017 में जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) लागू होने से अप्रत्यक्ष कराधान के लिए एक साझा राष्ट्रीय ढांचा स्थापित हुआ। 'नेक्स्ट- जेनरेशन का जीएसटी' नौ वर्षों के क्रियान्वयन तथा करदाताओं और राज्यों के अनुभवों के आधार पर इसी प्रयास को आगे बढ़ाता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दृष्टिकोण के अनुरूप, नेक्स्ट-जेनरेशन जीएसटी की परिकल्पना दो परस्पर जुड़े उद्देश्यों के साथ की गई थीः कर दरों को कम व तर्कसंगत बनाना और अनुपालन को अधिक सरल बनाना। दरों में किए गए संशोधन 22 सितंबर 2025 से प्रभावी हुए। प्रक्रियात्मक सुधारों का अगला चरण शीघ्र ही जीएसटी परिषद के समक्ष प्रस्तुत किया जाएगा।

सम्मिलित रूप से, इन प्रयासों का उद्देश्य परिवारों को राहत देना, व्यवसायों को अधिक निश्चितता प्रदान करना और करदाताओं के लिए एक ऐसी प्रणाली सुनिश्चित करना है जिसमें वे बिना किसी अनावश्यक कठिनाई के अपने दायित्वों का निर्वहन कर सकें। राज्य इस पूरी यात्रा में बराबर के साझेदार रहे हैं। वे परिषद में अपनी प्राथमिकताओं और अनुभवों को लेकर आए, निर्णयों को आकार देने में सहयोग किया और उनके क्रियान्वयन का दायित्व संभाला। मैं इस प्रतिबद्धता के लिए उनका आभार व्यक्त करती हूं। जीएसटी की प्रगति प्रत्येक सरकार के उत्तरदायित्वों का सम्मान करते हुए एक साझा राष्ट्रीय लक्ष्य की दिशा में आगे बढ़ने की इसी तत्परता पर टिकी है। इसके परिणाम विश्वास को सुदृढ़ करते हैं। अक्टूबर 2025 से जुलाई 2026 के बीच, दर्ज की गई कर-योग्य आपूर्ति के मूल्य में पिछले वर्ष की इसी अवधि की तुलना में 25.8% की वृद्धि हुई। कर दरों की हल्की संरचना के साथ-साथ दर्ज आर्थिक गतिविधियों में भी व्यापक विस्तार देखा गया है। यह उस सुधार के लिए एक अत्यंत उत्साहवर्धक आधार है जिसका उद्देश्य उद्यमों और सार्वजनिक वित्त दोनों को संबल प्रदान करना है। यह सुदृढ़ता हालिया राजस्व आंकड़ों में स्पष्ट दिखाई देती है। अप्रैल-सितंबर 2026 के दौरान सकल जीएसटी संग्रह 12.46 लाख करोड़ रुपये तक पहुंच गया, जो पिछले वर्ष की इसी अवधि से 11.6% अधिक है। जून से सितंबर तक के प्रत्येक महीने में वार्षिक आधार पर दोहरे अंकों में वृद्धि दर्ज की गई; इन चार महीनों का कुल संग्रह मिलकर लगभग 15% की गति से बढ़ा। कर वापसी (रिफंड) के बाद शुद्ध संग्रह में भी इस छमाही के दौरान 10.4% की वृद्धि हुई। इस प्रकार, करदाताओं को दी गई राहत और विकास के लिए उपलब्ध संसाधनों में वृद्धि साथ-साथ हुई है। इस विस्तार का दायरा उसके पैमाने जितना ही महत्वपूर्ण है। सभी 11 क्षेत्रक समूहों और सभी प्रमुख राज्यों में दर्ज कर-योग्य आपूर्ति में वृद्धि देखी गई। भारत जैसी विविध अर्थव्यवस्था में यह व्यापक प्रसार अत्यंत महत्वपूर्ण है। विभिन्न क्षेत्रों और भौगोलिक हिस्सों में होने वाली यह वृद्धि अधिक से अधिक व्यवसायों को विस्तार लेते बाजारों में भाग लेने का अवसर देती है, और इसके परिणामस्वरूप उत्पन्न मांग,



निवेश तथा रोजगार से अधिकाधिक समुदायों को लाभान्वित करती है। सुधार के बाद की अवधि की तुलना में उपभोक्ताओं को की गई प्रत्यक्ष बिक्री (बी2सी) में भी 26.7% की बढ़ोतरी हुई। जब कर राहत का प्रभाव कीमतों में दिखाई देता है, तो परिवारों के पास अन्य आवश्यकताओं को पूरा करने या बचत करने के लिए अधिक गुंजाइश होती है। उपभोक्ता राहत और उद्यम विकास आपस में गहराई से जुड़े हैं: परिवारों की क्रय शक्ति व्यवसायों द्वारा दी जाने वाली वस्तुओं और सेवाओं की मांग को बनाए रखती है। इसका लाभ परिवार से लेकर खुदरा विक्रेता, आपूर्तिकर्ता और उत्पादक तक सभी तक पहुंचता है। लघु और मध्यम उद्यमों के लिए एक राष्ट्रीय बाजार तभी सार्थक होता है जब वह उनके स्थानीय परिवेश से परे ग्राहकों तक पहुँचने का व्यावहारिक मार्ग प्रशस्त करे। द्वितीय और तृतीय श्रेणी के शहरों के व्यवसायों को स्थानीय स्तर पर निवेश और रोजगार जारी रखते हुए ऐसे संबंध बनाने में सक्षम होना चाहिए। दूसरी ओर, इन शहरों में विस्तार करने वाले उद्यम स्थानीय आपूर्तिकर्ताओं और वितरकों के लिए नए अवसर सृजित कर सकते हैं। जीएसटी का साझा ढांचा इन कड़ियों को सुदृढ़ करता है; और सरल प्रशासनिक व्यवस्था को इन्हें बनाए रखना और भी सहज बनाना होगा। इस व्यवस्था में सहभागिता अत्यंत व्यापक रही है। अगस्त के अंत तक केंद्र और राज्य क्षेत्राधिकारों के अंतर्गत कुल जीएसटी पंजीकरण लगभग 1.71 करोड़ तक पहुंच गए, जो एक वर्ष पहले की तुलना में लगभग 15% अधिक हैं। अप्रैल-जुलाई 2026 की कर अवधियों के लिए, निर्धारित तिथि तक दाखिल किए गए जीएसटीआर-3बी रिटर्न पिछले वर्ष की समान अवधियों की तुलना में 12.6% अधिक थे। ये सुधार प्रशासन पर एक समान दायित्व भी डालते हैं: नियमित अनुपालन को विश्वसनीय सेवा, स्पष्ट मार्गदर्शन और समस्याओं के समयबद्ध समाधान द्वारा समर्थित किया जाना चाहिए। इनपुट टैक्स क्रेडिट (आईटीसी) की कार्यप्रणाली इस अनुभव का एक अन्य महत्वपूर्ण हिस्सा है। सुधार-उपरांत आंकड़े दर्शाते हैं कि इनपुट टैक्स क्रेडिट के माध्यम से चुकाई गई कर देयता का अनुपात बढ़ा है, जबकि कर-योग्य आपूर्ति के सापेक्ष संचित क्रेडिट में कमी आई है। यह उन व्यवसायों के लिए उत्साहवर्धक है जो पात्र क्रेडिट के प्रभावी उपयोग पर निर्भर करते हैं। किसी छोटे उद्यम के लिए उसकी कार्यशील पूंजी ही यह तय करती है कि वह कितनी सुगमता से कच्चा माल खरीद सकता है, कोई ऑर्डर पूरा कर सकता है और अगला काम हाथ में ले सकता है। कर वापसी (रिफंड) भी उतनी ही प्रासंगिक है। अप्रैल-सितंबर के दौरान लगभग 1.80 लाख करोड़ रुपये की धनराशि रिफंड के रूप में लौटाई गई। व्यवसायों के प्राप्य बकाये को वापस लौटाना एक सुव्यवस्थित कर प्रणाली का अनिवार्य अंग है। इस प्रक्रिया में अधिक निश्चितता और पूर्वानुमेयता उद्यमों को अधिक आत्मविश्वास के साथ खरीद और उत्पादन की योजना बनाने में सहायता करेगी। किसी करदाता को देय रिफंड प्राप्त होने का अनुभव प्रशासनिक दक्षता का एक प्रमुख पैमाना होता है। राज्यों की राजस्व स्थिति भी अधिक सुदृढ़ हुई है। इस वर्ष अप्रैल-सितंबर के दौरान एकीकृत माल और सेवा कर (आईजीएसटी) निपटान में उनके हिस्से सहित राज्यों की कुल एसजीएसटी प्राप्तियों में लगभग 16% की वृद्धि हुई। ये संसाधन बुनियादी ढांचे और सार्वजनिक सेवाओं में निवेश को गति प्रदान करते हैं, जिससे परिवारों और उद्यमों को अपनी आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए बेहतर परिवेश मिलता है। जीएसटी की बढ़ती परिपक्वता हमें सुधारों के अगले चरण के लिए एक सशक्त आधार प्रदान करती है।

'विकसित भारत' बनने के भारत के संकल्प के लिए एक ऐसी अर्थव्यवस्था की आवश्यकता है जिसमें हर स्तर और आकार के उद्यम फल-फूल सकें, चाहे उनकी शुरुआत कहीं से भी हुई हो। पिछले बारह वर्षों में हमारी सरकार ने इन अनुकूल परिस्थितियों के निर्माण के लिए निरंतर कार्य किया है। वर्ष 2017 में जीएसटी (वस्तु एवं सेवा कर) लागू होने से अप्रत्यक्ष कराधान के लिए एक साझा राष्ट्रीय ढांचा स्थापित हुआ। 'नेक्स्ट- जेनरेशन का जीएसटी' नौ वर्षों के क्रियान्वयन तथा करदाताओं और राज्यों के अनुभवों के आधार पर इसी प्रयास को आगे बढ़ाता है। जीएसटी की बढ़ती परिपक्वता हमें सुधारों के अगले चरण के लिए एक सशक्त आधार प्रदान करती है।

(लेखिका केंद्रीय वित्त एवं कॉर्पोरेट कार्य मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया haribhoomi@gmail.com पर दे सकते हैं।

वीरांगना रानी दुर्गावती जयंती



डॉ. प्रवीण दातारामगुगनानी

शौर्य, सुशासन और सामाजिक समरसता की प्रतिमूर्ति 'रानी'

गोंडवाना क्षेत्र की इस प्रसिद्ध वीरांगना के राज्य के विषय में एक लोकोक्ति बहुत प्रचलित हैः आमन बुध बावन गढ़ में, अर्थात बावन गढ़ों के इस राज्य में सभी बुद्धिमान और सिद्ध हैं। इन बावन गढ़ों की शासक दुर्गावती जनजातीय गोंड राजवंश की बहू थीं। इस साम्राज्य की स्थापना में राजा जादूराय के मार्गदर्शक सुरभि पाठक की भूमिका महत्वपूर्ण रही, जो ब्राह्मण थे। शासक और मार्गदर्शक का यह मेल उस समय की समन्वयकारी समाज-व्यवस्था का सुंदर उदाहरण है। दुर्गावती का जन्म 5 अक्टूबर 1524 को राठ-महोबा के चंदेल राजा शालिवाहन के घर हुआ था। उनके मायके और ससुराल, दोनों ओर की कुल-परंपरा भारतीय सामाजिक समरसता का अनूठा उदाहरण है। उन्हें केवल जनजातीय शासक कहना उचित नहीं होगा, और उनके चंदेल पूर्वजों को केवल क्षत्रिय या सुरभि पाठक को केवल ब्राह्मण कहकर सीमित करना भी न्यायसंगत नहीं। ये दोनों कुल गोंडवाना से बुंदेलखंड तक अपने साम्राज्य, लोककल्याणकारी शासन और आक्रमणकारियों से संघर्ष के लिए प्रसिद्ध रहे। दत्रिपुरी के कल्चुरी साम्राज्य के कमजोर पड़ने पर उसके जागीरदार जादूराय और सुरभि पाठक के संयुक्त प्रयास से गढ़ा-कटंगा में गोंड राजसत्ता की नींव पड़ी। जादूराय राजा बने तो अपनी वीरता के बल पर, और सुरभि पाठक को ₹चाणक्य₹ जैसा सम्मान मिला तो अपनी बुद्धिमत्ता तथा सामाजिक समझ के कारण। यह प्रसंग चाणक्य और चंद्रगुप्त मौर्य की स्मृति दिलाता है। रामनगर प्रशस्ति, ₹गढ़ेश्वरनृपवर्णनम्₹ और स्लीमन के विवरण भी पुष्टि करते हैं कि संग्राम शाह के अधीन रहे बावन गढ़ों पर बाद में रानी दुर्गावती का शासन रहा। अबुल फजल के अनुसार चंदेल राजकुमारी दुर्गावती का विवाह गढ़ा-कटंगा के राजा संग्राम शाह के पुत्र दलपत शाह से होना एक सामाजिक, सैन्य और रणनीतिक समीकरण का निर्माण था। इस संबंध से चंदेल और गोंड शक्तियाँ एक होकर आक्रमणकारियों के सामने खड़ी हुईं। दलपत शाह की मृत्यु के समय उनके पुत्र वीर नारायण केवल पाँच वर्ष के थे। इस कठिन घड़ी में रानी रनिवास से बाहर आईं और सबको चुनौती देते हुए शासन की बागडोर थाम ली। उन्होंने दीवान आधार कायस्थ और मान ब्राह्मण के सहयोग से राज्य को कुशलता से संभाला। दुर्गावती को केवल वीर योद्धा कहना उनके व्यक्तित्व के साथ अन्याय है। वे कुशल प्रशासक और नेतृत्वकर्ता थीं, साथ ही जल-संरक्षण और पर्यावरण की दूरदर्शी योजनाकार भी। अबुल फजल ने उन्हें दूरदर्शी, साहसी, तीक्ष्ण बुद्धि और अद्भुत बल की धनी तथा सामाजिक समीकरणों की जानकार बताया है। उनकी विशाल सेना में बीस हजार घुड़सवार और एक हजार हाथी थे, और वे बंदूक व धनुष दोनों में निपुण थीं। आज जिसे हम संस्कारधानी कहते हैं, ऋषि जाबालि और सत्यकाम की उस नगरी जबलपुर पर वे शासन करती थीं। गढ़ा-कटंगा आज भी जबलपुर का उपनगर है। मदन महल का निर्माण उनके पूर्वज मदन शाह ने कराया था, जबकि रानीताल, चेरीताल और अधारताल जैसी जल-संरचनाएँ दुर्गावती ने बनवाईं। इनसे सिंचाई, कृषि, अर्थव्यवस्था और पेयजल, तीनों को बल मिला। सन 1564 में मुगल सेनापति आसफ खान ने गढ़ा-कटंगा पर आक्रमण किया। उसकी सेना विशाल थी, जबकि प्रारंभ में रानी के पास बहुत कम सैनिक रह गए थे। इस युद्ध में रानी नर्रई में डटी रहीं और उस स्थान की भौगोलिक कठिनाई को अवसर में बदल दिया। वहां एक ओर गौर नदी थी, दूसरी ओर नर्मदा, और शेष दो ओर ऊंची, खड़ी पहाड़ियां। रास्ते बहुत संकरे थे। रानी ने शत्रु को जानबूझकर संकरे मार्ग में घुसने दिया और फिर चारों ओर से घेरकर उसकी सेना को भारी क्षति पहुंचाई। क्षेत्र के भूगोल का अध्ययन कर उसे युद्धनीति में ढालना उनकी विशेषता थी। उन्होंने मुगलों को दूर तक खदेड़ा। यह भांपकर कि आसफ खान के पास तोपखाना है, उन्होंने पहली ही रात उस पर प्रबल आक्रमण कर दिया। इस निर्णय ने उन्हें एक कुशल रणनीतिकार के रूप में स्थापित किया। अपने अंतिम युद्ध में रानी अपने प्रिय हाथी सरमन पर सवार हुईं। उनके पुत्र वीर नारायण भी रणभूमि में उतरे। अबुल फजल लिखते हैं कि वीर नारायण ने तीन बार शत्रु को पीछे धकेला, पर तीसरी बार घायल हो गए, तब रानी ने उन्हें सुरक्षित स्थान पर भेज दिया। इसके बाद सेना कमजोर पड़ती गई और अंत में केवल तीन सौ सैनिक रह गए। इसी बीच एक तीर उनके मस्तक के पास और दूसरा गर्दन में लगा। घायल रानी ने अपने विश्वस्त सैनिक आधार से कहा कि वे शत्रु के हाथ नहीं पड़ना चाहतीं। आधार ने उन्हें सुरक्षित निकाल ले जाने का प्रस्ताव था।

(लेखक सामाजिक कार्यकर्ता हैं)

पूर्वजों के प्रति आभार जताने के दिन



संकलित

दर्शन

श्राद्ध केवल एक अनुष्ठान नहीं है। यह पूरी श्रद्धा के साथ किया जाने वाला एक ऐसा कार्य है, जिसके द्वारा हम अपने जीवन में परिवार के मृत सदस्यों के योगदान को पहचानते हैं, स्वीकार करते हैं। इसके अलावा उन्हें याद करते हुए कृतज्ञता की भावना व्यक्त करते हैं। ऐसा करने पर निश्चित रूप से कुछ ऐसे कंपन उत्पन्न होते हैं, जो इस भौतिक संसार के दायरे से परे चले जाते हैं और इस अर्थ में दिवंगत आत्मा तक पहुंचते हैं। यदि आप कृतज्ञता और श्रद्धा की भावना महसूस किए बिना केवल अनुष्ठान करते हैं, तो उसका कोई अर्थ नहीं है। श्राद्ध हमारे उन पूर्वजों की याद में अच्छे कर्म करने का एक माध्यम है, जो अस्तित्व के इस भौतिक स्तर को पार कर चुके हैं। यह जीवित लोगों को याद कराता है, सब कुछ अनित्य है। हमारे प्राचीन ग्रंथ कहते हैं, 'यत पिंडे तत ब्रह्माण्डे'- 'जो इस शरीर में है, वही ब्रह्मांड में है।' कोई आत्मा अपने सांसारिक जगत से निकलती है, तो वह सार्वभौमिक चेतना में विलीन हो जाती है। यह एक निराकार और अगोचर क्षेत्र है। यह टीवी के विभिन्न चैनलों में ट्यूनिंग के कार्य के समान है। हम एक चैनल से संपर्क बनाते हैं, लेकिन उसी स्थान पर अन्य चैनलों की तरंगें भी मौजूद होती हैं, जिन्हें हम आवृत्ति बदलने पर प्राप्त कर सकते हैं। इसी प्रकार, हम अपने दिवंगत प्रियजनों की आत्मा की उपस्थिति को तब महसूस कर सकते हैं, जब हम उन्हें श्रद्धा के साथ याद करते हैं।

क्रोधी जीवनसाथी से रहें सावधान



संकलित

प्रेरणा

आचार्य चाणक्य ने हमेशा क्रोध करने वाली पत्नी से दूरी की बात कही है। उनके समय की सामाजिक व्यवस्था आज से अलग थी, इसलिए इस सीख को केवल महिलाओं तक सीमित करके देखना जरूरी नहीं है। इसका व्यापक अर्थ ऐसे जीवनसाथी से जुड़ा है, जिसके व्यवहार में लगातार क्रोध, झगड़ा और कटुता बनी रहे। पति-पत्नी के रिश्ते में सम्मान और संवाद का होना जरूरी है। हर बात पर गुस्सा और विवाद घर के माहौल को प्रभावित करता है। इसलिए रिश्ते में समस्या आने पर बातचीत, समझ और सुधार की कोशिश जरूरी है। चाणक्य की यह सीख बताती है कि केवल रिश्ते का नाम बनाए रखना ही पर्याप्त नहीं, उसके भीतर स्नेह और सम्मान भी होना चाहिए। चाणक्य कहते हैं कि रिश्ते सिर्फ नाम या खून के संबंध से नहीं निभते, उनमें अपनापन और स्नेह भी होना चाहिए। अगर कोई अपना ही व्यक्ति आपके सुख-दुख से कोई मतलब नहीं रखता और जरूरत के समय साथ खड़ा नहीं होता, तो ऐसे रिश्ते को केवल मजबूरी में ढोते रहने का कोई अर्थ नहीं है। लगातार उपेक्षा और स्वार्थ वाले संबंध मन को भीतर से परेशान करते हैं। ऐसे लोगों से हर समय उलझने के बजाय जरूरत के अनुसार, दूरी बनाना बेहतर है। चाणक्य की इस सीख का भाव रिश्ते तोड़ने से ज्यादा ऐसे संबंधों को पहचानने का है, जहां अपनापन खत्म हो चुका है और साथ केवल नाम भर का रह गया है।

सटाका



आज की पाती

दशहरे पर आत्ममंथन की जरूरत

हर साल जब दशहरे की शाम को रावण के विशाल पुतले धू-धू कर जलते हैं, तो दर्शकों की आंखों में उत्सव का रोमांच दिखाई देता है। पटाखों की गडग़ड़ाहट, आतिशबाजी की चमक और भीड़ का शोर इस पर्व को एक रंगीन उत्सव में बदल देता है। लेकिन सवाल यह है कि क्या इस पूरे आयोजन का संदेश- बुराई पर अच्छाई की जीत- हमारे जीवन और समाज में कहीं उतर पाता है? आज दशहरा एक मनोरंजन का ट्रेंड बनकर रह गया है। लोग पुतले जलाते हैं, फोटो और वीडियो बनाते हैं, सोशल मीडिया पर साझा करते हैं। लेकिन यह सोचने का समय शायद ही निकालते हैं कि यह रावण दहन केवल परंपरा निभाने के लिए नहीं, बल्कि हमें आत्ममंथन और सामाजिक सुधार का अवसर देने के लिए शुरू हुआ था।

- मोनिका देशवाल, सोनीपत

ट्रेंड

अधिकारों की लड़ाई



देश भर में लोग अपने अधिकारों के लिए लड़ रहे हैं और अक्सर अकेले ही लड़ रहे हैं। जेन जी, छात्र, किसान, आदिवासी, दलित, महिलाएँ-हर संघर्ष की अपनी कहानी है। लेकिन जो आवाज अकेले उठती है, वह अक्सर दबा दी जाती है।

- **राहुल गांधी,** सांसद, कांग्रेस

गठबंधन की जीत हो



जब नजर मंजिल पर टिकी हो, तो सफर आसान हो जाता है! अहम बात यह नहीं है कि गठबंधन को कितनी सीटें मिलती हैं या कौन सी सीट किसे मिलती है, अहम बात यह है कि हम सब यह पक्का करें कि जीत गठबंधन की ही हो।

- **अखिलेश यादव,** सांसद, सपा

खिलाड़ियों का समर्थन



हमारे खिलाड़ियों ने एशियन गेम्स में मेडल टेबल पर चौथा स्थान हासिल किया। सभी को बधाई। हमें हर खेल में अपने खिलाड़ियों का समर्थन और हौसला बढ़ाना चाहिए। वे सच में इसके हकदार हैं।

-**अरविंद केजरीवाल,** पूर्व सीएम, नई दिल्ली

कानून का डर कम



पंजाब में न तो कानून का रूतबा बचा है और न ही अपराधियों में कानून का डर ! एक ही दिन में एक इन्फ्लुएंसर और एक पूर्व सरपंच की हत्या बेहद चिंताजनक है। दिन-दहाड़े होने वाले अपराध इस बात का संकेत हैं कि अपराधियों के मन से कानून का डर कम होता जा रहा है।

- **सचिन पायलट,** पूर्व केंद्रीय मंत्री

करंट अफेयर

फेलोशिप पाने वाले पीएचडी के शोधार्थियों के लिए गाइडलाइन

दिल्ली के अंबेडकर विश्वविद्यालय ने फेलोशिप प्राप्त करने वाले पूर्णकालिक पीएचडी शोधार्थियों के लिए अपने दिशानिर्देशों में संशोधन किया है। नए दिशानिर्देशों ने 31 जुलाई को जारी उस कार्यालय आदेश का स्थान लिया है, जिसके बाद छात्रों ने विरोध प्रदर्शन किया था।



विश्वविद्यालय की 31 जुलाई की अधिसूचना में फेलोशिप प्राप्त करने वाले पूर्णकालिक पीएचडी शोधार्थियों के लिए उपस्थिति संबंधी अनिवार्यता लागू की गई थी। इससे शोधार्थियों के बीच उनकी अकादमिक और शोध संबंधी गतिविधियों पर प्रतिबंध लगाए जाने को लेकर चिंता पैदा हुई थी। विश्वविद्यालय प्रशासन ने अब कहा है कि 31 जुलाई की अधिसूचना को 30 सितंबर को जारी संशोधित कार्यालय आदेश से बदल दिया गया है। नए आदेश में शोधार्थियों को अधिक लचीलापन दिया गया है, हालांकि, उन्हें पाठ्यक्रम और सेमिनार में उपस्थित रहना होगा तथा अकादमिक गतिविधियों में सक्रिय भागीदारी के साथ अपने शोध कार्य में प्रगति बनाए रखनी होगी। प्रशासन ने कहा कि उपस्थिति का रिकॉर्ड शोध पर्यवेक्षक और कार्यक्रम समन्वयक रखेंगे तथा संबंधित स्कूल के डीन इसकी पुष्टि करेंगे। शोध पर्यवेक्षक, डीन के समग्र मार्गदर्शन में, शोधार्थी की संतोषजनक अकादमिक भागीदारी और उसके शोध कार्य में प्रगति सुनिश्चित करने के लिए भी जिम्मेदार होंगे।

ऑफ बीट

विनिमय दर को बचाव तंत्र के रूप में काम करने दे भारत

अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष ने कहा है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी के फैसले से वैश्विक वित्तीय स्थितियां सख्त होंगी। इसके साथ ही



उसने भारत को सुझाव दिया कि वह विनिमय दर को बचाव तंत्र के रूप में काम करने दे। आईएमएफ के एक प्रवक्ता ने शुक्रवार को कहा कि ऐतिहासिक रूप से फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी ने पूंजी प्रवाह, वित्तपोषण की स्थितियों और विनिमय दर में उतार-चढ़ाव के जरिए उभरते बाजारों के लिए कुछ दबाव पैदा किया है। मुद्रास्फीति से निपटने के अपने प्रयासों के तहत फेडरल रिजर्व ने 17 सितंबर को जुलाई 2023 के बाद पहली बार ब्याज दरों में वृद्धि की और संकेत दिया कि आगे एक और बढ़ोतरी हो सकती है। प्रवक्ता ने कहा कि अन्य देशों की तरह भारत पर इसका प्रभाव सख्ती (दर वृद्धि) की गति और अवधि के साथ ही घरेलू आर्थिक स्थितियों पर निर्भर करेगा। आईएमएफ प्रवक्ता ने कहा, हालांकि, भारत इस दौर में मजबूती की स्थिति के साथ प्रवेश कर रहा है। मजबूत वृद्धि की रफ्तार, एक भरोसेमंद मुद्रास्फीति-लक्षित ढांचा, पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार और कंपनियों तथा वित्तीय क्षेत्र के मजबूत बही-खातों ने भारतीय अर्थव्यवस्था के लचीलेपन को बढ़ाया है।

अपने विचार

हरिभूमि कार्यालय

पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्पलैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016

aapkepatra.haribhoomi@gmail.com

पर भेज सकते हैं।

पितरों को श्रद्धा से किया स्मरण, परमात्मा की रोशनी से उनके लिए मांगी शांति और सुख

पितरों को पत्र लिखकर भेजी अपनी भावनाएं, हल्का किया दिल, लगाया भोग

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल



ब्रह्माकुमारी सुख-शांति भवन एवं राजयोग भवन, अरेरा कॉलोनी में पितृ पक्ष के अवसर पर पितरों एवं पूर्वजों की स्मृति में श्रद्धा कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों ने अपने पूर्वजों को श्रद्धापूर्वक याद करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता, सम्मान और शुभभावनाएं अर्पित कीं। पितरों के लिए भोग अर्पित करने के साथ सभी ने ब्रह्माभोजन भी स्वीकार किया।

श्रद्धा और कृतज्ञता की भावना को जीवन में करें आत्मसात

राजयोग भवन अरेरा कॉलोनी में आयोजित कार्यक्रम में वरिष्ठ राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी नीता एवं राजयोगिनी ब्रह्माकुमारी शैल दीदी ने पितरों के प्रति श्रद्धा और कृतज्ञता की भावना को जीवन में आत्मसात करने का संदेश दिया। उन्होंने कहा कि पूर्वजों का सम्मान केवल परंपरा निभाना नहीं, बल्कि उनके प्रति शुभभावना रखते हुए उनके श्रेष्ठ संस्कारों और जीवन-मूल्यों को अपने जीवन में आगे बढ़ाना भी है। वरिष्ठ राजयोगी रामकुमार ने भी इस अवसर पर आध्यात्मिक दृष्टिकोण से पितरों के प्रति शुभ संकल्प और सकारात्मक भावनाओं के महत्व को स्पष्ट किया तथा राजयोग के माध्यम से मन को शांत एवं शक्तिशाली बनाने की प्रेरणा दी। कार्यक्रम में ब्रह्माकुमारी साक्षी ने ज्ञान एवं विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से पितरों के प्रति शुद्ध एवं सकारात्मक भाव रखने का संदेश दिया। राजयोग के माध्यम से सभी ने अपने पूर्वजों को परमात्मा के प्रकाश में स्थित होने का संकल्प कराया और भावना रखी कि वे जहां भी हों, शांत, सुखी एवं संतुष्ट रहें। सभी ने अपने-अपने पूर्वजों के नाम का एक फूल परमात्मा के आगे अर्पित कर उनके प्रति सम्मान एवं कृतज्ञता व्यक्त की।

आप जहां भी हों, आशीर्वाद बनाए रखें

एक भावपूर्ण गतिविधि के माध्यम से सभी ने अपने पूर्वजों के लिए छोटी-छोटी पर्चियों पर शुभ भावनाएं और संदेश लिखे। इनमें भावना व्यक्त की गई कि "आप जहां भी हों, आपका आशीर्वाद और शुभकामनाएं सदा हमारे साथ रहें। आपके दिए संस्कार और जीवन की सीख हमारे लिए सदैव प्रेरणा बनी रहेगी।" इन भावनाओं को परमात्मा के समक्ष अर्पित किया गया। इस अवसर पर आदरणीय चित्रा दीदी जी ने ईश्वरीय महावाक्य सुनाते हुए पितरों के प्रति सच्ची श्रद्धा का आध्यात्मिक अर्थ समझाया। उन्होंने कहा कि "सच्ची श्रद्धांजलि केवल किसी को याद करना नहीं, बल्कि उनके प्रति शुभ भावना रखकर अपने जीवन को श्रेष्ठ बनाना साथ ही है।"



जीवन को श्रेष्ठ बनाने का संकल्प है

इस अवसर पर दोनों सेवा केंद्रों से जुड़े वरिष्ठ राजयोगी-राजयोगिनी भाई-बहनों एवं श्रद्धालुओं ने पितरों को सम्मानपूर्वक स्मरण करते हुए यह भावना रखी कि पूर्वजों की सबसे सुंदर स्मृति उनके प्रति शुभ संकल्प, उनके श्रेष्ठ संस्कारों का सम्मान और अपने जीवन को श्रेष्ठ बनाने का संकल्प है।

पंडित खुशीलाल आयुर्वेद संस्थान में जुटेंगे विशेषज्ञ

भोपाल। आयुर्वेद में शरीर की स्थिति और रोगों के संकेत समझने के पारंपरिक माध्यम नाड़ी परीक्षा को आधुनिक वैज्ञानिक और अनुसंधानात्मक दृष्टिकोण से समझने के लिए भोपाल में देशभर के विशेषज्ञ जुटेंगे। पं. खुशीलाल शर्मा शासकीय स्वशासी आयुर्वेद महाविद्यालय एवं संस्थान और राष्ट्रीय आयुष मिशन के संयुक्त तत्वावधान में 6 अक्टूबर को 'नाड़ी विश्लेषण-2026' राष्ट्रीय संगोष्ठी आयोजित की जाएगी। संगोष्ठी में नाड़ी परीक्षा के शास्त्रीय सिद्धांतों से लेकर आज की चिकित्सा व्यवस्था में इसकी उपयोगिता और प्रासंगिकता पर चर्चा होगी। खास बात यह है कि आयोजन में नाड़ी परीक्षा को केवल पारंपरिक चिकित्सा पद्धति के रूप में देखने के बजाय उसके वैज्ञानिक आधार, अनुसंधान और व्यावहारिक चिकित्सकीय उपयोग पर विशेषज्ञ विचार-विमर्श करेंगे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ उमेश शुक्ला ने बताया कि संगोष्ठी का प्रमुख फोकस आयुर्वेद की पुरानी ज्ञान परंपरा को आधुनिक वैज्ञानिक नजरिए से समझना है। नाड़ी परीक्षा के शास्त्रीय सिद्धांतों को चिकित्सकीय उपयोग से जोड़ने के साथ ही इसके अनुसंधानात्मक पक्ष

अब कागजों पर नहीं दौड़ेंगी रेलवे की योजनाएं

रेलवे की योजनाएं: दो साल में काम शुरू नहीं हुआ तो स्वीकृति होगी खत्म

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

रेलवे की सालों से लंबित पड़ी योजनाएं अब सिर्फ कागजों पर नहीं दौड़ सकेंगी। रेलवे बोर्ड ने वित्तीय वर्ष 2027-28 के कार्य कार्यक्रम को लेकर सभी जोन के महाप्रबंधकों को पुराने प्रोजेक्ट की समीक्षा करने के निर्देश दिए हैं। जिन योजनाओं को मंजूरी मिले लंबा समय बीत चुका है, लेकिन अब तक काम शुरू नहीं हुआ, उनकी शून्य-आधार पर समीक्षा की जाएगी। उपयोगिता खत्म हो चुकी या प्राथमिकता से बाहर हो चुकी योजनाओं को बंद किया जा सकेगा।

भोपाल रेल मंडल की बात करें तो यहां लगभग सभी स्वीकृत प्रोजेक्ट पर काम शुरू हो चुका है। इनमें कुछ योजनाओं पर तेजी से काम चल रहा है, जबकि कुछ की रफ्तार अपेक्षाकृत धीमी है। रेलवे बोर्ड की नई व्यवस्था का असर उन योजनाओं पर ज्यादा पड़ेगा, जो मंजूरी मिलने के बाद भी लंबे समय से धरातल पर नहीं उतर पाई हैं।

भोपाल रेल मंडल में पुराने सभी प्रोजेक्ट चल रहा है, कुछ काम पूरे भी हो गए



दो साल में काम शुरू नहीं तो योजना स्वतः निरस्त

रेलवे बोर्ड के निदेशक (सिविल इंजीनियरिंग-जी) किशन रावत की ओर से जारी दिशा-निर्देशों में नई योजनाओं के लिए अधिकतम दो वर्ष की समय-सीमा तय की गई है। इस अवधि में यदि स्वीकृत काम शुरू नहीं हुआ तो योजना को स्वतः निरस्त माना जाएगा। इससे वर्षों तक बजट और स्वीकृति के बावजूद योजनाओं को लंबित रखने की व्यवस्था पर अंकुश लगेगा। रेलवे का फोकस अब ऐसी परियोजनाओं पर रहेगा, जिनका सीधा संबंध यात्रियों की सुविधा, सुरक्षा और रेल परिचालन क्षमता बढ़ाने से है।

1 दिसंबर तक पोर्टल पर करना होगा अपलोड

रेलवे बोर्ड ने सभी जोन को नए प्रस्ताव 1 दिसंबर तक संबंधित पोर्टल पर अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। वहीं चालू कार्यों की सूची 15 दिसंबर तक अपलोड करनी होगी। सभी प्रस्तावों और पुराने कार्यों की समीक्षा की जाएगी। प्राथमिकता और उपयोगिता के आधार पर इन्हें आगामी कार्य कार्यक्रम में शामिल किया जाएगा।

नई योजना लानी है तो पुरानी को हटाना होगा

रेलवे ने बजट प्रबंधन को लेकर भी सख्ती की है। अब नई योजना को कार्य कार्यक्रम में शामिल करने के लिए उसी लागत की किसी पुरानी या कम प्राथमिकता वाली योजना को हटाना होगा। यानी उपलब्ध बजट के भीतर ही नई परियोजनाओं के लिए जगह बनाई जाएगी। इससे बिना पर्याप्त बजट के नई योजनाओं को मंजूरी देने और पुरानी योजनाओं को लंबित रखने की स्थिति पर रोक लगेगी। इस नई व्यवस्था से रेलवे में वर्षों से लंबित उन परियोजनाओं पर फैसला होने की उम्मीद है, जो स्वीकृति मिलने के बावजूद अब तक जमीन पर शुरू नहीं हो पाई हैं।

ऑटो चालक से विवाद के बाद कार्यकर्ता पहुंचा था थाने

आनंद नगर चौकी में बजरंगदल कार्यकर्ता से मारपीट! एसआई-आरक्षक लाइन अटैच

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पिपलानी थाना क्षेत्र स्थित आनंद नगर में ऑटो चालकों से विवाद के बाद शिकायत करने आनंद नगर चौकी पहुंचे बजरंग दल कार्यकर्ता से चौकी में मौजूद पुलिसकर्मियों ने मारपीट कर दी। कार्यकर्ता का आरोप है कि पुलिसकर्मी ऑटो चालकों पर कार्रवाई नहीं कर रहे थे और शिकायत करने पर उससे ही मारपीट कर दी। मारपीट में उसकी बाईं आंख में चोट आई है। घटना का एक वीडियो भी सामने आया है। उक्त वीडियो और शिकायत एसीपी गोविंदपुरा तक पहुंची। इसके बाद चौकी का प्रभार संभाल रहे सब इंस्पेक्टर उमेश कुमार मिश्रा और कांस्टेबल नरोत्तम गुर्जर को लाइन अटैच किया गया है। वहीं ऑटो चालकों के खिलाफ भी मारपीट का केस दर्ज किया गया है।

ऑटो चालकों से मांगी थी साइड

शिवनगर बस्ती के तरुण सराठे आनंद नगर में सैलून चलाते हैं और बजरंग दल से जुड़े हैं। 29 सितंबर की रात करीब घर लौटते समय रास्ते में खड़े ऑटो चालकों से उन्होंने साइड मांगी थी। इसी पर विवाद हो गया। ऑटो चालकों ने गाली-गलौज करते हुए मारपीट कर दी। तरुण ने चौकी में कॉल कर पुलिस से मदद मांगी। सूचना पर एसआई उमेश मिश्रा और कांस्टेबल नरोत्तम गुर्जर पहुंचे। तरुण का आरोप है कि पुलिसकर्मी उसे चौकी लेकर पहुंचे ओर मारपीट की। बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने घटना की शिकायत एसीपी अदिति भावसार सक्सेना के पास की थी। एसीपी ने वरिष्ठ अधिकारियों को रिपोर्ट भेजी। रिपोर्ट के बाद सब इंस्पेक्टर उमेश कुमार मिश्रा और कांस्टेबल नरोत्तम गुर्जर को लाइन अटैच कर दिया गया है।

सरसंघचालक डॉ. भागवत करेंगे कारंजा में स्मृति भवन एवं बालासाहेब देवरस नेत्रालय का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के तृतीय सरसंघचालक बालासाहेब देवरस एवं ज्येष्ठ प्रचारक भाऊराव देवरस के पैतृक ग्राम कारंजा, तहसील लांजी, जिला बालाघाट में नवनिर्मित स्मृति भवन एवं बालासाहेब देवरस नेत्रालय का लोकार्पण समारोह आयोजित किया गया है। नवनिर्मित परिसर का लोकार्पण राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक डॉ. मोहन भागवत 6 अक्टूबर दोपहर 2:30 बजे करेंगे। नेत्रालय का संचालन माधव नेत्रालय द्वारा किया जाएगा। इस अवसर पर लोकार्पण के साथ एक सार्वजनिक कार्यक्रम भी आयोजित होगा। संगोष्ठी में वैद्य तपन कुमार, वैद्य संजय पी. छाजेड, वैद्य सुशांत मिश्रा, डॉ. भाग्यश्री गावंडे, डॉ. नवीन चंद्र जोशी, डॉ. प्रज्ञान त्रिपाठी और डॉ. गायत्री ममें शामिल होंगे। विशेषज्ञ नाड़ी परीक्षा विधि, महत्व और मरीज की स्थिति के आकलन में इसके व्यावहारिक इस्तेमाल से जुड़े अपने अनुभव साझा करेंगे।

रास्ते में सीएनजी खत्म हुई तो पुलिस ने दबोचा

चालक से मारपीट, ऑटो लूटकर अशोकनगर जा रहे बदमाश धराए

अंधेरे में चालक को सड़क पर गिराया और ऑटो लेकर हुए फरार

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

अयोध्या नगर थाना क्षेत्र में बदमाश ने ऑटो बुक किया और रास्ते में साथी को बैठाने के बाद सुनसान में ऑटो चालक के साथ मारपीट करते हुए उसे चलते आटो से गिरा दिया दिया। बदमाश ऑटो लेकर अशोक नगर की तरफ जा रहे थे। वारदात की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम ने ऑटो का पीछा किया। सीएनजी खत्म होने पर कुदावल के पास ऑटो बंद हो गया। इसी दौरान पीछा कर रही पुलिस टीम ने दोनों को दबोच लिया। पुलिस आरोपियों के खिलाफ लूटपाट, मारपीट का मामला दर्ज पूछताछ कर रही है।

पुलिस के अनुसार 3 अक्टूबर की रात अब्बास नगर निवासी ऑटो चालक अरमान का आटो निजामुद्दीन पिपलानी के पास बुक किया था। उसने अयोध्या नगर के सी सेक्टर से एक अन्य साथी को बैठाकर भानपुर जाने की बात कही। ऑटो में दोनों के बैठने के बाद कुछ दूर सुनसान रास्ते पर पहुंचे। इसी दौरान उन्होंने चालक को आगे-पीछे से पकड़कर मारपीट शुरू कर दी। इसके बाद लात मारकर उसे नीचे गिरा दिया और ऑटो लेकर भाग निकले। घटना की सूचना मिलते ही अयोध्या नगर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू की। चालक द्वारा बताए गए रास्ते पर पुलिस टीम आगे बढ़ी तो पता चला कि दोनों बिलखरिया से कुदावल की तरफ भागे हैं। पुलिस ने पीछा कर कुदावल के पास सड़क किनारे अंधेरे में ऑटो खड़ा देखा।

दोनों आरोपी सीएनजी खत्म होने के बाद उसे स्टार्ट करने की कोशिश कर रहे थे। पुलिस ने घेराबंदी कर सुमित मेहतर उर्फ सुमित वाल्मीकि (20) और सुमित उज्जैनवाल (24) को पकड़ लिया। उनके कब्जे से लूटा गया ऑटो और मोबाइल बरामद किया गया। दोनों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया।

मंत्री गौर ने सैनिटरी पैड किए वितरित

मासिक धर्म स्वच्छता को लेकर संकोच दूर करना बेहद आवश्यक

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक कल्याण राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर ने कहा कि मासिक धर्म महिलाओं एवं बेटियों के जीवन की एक अत्यंत स्वाभाविक जैविक प्रक्रिया है, किंतु लंबे समय तक सामाजिक झिझक के कारण इस विषय पर खुलकर चर्चा न होने से अनेक किशोरियों और महिलाओं को सही समय पर स्वच्छता संबंधी आवश्यक जानकारी नहीं मिल पाती थी। मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) कृष्णा गौर गोविंदपुरा क्षेत्र के रत्नागिरी चौराहा, आनंद नगर दशहरा मैदान में आयोजित विशाल सैनिटरी पैड वितरण समारोह को संबोधित कर रही थीं। उन्होंने कहा कि स्वस्थ बेटी, जागरूक महिला और आत्मविश्वासी नारी ही समाज की वास्तविक प्रगति का आधार हैं। स्वच्छता से स्वास्थ्य, स्वास्थ्य से आत्मविश्वास और आत्मविश्वास से महिला सशक्तिकरण का मार्ग प्रशस्त होता है। इस संदेश को प्रत्येक जरूरतमंद बहन-बेटी तक पहुंचाना हम सभी की सामूहिक सामाजिक जिम्मेदारी है।



राज्यमंत्री गौर ने लगभग 2,000 महिलाओं को 3 महीने की अवधि के लिए उपयोगी निःशुल्क सेनेटरी पैड का वितरण किया। उन्होंने कहा कि केवल सैनिटरी पैड उपलब्ध कराना ही पर्याप्त नहीं है, बल्कि इसके सुरक्षित उपयोग, उचित निस्तारण तथा स्वास्थ्य विशेषज्ञों से परामर्श लेने के संबंध में व्यापक जनजागरूकता बढ़ाना अत्यंत आवश्यक है।

प्रदर्शनकारी शिक्षक बोले-शिक्षकों का 10 साल का छठा, ढाई साल का 7वां वेतनमान नहीं दिया

टीईटी का विरोधः शिक्षक बोले-परीक्षा नहीं देंगे, पुरानी पेंशन लागू करें

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

शिक्षक पात्रता परीक्षा (टीईटी) के विरोध और पुरानी पेंशन लागू करने की मांग को लेकर रविवार को प्रदेशभर के शिक्षक राजधानी में जुटे हैं। प्रदेशभर से आए शिक्षक आंबेडकर पार्क में धरना दे रहे हैं। उनका कहना है कि वे किसी भी हाल में टीईटी नहीं देंगे। सरकार पुरानी पेंशन लागू करेंगे। जब सांसद-विधायक पेंशन ले रहे तो हम क्यों नहीं लें। शिक्षक संघर्ष समिति एवं वरिष्ठता बहाली मंच के बैनर तले यह प्रदर्शन चल रहा है। सुबह 11 बजे से शिक्षक पार्क में जुटने शुरू हुए। दोपहर 1 बजे से धरना शुरू हुआ। इसमें भोपाल, इंदौर, उज्जैन, नर्मदापुरम, ग्वालियर, चंबल, जबलपुर, शहडोल, सागर और रीवा संभाग के जिलों से शिक्षक-शिक्षिकाएं शामिल हुए। अध्यापत संघर्ष समिति के पदाधिकारी भारत भार्गव के अनुसार टीईटी लेने का फैसला लेकर सरकार शिक्षकों को शर्मिंदा कर रही है। 1998 या इससे बाद के शिक्षकों की परीक्षा लेंगे तो क्या ये सही है? हम डीएड-बीएड की पात्रता से ही चयनित हुए। हम डर नहीं रहे, लेकिन क्या दादा-दादी, नाना-नानी की उम्र में सरकार हमारी परीक्षा लेगी?



धरने में शामिल सैकड़ों महिला शिक्षक।

20 साल की सेवाएं शून्य कर दी गईं



धरने में शामिल एक शिक्षक ने अग्नि हवन किया।

धरना दे रहे शिक्षकों ने कहा कि सरकार ने शिक्षकों का 10 साल का छठा और ढाई साल का 7वां वेतनमान नहीं दिया। 20 साल की सेवाएं शून्य कर दी गईं। भार्गव ने कहा कि उनकी नियुक्ति वर्ष 1998 में हुई थी। अब तक 28 साल हो गए, लेकिन सरकारी पोर्टल पर उनकी सेवाएं 8 साल की ही दिखाई जा रही हैं। भारत भार्गव ने कहा कि सांसद-विधायक आजीवन पेंशन, वेतन और भत्ते लेते हैं। शिक्षकों ने कभी इस पर आपत्ति नहीं ली। उन्होंने सवाल उठाया कि फिर सरकार शिक्षक सहित कर्मचारियों की पुरानी पेंशन स्कीम लागू क्यों नहीं कर रही।

पुलिस कमिश्नरेट भोपाल ने नागरिकों के लिए जारी की एडवाइजरी

वाट्सएप पर जिप, ईएक्सई और डीएलएल फाइल से रहें हमेशा सावधान, एक क्लिक में खतरे में पड़ सकता है आपका संपूर्ण डेटा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वाट्सएप पर इनवॉइस, डॉक्यूमेंट या व्यू डिटेल्स के नाम से आने वाली संदिग्ध जिप, ईएक्सई, डीएलएल या एपीके फाइल को खोलना नुकसान भरा हो सकता है। साइबर अपराधी इन फाइलों के जरिए मालवेयर भेजकर मोबाइल या कंप्यूटर सिस्टम, निजी डेटा और वाट्सएप वेब को हैक कर सकते हैं।

पुलिस कमिश्नरेट भोपाल ने लोगों को साइबर ठगी से बचने के लिए एडवाइजरी जारी कर सावधानी बरतने की सलाह देते हुए अपील की है।

साइबर ठग पीड़ित के नाम से भेजते हैं संपर्कों का ठगी के संदेश



सिस्टम पर कब्जे की कोशिश

पुलिस के अनुसार साइबर ठग अक्सर भरोसा पैदा करने के लिए इनवॉइस, जरूरी दस्तावेज या किसी लिंक की जानकारी के नाम पर जिप फाइल भेजते हैं। इस फाइल के भीतर जिप, ईएक्सई और डीएलएल अथवा अन्य हानिकारक फाइल छिपी हो सकती है। इसे खोलने के बाद साइबर अपराधी कंप्यूटर या मोबाइल पर नियंत्रण हासिल कर लेते हैं। इसके बाद पीड़ित के नाम से उसके संपर्कों को ठगी वाले संदेश भेजे जाने का खतरा रहता है।

एक्सटेंशन जांचें, भेजने वाले से करें पुष्टि

पुलिस ने लोगों को सलाह दी है कि वाट्सएप पर आने वाली किसी भी संदिग्ध फाइल को खोलने से पहले उसका एक्सटेंशन जरूर जांचें। यदि फाइल किसी परिचित के नंबर से आई है, तब भी उसे खोलने से पहले संबंधित व्यक्ति से फोन पर इसकी पुष्टि कर लें। फाइल या लिंक केवल अधिकृत और विश्वसनीय स्रोत से ही डाउनलोड करें। साथ ही वाट्सएप के लिंक्ड डिवाइसेज की नियमित जांच करते रहें।

रिमोट एक्सेस एप इंस्टॉल करने से भी बचें

किसी भी तरह का रिमोट एक्सेस एप इंस्टॉल नहीं करना चाहिए। ओटीपी, पासवर्ड, यूपीआई पिन और बैंक डिटेल साझा न करें। अज्ञात जिप, ईएक्सई और डीएलएल फाइल को खोलने और किसी लिंक या अटैचमेंट पर क्लिक करने से बचें।

फाइल खुल जाए तो उठाएं यह कदम

यदि गलती से संदिग्ध फाइल खुल गई है तो सबसे पहले इंटरनेट बंद कर दें। इसके बाद वाट्सएप वेब और अन्य लिंक्ड डिवाइसेज से लॉगआउट करें। खातों के पासवर्ड बदलें और पूरे सिस्टम का एंटीवायरस स्कैन कराएं।

प्रभात साहित्य परिषद का 47वां वार्षिकोत्सव एवं सम्मान

डॉ. राजेश तिवारी को ज्ञान भारती, हीरालाल पारस को मिला डॉ हुकुम पाल सिंह सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

प्रभात साहित्य परिषद द्वारा रविवार को 47वां वार्षिकोत्सव एवं सम्मान समारोह तथा पुस्तक 'साक्षी के स्वर' का लोकार्पण दुष्यंत संग्रहालय के सभागार में पूर्व सांसद रघुनंदन शर्मा की अध्यक्षता, सूचना आयुक्त राजेश भट्ट के मुख्य आतिथ्य एवं श्रमश्री राष्ट्रीय अध्यक्ष रामबाबू शर्मा के विशेष आतिथ्य में तथा डॉ. अनीता तिवारी के संचालन में किया गया। मां सरस्वती की पूजन के उपरांत स्वागत वक्तव्य रमेश नन्द ने दिया।

इसके बाद अतिथियों ने डॉ. राजेश तिवारी को ज्ञान भारती, हीरालाल पारस को डॉ. हुकुम पाल सिंह



'विकल' सम्मान, डॉ. देवीदीन अविनाशी को भगवानदास शर्मा साहित्य, हरिओम सोनी को गीतकार महेश जोशी, कनुप्रदा श्रीवास्तव 'विधु' को गीतकार महेश जोशी , कमल सिंह कमल को डीडी राउत मानव, अवनींद्र खरे अंशुमान को मिथिलेश शर्मा, मनीष गोस्वामी को राधाकृष्ण शर्मा साहित्य, विरोनिका पीटर को श्यामा देवी वाजपेयी, श्वेता कुमारी को अजुद्दी देवी स्मृति सम्मान शाल श्री फल प्रतीक चिन्ह एवं सम्मान पत्र भेंट कर किया गया। इसके बाद शोभा जोशी साक्षी की पुस्तक 'साक्षी के स्वर' का लोकार्पण किया गया(काव्यपाठ के अंतर्गत संजय सिंह 'बाबूजी' मनीष गोस्वामी, सत्येंद्र सिंह सत्यज ने काव्यपाठ किया। आभार अशोक निर्मल ने व्यक्त किया।



हास्य के साथ रिश्तों की पेचीदगियां, महत्वाकांक्षा और प्रेम के दिखाए अलग-अलग

भारत भवन में हुआ चतुर्थ अखिल भारतीय सिंधी नाट्य समारोह का समापन

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बहुकला केंद्र भारत भवन में आयोजित चतुर्थ अखिल भारतीय सिंधी नाट्य समारोह का रविवार को तीन हास्य नाटकों की प्रस्तुतियों के साथ समापन हुआ। भारत भवन और सिंधी साहित्य अकादमी के सहयोग से आयोजित दो दिवसीय समारोह वरिष्ठ रंगकर्मी सुंदर अगनानी की स्मृति को समर्पित था।

अंतिम दिन मंच पर हास्य के साथ रिश्तों की पेचीदगियां, जीवन की विडंबनाएं, महत्वाकांक्षा और प्रेम के अलग-अलग रंग उभरकर सामने आए। कार्यक्रम में वरिष्ठ रंगकर्मी शंकर मूलवानी को 'सुंदर अगनानी सम्मान-2026' से सम्मानित किया गया।



सामाजिक मानसिकता पर भी व्यंग्य

समारोह की पहली प्रस्तुति शंकर मूलवानी के निर्देशन में 'शादी शर्त सां' रही। नाटक में पति-पत्नी, उनकी वयस्क बेटी और घर में काम करने वाला घरेलू नौकर है। बेटी एक युवक से प्रेम करती है और दोनों विवाह का निर्णय लेते हैं, लेकिन युवक विवाह के लिए एक शर्त रख देता है। लड़की इस अनजान शर्त को लेकर नाराज होती है और विवाह से इनकार कर देती है। माता-पिता पहले शर्त सुन लेने की सलाह देते हैं। जब लड़के के माता-पिता विवाह में दहेज के रूप में घरेलू नौकर को मांगते हैं तो कहानी अप्रत्याशित हास्य में बदल जाती है।



वरिष्ठ रंगकर्मी अशोक बुलानी को भारत भवन में नाट्य उत्सव के दौरान सम्मानित किया गया।

विनाश की ओर ले गया शॉर्टकट

अशोक बुलानी के निर्देशन में 'जिंदगी जा रंग' ने हास्य के बीच गंभीर सामाजिक संदेश रखा। नाटक योग्यता और मेहनत के बल पर सफलता हासिल तथा बच्चों पर विश्वास करने के साथ अंधविश्वास से बचने का संदेश देता है। कथा 2016 में बैरागढ़ में हुई एक घटना से प्रेरित है।

खबर संक्षेप



कियारा ने किया मेटल आर्टिस्ट मोहम्मद काशिफ को सम्मानित

भोपाल। राजधानी के प्रसिद्ध मेटल आर्टिस्ट, इंजीनियर और वर्ल्ड रिकॉर्ड होल्डर इंजीनियर मोहम्मद काशिफ को मुंबई के ताज लैंड्स एंड में आयोजित लग्जरी लाइफस्टाइल बिजनेस अवार्ड 2026 में अभिनेत्री कियारा आडवाणी ने इनोवेटिव आर्टिस्ट एंड स्कल्प्टर ऑफ द ईयर (मप्र) से नवाजा। यह सम्मान उन्हें जीआईएस के लिए भोपाल में 120+आर्ट इंस्टॉलेशन, मुख्यमंत्री निवास के लिए वैदिक घड़ी के डिजाइन और लैंडमार्क स्कल्प्चर प्रोजेक्ट्स में इनोवेशन के लिए दिया गया।

एमसीयू में पहली बार अंतरराष्ट्रीय स्तर के टॉक शो का आयोजन कल से

भोपाल। माखनलाल चतुर्वेदी राष्ट्रीय पत्रकारिता एवं संचार विश्वविद्यालय द्वारा 6 से 8 अक्टूबर तक 'आइडियाज द शेप अवर वर्ल्ड' विषय पर तीन दिवसीय टेडेक्स टॉक का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें प्रख्यात आध्यात्मिक चिंतक स्वामिनी सदविद्यानंद सरस्वती, वरिष्ठ चिकित्सक डॉ प्रिया भावे चित्तावर, मोटिवेशनल स्पीकर राजीव अग्रवाल एवं डॉ रितु शर्मा, वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी एवं लेखक मनोज श्रीवास्तव विभिन्न सत्रों में विद्यार्थियों को संबोधित करेंगे।

रंग श्री लिटिल बैले में चार स्त्री कवयित्रियों की अस्मिता और प्रतिरोध की गाथा 'सपना मेरा यही सखी'



ललद्यद के वाख, अक्का महादेवी के वचन के संग दिखी आण्डाल और मीरा की भक्ति....

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

भक्ति आंदोलन में स्त्री अस्मिता, स्वतंत्रता और प्रतिरोध के स्वर को केंद्र में रखती नृत्य नाटिका 'सपना मेरा यही सखी' की प्रस्तुति रविवार शाम रंग श्री लिटिल बैले ट्रूप में देखने को मिली। योगेंद्र सिंह की कोरियोग्राफी में तैयार नृत्य नाटिका में संगीत उमेश तरकसवार ने दिया। आठवीं से सोलहवीं सदी के बीच भाषाई परंपराओं में रची गई यह नृत्य नाटिका चार अद्वितीय स्त्री कवयित्रियों-कश्मीर की ललद्यद, कन्नड़ की अक्का महादेवी, तमिल की आण्डाल और राजस्थानी की मीरा-के जीवन और कृतित्व को एक साझा मंचीय आख्यान में पिरोती है।



स्त्री अस्मिता और अपनी पहचान गढ़ने की जद्दोजहद दर्शाती प्रस्तुति

ललद्यद के वाख और अक्का महादेवी के वचनों को संकलित करते हुए उनकी वैचारिक चेतना और काव्य-संवेदना की मंचीय व्याख्या प्रस्तुति में देखने को मिली। वहीं मीरा के जीवन और कृतित्व तथा आण्डाल की भक्ति और रचनात्मकता के संदर्भ भी कथा का हिस्सा बनते हैं।



संवादों के साथ लिरिकल फॉर्म में मूवमेंट बनाते खास

फ्री स्टाइल डांसिंग फार्म में तैयार इस नृत्य नाटिका में लिरिकल कंटेम्परेरी के साथ राजस्थान का घूमर और सूफियाना अंदाज, तमिलनाडु के भरतनाट्यम के साथ इंडियन सेमी-क्लासिकल और उदय शंकर शैली के तत्व दिखाई दिए। शैव परंपरा से जुड़ी ललद्यद और अक्का महादेवी ने सामाजिक बंधनों और पारंपरिक स्त्री भूमिकाओं को चुनौती दी।

बुंदेलखंड की माटी राम की, संस्कृति पावन धाम सी: पं. धीरेंद्र शास्त्री



बुंदेली समागम में संस्कृति, शिक्षा और विकास पर हुआ संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

बुंदेली भाषा, संस्कृति, कला और बुंदेलखंड की समृद्ध विरासत को नई पीढ़ी से जोड़ने के उद्देश्य से आयोजित तीन दिवसीय 'बुंदेली समागम 2026' का रविवार को रवींद्र भवन के अंजनी सभागार में शुभारंभ हुआ। दिनभर चले कार्यक्रम में बुंदेली गीत-संगीत, गायन, कविताओं और संवादों के माध्यम से बुंदेली संस्कृति की विविध छटा देखने को मिली।

कार्यक्रम में बुंदेली की चर्चित हस्तियों के साथ जेन जी क्रिएटर्स ने संवाद किया और बुंदेली भाषा के साथ बुंदेलखंड के विकास से जुड़े विषयों पर चर्चा की।

युवा अपनी भाषा, संस्कृति और परंपराओं से जुड़े रहें

कार्यक्रम में बागेश्वर धाम पीठाधीश्वर पं. धीरेन्द्र कृष्ण शास्त्री ने जेन जी क्रिएटर्स के साथ संवाद किया। बुंदेलखंड की संस्कृति और अपनी माटी से जुड़ाव का उल्लेख करते हुए उन्होंने कहा बुंदेलखंड की माटी राम की, संस्कृति पावन धाम सी है। उन्होंने युवाओं से अपनी भाषा, संस्कृति और परंपराओं से जुड़े रहने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि अपनी भाषा में गर्व करना चाहिए। खुद को जानना सबसे बड़ा ज्ञान है।

क्रांति गौड़ और सुनील लोधी के साथ हुआ संवाद

इसके बाद अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेटर क्रांति गौड़ और प्रसिद्ध भजन गायक सुनील लोधी के साथ भी संवाद हुआ। दोनों ने अपने अनुभव साझा किए और युवाओं से अपने क्षेत्र की प्रतिभा एवं संस्कृति को आगे बढ़ाने की बात कही।





आईआईए ने किया वास्तुकला के भविष्य, सांस्कृतिक विरासत पर मंथन

विरासत की नींव पर भविष्य की वास्तुकला का खाका

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

वास्तुकला सिर्फ इमारतें बनाने की कला नहीं, बल्कि संस्कृति, पर्यावरण और मानवीय जरूरतों को आकार देने का माध्यम है। विश्व आर्किटेक्चर डे की पूर्व संध्या पर इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ आर्किटेक्ट्स (आईआईए), भोपाल सेंटर ने मिंटो हॉल में आयोजित कार्यक्रम में वास्तुकला के भविष्य, सांस्कृतिक विरासत और पारंपरिक कारीगरी पर मंथन किया।

हाउसिंग इज अ ह्यूमन राइट रही थीम

विश्व आर्किटेक्चर डे की थीम 'हाउसिंग इज़ अ ह्यूमन राइट, बिल्ड इट' को केंद्र में रखते हुए वरिष्ठ वास्तुविदों, शहरी नियोजकों, डिजाइनरों और विद्यार्थियों ने टिकाऊ, समावेशी और मानवीय वास्तुकला पर विचार साझा किए। आईआईए भोपाल सेंटर के चेयरमैन आर्किटेक्ट हेमंत विश्वकर्मा ने संबोधित किया।

लाइव क्राफ्ट डिमॉन्स्ट्रेशन रहा आकर्षण का केंद्र

कार्यक्रम में कारपेंट्री, पॉटरी, फैब्रिकेशन, टेक्सचर वॉल और भोपाल की पारंपरिक जरी-जरदोजी कारीगरी के प्रदर्शन ने आकर्षित किया।

बीएसएसएस में 'प्रेरणा - ह्यूमैनिटेरियन डे 26' आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

द भोपाल स्कूल ऑफ सोशल साइंसेज में स्पार्टन्स क्लब द्वारा 'प्रेरणा - ह्यूमैनिटेरियन डे 2026' का आयोजन रविवार को किया गया। जिसमें मयार थिएटर ग्रुप द्वारा प्रस्तुत नाटक 'बंगाल फेमिन' आकर्षण का केंद्र रहा, जिसने 1943 के बंगाल अकाल की त्रासदी को जीवंत किया। इसका निर्देशन छात्रों विनम्र एवं युवान ने किया। वहीं फिनाले में भारतीय ज्ञान परंपरा पर आधारित नृत्य-नाटिका ने वर्चुअल दुनिया से निकलकर आपसी संवाद का संदेश दिया। इस अवसर पर पराग अग्रवाल को



'प्रेरणा ह्यूमैनिटेरियन एक्सीलेंस अवार्ड' और असिस्टेंट प्रोफेसर आशीष जैन को 'द ह्यूमैनिटेरियन स्पिरिट अवार्ड' प्रदान किया गया। प्रो. जैन को संस्था के देवआहारम में 8 वर्षों की निस्वार्थ सेवा के लिए सम्मानित किया गया।

राज्य स्तरीय वन्यजीव सप्ताह 2026 के तहत आयोजन

'मप्र के वन्यजीव' विषय पर पाम पेंटिंग प्रतियोगिता

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

राज्य स्तरीय वन्यजीव सप्ताह 2026 के अंतर्गत वन विहार राष्ट्रीय उद्यान, में वन्यजीव संरक्षण, जैव-विविधता, पर्यावरण संरक्षण एवं प्रकृति के प्रति जन-जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य से विभिन्न कार्यक्रमों एवं प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है। रविवार



को वन्यजीव संरक्षण के प्रति युवाओं एवं विद्यार्थियों में रचनात्मक सोच विकसित करने के लिए 'मप्र के वन्यजीव' विषय पर पाम पेंटिंग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

प्रतिभागियों ने पेंटिंग के माध्यम से मप्र के वन्यजीवों, उनके आवास एवं प्रकृति संरक्षण से जुड़े संदेशों को रचनात्मक रूप से प्रस्तुत किया। इस प्रतियोगिता में कुल 82 प्रतिभागियों ने भाग लिया।

जनजातीय संग्रहालय में 'संभावना' गतिविधि में गायन व नृत्य प्रस्तुति

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

नजातीय संग्रहालय में नृत्य, गायन एवं वादन पर केंद्रित गतिविधि 'संभावना' के अंतर्गत रविवार को शिवांश विश्वकर्मा एवं साथी, दमोह द्वारा भक्ति गायन, परमानंद केवट एवं साथी, विदिशा द्वारा ढिमरियाई नृत्य, जियालाल एवं साथी, डिण्डोरी द्वारा



ढिमरियाई नृत्य की प्रस्तुति दी

गोण्ड जनजातीय करमा नृत्य की प्रस्तुति की गई।

कार्यक्रम का शुभारंभ भक्ति गीतों से हुआ इसके बाद बुन्देलखण्ड की ढीमर जाति का पारम्परिक नृत्य ढिमरियाई प्रस्तुति किया, जिसमें मुख्य नर्तक हाथ में रेकड़ी वाद्य की सन्धि से पारम्परिक गीतों की नृत्य के साथ प्रस्तुति देते हैं। तो वहीं करता नृत्य में युवक-युवतियां दोनों भाग लेते हैं, दोनों के बीच गीत रचना की होड़ लग जाती है। वर्षा को छोड़कर प्रायः सभी ऋतुओं में गोंड आदिवासी द्वारा किए जाने वाले करमा नृत्य में करमा गीतों का प्रयोग होता है।

बैतूल के 90 से अधिक शिक्षकों को मिला 'वनमाली शिक्षक सम्मान 2026'



भोपाल। रबीन्द्रनाथ टैगोर विश्वविद्यालय (आरएनटीयू), भोपाल की ओर से 'वनमाली शिक्षक सम्मान 2026' समारोह आयोजित किया गया। समारोह में बैतूल जिले के विभिन्न विकासखंडों के विद्यालयों से जुड़े 90 से अधिक शिक्षकों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया।



रवींद्र भवन में गूंजे सदी के महानायक अमिताभ के दौर के सदाबहार नगमे

अमिताभ बच्चन नाइट में शब्बीर कुमार के गीतों पर झूमे संगीतप्रेमी

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

एम-3 ग्रुप भोपाल एवं एक्टिव फ्रेंड्स ऑफ द्वारा रविवार को हंसध्वनि, रवींद्र भवन में आयोजित 'शब्बीर कुमार लाइव – अमिताभ बच्चन' नाइट संगीत प्रेमियों के लिए यादगार बन गई। कार्यक्रम में बॉलीवुड के सदाबहार गीतों की शानदार प्रस्तुतियों ने दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। शब्बीर कुमार ने खूब तालियां बटोरी।



शब्बीर कुमार ने सुनाया मां शेरावाली

वहीं, शब्बीर कुमार ने मां शेरावाली, सारी दुनिया का बोझ हम उठाते हैं, मुझे पीने का शौक नहीं, जिंदगी हर कदम एक नई जंग है जैसे लोकप्रिय गीतों की प्रस्तुति दी। तेजल विश्वकर्मा ने भी अपनी सुरीली आवाज से दर्शकों का मन मोह लिया।



पग घुंघरू बांध मीरा नाची थी...ने बांधा समां

कार्यक्रम में अरविंद दयाल शर्मा ने कभी कभी, मेरे दिल में, पग घुंघरू बांध मीरा नाचे सहित कई लोकप्रिय गीत प्रस्तुत किए। इशिता विश्वकर्मा ने देखा एक ख्वाब तो ये सिलसिला हुआ, दूरी न रहे कोई, नीला आसमां सो गया, ये कहां आ गए हम जैसे गीतों से समां बांधा।

भाजपा की केंद्रीय चुनाव समिति ने राज्यसभा उम्मीदवारों के नाम किए घोषित

उत्तराखंड से दिनेश आर्य और पश्चिम बंगाल से मल्लिक को बनाया प्रत्याशी

इसके पहले अभिनेत्री और राजनेता कोयल टीएमसी से रास में सांसद रह चुकीं

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय जनता पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति ने उत्तराखंड में होने वाले राज्यसभा द्विवार्षिक चुनाव और पश्चिम बंगाल में होने वाले राज्यसभा उपचुनाव 2026 के लिए उम्मीदवारों की घोषणा की है। भाजपा ने उत्तराखंड से दिनेश आर्य और पश्चिम बंगाल से रुक्मिणी मल्लिक (कोयल मल्लिक) को उम्मीदवार बनाया है। दिनेश आर्य उत्तराखंड में राज्यस्तरीय पेयजल अनुश्रवण परिषद के उपाध्यक्ष (दर्जा राज्यमंत्री), मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह



धामी के जनसंपर्क अधिकारी, भाजपा के नैनीताल के पूर्व जिलाध्यक्ष और अनुसूचित मोर्चा के राष्ट्रीय मंत्री रह चुके हैं। हर दो साल में होने वाले चुनावों में जिन 11 सीटों पर वोटिंग होनी है, उनमें से 10 उत्तर प्रदेश से और एक उत्तराखंड से है।

11 सीटों पर होगा मतदान, इसमें 10 तो केवल उत्तर प्रदेश से संबंधित



दिनेश आर्य



कोयल मल्लिक

बंगाली फिल्मों से जुड़ी कोयल की पहचान

रुक्मिणी मल्लिक अभिनेत्री और राजनेता हैं, जिन्हें पेशेवर तौर पर कोयल मल्लिक या सिर्फ कोयल के नाम से जाना जाता है। उन्हें मुख्य रूप से बंगाली फिल्मों में उनके काम के लिए जाना जाता है। रुक्मिणी मल्लिक टीएमसी से राज्यसभा सदस्य रह चुकी हैं। बता दें कि उत्तर प्रदेश की 10 और उत्तराखंड की 1 सीट पर द्विवार्षिक चुनाव होंगे जबकि पश्चिम बंगाल की एक सीट पर उपचुनाव होगा। इन सभी सीटों पर 16 अक्टूबर को मतदान होगा।

भाजपा की जीत तय

उत्तराखंड की बात करें तो यहां राज्य विधानसभा में भाजपा के पास मजबूत बहुमत है। इस वजह से उत्तराखंड में भाजपा अपनी सीट बनाए रखने की मजबूत स्थिति में नजर आ रही है। इसी तरह, पश्चिम बंगाल की बात करें तो यहां भी राज्य विधानसभा में अपनी मजबूती के कारण पार्टी राज्यसभा सीट जीतने की स्थिति में है।

महाराष्ट्र विधान परिषद चुनाव

भाजपा ने 3 उम्मीदवारों के नाम किए घोषित

मुंबई। महाराष्ट्र विधान परिषद के स्नातक और शिक्षक निर्वाचन क्षेत्र



के चुनाव को लेकर भाजपा ने नामों की घोषणा कर दी है। पुणे से डॉ. स्मिता योगेश जाधव,नागपुर से सुधाकर विट्ठलराव कोहले ,पुणे शिक्षक सीट से कौस्तुभ मुरलीधर गावडे चुनाव लड़ेंगे।

इस तरह किया गया महायुति में सीट बंटवारा

महायुति ने इन चुनावों के लिए 3:1:1 का सीट बंटवारा फॉर्मूला तय किया है। महायुति में भाजपा के अलावा शिंदे की शिवसेना और सुनेत्रा पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी शामिल है। तय फॉर्मूले के तहत भाजपा 3 सीटों पर उम्मीदवार उतारेगी।

खबर संक्षेप

कन्हैयालाल हत्याकांड में 5 की जमानत खारिज

जयपुर। राजस्थान हाई कोर्ट ने कन्हैया लाल हत्याकांड से जुड़े 5 आरोपियों की जमानत याचिकाएं



खारिज कर दी हैं। सीजे संजय अग्रवाल और न्यायमूर्ति समीर जैन की पीठ ने वसीम अली, मुस्लिम खान, मोहसिन खान, मोहम्मद मोहसिन और आसिफ हुसैन की याचिकाओं पर फैसला सुनाया।साथ ही सख्त टिप्पणी भी की।

फौजी का शव लेकर लौट रहे बेटे समेत 4 की मौत

सुल्तानपुर । यूपी के सुल्तानपुर में पूर्वांचल एक्सप्रेसवे पर रविवार को सुबह सैनिक का पार्थिव शरीर ले



जा रही एंबुलेंस दुर्घटनाग्रस्त हो गई। हादसे में 4 लोगों की मौत हो गई। हादसा हलियापुर थाना क्षेत्र के जरई कला के पास हुआ। इस हादसे पर सीएम योगी ने दुख जताया है। योगी ने कहा दुर्घटना में जनहानि अत्यंत दुःखद है।

उदयनिधि स्टालिन पर एफआईआर दर्ज

धारापुरम। तमिलनाडु के धारापुरम विधानसभा उपचुनाव के बीच विपक्ष के नेता उदयनिधि स्टालिन



की मुश्किल बढ़ गई है। तिरुपुर पुलिस ने उनके खिलाफ चुनाव प्रचार में एक बच्चे को कथित तौर पर शामिल करने के आरोप में मामला दर्ज किया है। शनिवार को धारापुरम शहर में पेरियार की प्रतिमा के पास एक चुनावी सभा हुई थी।

पूर्व अग्निवीरों को कई नौकरियों में 12% आरक्षण

गुवाहाटी। असम सरकार ने राज्य के पूर्व अग्निवीरों के लिए पुलिस और उससे जुड़ी सेवाओं में 12 %



नौकरी आरक्षण को मंजूरी दे दी है। सीएम हिमंत बिस्व सरमा ने कैबिनेट बैठक के बाद इसकी जानकारी दी। स्थायी निवास वाले पूर्व अग्निवीरों के लिए पुलिस, असम पुलिस रेडियो संगठन में आरक्षण देंगे।

एसआईआर का जबरदस्त विरोध और सीईसी ज्ञानेश के इस्तीफे की मांग तेज

जंतर-मंतर की ओर बढ़े प्रदर्शनकारी, आइसा अध्यक्ष नेहा समेत आप के कई प्रदर्शनकारियों को दिल्ली पुलिस ने हिरासत में लिया



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

एसआईआर प्रक्रिया के विरोध और मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के इस्तीफे की मांग को लेकर दिल्ली में नागरिक मार्च किया। ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन (आइसा) के नेतृत्व में निकाला जा रहा मार्च इंडिया गेट से शुरू होकर जंतर-मंतर की ओर बढ़ा। वहीं प्रदर्शनकारियों और पुलिस के बीच नोकझोंक की खबर भी सामने आई है। मार्च में आइसा अध्यक्ष नेहा बोरा समेत सामाजिक कार्यकर्ता और विभिन्न छात्र संगठनों के सदस्य शामिल रहीं। वहीं दूसरी तरफ इंडिया गेट की ओर मार्च कर रहे आप कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया है। मार्च को देखते हुए दिल्ली पुलिस ने जंतर-मंतर और आसपास के इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था बढ़ा दी है। जनपथ मेट्रो स्टेशन के गेट नंबर-2 के पास जंतर-मंतर की ओर जाने वाले रास्ते पर पुलिस ने बैरिकेड लगाकर आवाजाही रोक दी है। लोगों पर पुलिस की नजर रही। मौके पर धीरे-धीरे पुलिस की संख्या भी बढ़ाई गई।

कई प्रदर्शनकारियों ने पुलिस पर लगाया बदसलूकी का आरोप, ड्रोन से निगरानी

ऑल इंडिया स्टूडेंट्स एसोसिएशन के नेतृत्व में निकाला था मार्च

इस दौरान पुलिस के बीच नोकझोंक की खबर भी सामने आई



आप कार्यकर्ता सड़क पर उतरे, नारेबाजी की

दिल्ली में आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार के खिलाफ प्रदर्शन करते हुए उनके इस्तीफे की मांग की। इंडिया गेट की ओर मार्च कर रहे आप कार्यकर्ताओं को पुलिस ने हिरासत में लिया। दिल्ली आप के अध्यक्ष सौरभ भारद्वाज ने आरोप लगाया कि पुलिस उनके साथ बदसलूकी कर रही है। उन्होंने कहा कि वे मुझे उठाकर इधर-उधर ऐसे फेंक रहे हैं, जैसे मैं कोई फुटबॉल हूं। यहां बड़ी संख्या में पुलिस बल मौजूद है, फिर भी वे अपने ही एसीपी के खिलाफ एफआईआर दर्ज नहीं कर रहे और न ही एसीपी को गिरफ्तार कर रहे हैं।

रिजिजू का खरगे पर वार- क्या आप और राहुल गांधी अवैध सांसद हैं?

कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे की प्रधानमंत्री और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह को अवैध बताने वाली टिप्पणी पर भाजपा ने



रविवार को तीखी प्रतिक्रिया दी। भाजपा ने खरगे से देश की जनता के जनादेश का अपमान करने के लिए माफी मांगने को कहा। खरगे ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं को भंग करने की मांग की थी। उन्होंने कहा था कि सभी चुनाव अवैध थे और प्रधानमंत्री, गृह मंत्री तथा सभी राज्यों के मुख्यमंत्री भी अवैध हैं। केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू ने खरगे और राहुल गांधी से सवाल पूछा, क्या आप अवैध सांसद हैं? क्या तमिलनाडु, कर्नाटक, केरल, पंजाब, जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश और झारखंड के मुख्यमंत्री अवैध हैं? रिजिजू ने कहा, संविधान का अपमान न करें।

गर्जना मार्च में गरजे मनसे प्रमुख राज ठाकरे

महाराष्ट्र में एसआईआर पूरी तरह से रद्द हो, बैलेट पेपर से हों चुनाव

मुंबई। महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना प्रमुख राज ठाकरे ने महाराष्ट्र में चल रही एसआईआर (स्पेशल इंटेंसिव रिवीजन) को लेकर बड़ा सवाल उठाया है। मुंबई में रविवार को गर्जना मार्च के मौके पर जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने मांग की है कि महाराष्ट्र में कराई जा रही पूरी एसआईआर प्रक्रिया को रद्द किया जाए। राज ठाकरे का कहना है कि कानून के मुताबिक एसआईआर तभी कराया जाता है, जब किसी तरह की आपात स्थिति पैदा हो।





एसआईआर की जरूरत ही क्या?

महाराष्ट्र में एसआईआर प्रक्रिया को रद्द किया जाना चाहिए। यहां उसकी जरूरत ही नहीं।

पहले लाखों वोटर जोड़े गए अब करोड़ों हटाए जा रहे

राज ने दावा किया 40 -60 लाख वोटर जोड़े गए थे और सत्ता हासिल की। अब 2 करोड़ को बाहर किया जा रहा है।

महाराष्ट्र में छात्रों का शक्ति प्रदर्शन

एमपीएससी आंदोलन में उतरेंगे दीपके, सरकार को दी चेतावनी

महाराष्ट्र लोक सेवा आयोग की परीक्षाओं की तैयारी कर रहे छात्रों के आंदोलन को समर्थन देने के लिए छात्र



नेता अभिजीत दीपके पुणे पहुंच रहे हैं। उन्होंने कहा है कि राज्य में 20 लाख से अधिक युवा इन परीक्षाओं की तैयारी कर रहे हैं। दीपके ने सरकार को उनकी आवाज सुनने की चेतावनी दी है। उन्होंने कहा कि ये मतदाता भी हैं। युवाओं की नाराजगी का जवाब मिलेगा।

युवाओं की आवाज को सुने सरकार

दीपके ने अपने संदेश में कहा कि अगर सरकार आज युवाओं की आवाज नहीं सुनती है, तो कल यही युवा अपने वोट के जरिए सरकार को जवाब देंगे। उनका बयान ऐसे समय आया है, जब एमपीएससी अभ्यर्थियों का सत्याग्रह चल रहा है।

रोहित पवार ने दी जानकारी

रोहित पवार ने सोशल मीडिया पर बताया कि छात्र नेता दीपके बुधवार शाम एमपीएससी अभ्यर्थियों के सत्याग्रह में शामिल होने और आंदोलन को समर्थन देने पहुंच रहे हैं।

सीएम सुवेंदु का बड़ा ऐलान

बंगाल में 6 माह में लागू होगा यूसीसी यहां 'लव और लैंड जिहाद' होगा बंद

एजेंसी ▶▶ कोलकाता

पश्चिम बंगाल के सीएम सुवेंदु अधिकारी ने कहा है कि राज्य में



उत्तराखंड और गुजरात की तर्ज पर यूसीसी लागू की जाएगी। सरकार 'लव जिहाद' और 'लैंड जिहाद' के खिलाफ भी कानून बनाएगी। इन कानूनों को अगले 6 महीने में लाने की तैयारी है। इसके अलावा पूर्व सीएम ममता बेनर्जी के खिलाफ जांच की जाएगी।

सरकार संविधान के अनुसार काम करेगी

सुवेंदु ने कोलकाता में आयोजित विश्व हिंदू परिषद (वीएचपी) के एक कार्यक्रम में कहा कि उनकी सरकार संविधान के अनुसार काम करेगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि सरकार भारतीय संस्कृति पर किसी भी तरह का हमला नहीं होने देगी और पूजा स्थलों की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए एक धार्मिक पर्यटन सर्किट भी विकसित किया जाएगा।

शिक्षा मंत्रालय का अहम फैसला

5 शास्त्रीय भाषाओं के लिए बनेंगे सेंटर ऑफ एक्सीलेंस

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

शास्त्रीय भाषाओं के अध्ययन को बढ़ावा देने शिक्षा मंत्रालय ने



शास्त्रीय भाषाओं के रिसर्च के लिए 5 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' को मंजूरी दी है। केंद्र सरकार भारत की समृद्ध भाषाई और साहित्यिक विरासत पर शोध, संरक्षण और डिजिटलीकरण और उसे व्यापक स्तर पर फैलाने का काम करेगी।

असमिया, शास्त्रीय बंगाली मराठी, पाली और प्राकृत भाषाएं होंगी शामिल

मंत्रालय ने शास्त्रीय असमिया, शास्त्रीय बंगाली, मराठी, पाली और प्राकृत भाषाओं के अध्ययन के लिए 5 'सेंटर ऑफ एक्सीलेंस' स्थापित करने को मंजूरी दी है। इन शास्त्रीय भाषाओं से जुड़े उच्च-स्तरीय एकेडेमिक रिसर्च, भाषाई और साहित्यिक विरासत के संरक्षण व डिजिटाइजेशन और ज्ञान के व्यापक प्रसार के लिए स्पेशल इंस्टीट्यूशनल सहयोग मिलेगा।

केंद्रीय मंत्री शिवराज और सीएम नायडू ने बुर्रीपालेम से भरी विकास की हुंकार

केंद्र सरकार ने दी आंध्रप्रदेश को 3 लाख पक्के आवासों की 'ऐतिहासिक सौगात'

एजेंसी ▶▶ गुंटूर

आंध्र प्रदेश के समग्र विकास और ग्रामीण उत्थान को नई गति देते हुए केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुंटूर जिले के बुर्रीपालेम गांव में राज्य को 3,600 करोड़ की लागत से 3 लाख पक्के आवासों की बड़ी सौगात दी। प्रदेश के सीएम नारा चंद्रबाबू नायडू की गरिमामयी मौजूदगी में चौहान ने देश की पहली 3डी कंक्रीट प्रिंटिंग तकनीक से बनने वाली 177 पायलट आवास परियोजना की नींव रखी। चौहान ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी और मुख्यमंत्री चंद्रबाबू नायडू की 'एक और एक ग्यारह' वाली जोड़ी राज्य को देश का नंबर-1 राज्य बनाने के लिए 360 डिग्री विकास कर रही है।

पायलट आवास परियोजना की नींव रखी



3 डी कंक्रीट प्रिंटिंग हाउसिंग पायलट परियोजना की शुरुआत भी की

तेनाली मंडल में ग्रामीण विकास की दिशा में कीर्तिमान बना। चौहान तथू नायडू ने प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण 2.0) के तहत 3 लाख पक्के मकानों की सौगात गरीबों को दी। देश की पहली 3 डी कंक्रीट प्रिंटिंग हाउसिंग पायलट की नींव रखी।

कैप्टन मच्छार को लेकर भाजपा ने राहुल पर साधा निशाना

वोट बैंक के डर से वे चुप क्यों? परिवार ने अब तक उन पर एक शब्द नहीं बोला

सुधांशु ने कसा तंज मांगा जवाब

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने रविवार को प्रेस वार्ता कर कैप्टन स्मित माछर पर गांधी परिवार की चुप्पी को लेकर



निशाना साधा। उन्होंने कहा कि कैप्टन स्मित ने पूरे देश और दुनिया को हैरान कर दिया है। पूरा देश उनकी उपलब्धि पर गर्व करता है। लेकिन कांग्रेस के 'पहले परिवार' की तरफ से उनके बारे में एक भी शब्द नहीं कहा है। भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि कैप्टन से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बात की है और इस्राइल के प्रधानमंत्री, अमेरिका के राष्ट्रपति ने उनकी तारीफ की। कांग्रेस के पहले परिवार की तरफ से कैप्टन स्मित माछर के बारे में एक भी शब्द, पोस्ट या प्रेस बयान नहीं आया है।

बाटला एनकाउंटर में सोनिया रोईं, अब हमदर्दी क्यों नहीं?

उन्होंने कहा कि उस परिवार की मुखिया सोनिया गांधी ने कभी बाटला हाउस एनकाउंटर के आरोपियों के लिए आंसू बहाए थे, फिर भी कैप्टन के लिए उनकी आंखों में हमदर्दी की कोई झलक नहीं दिखती। 'बिगड़ैल राजकुमार' राहुल, जो गाजा को लेकर इतने दुखी थे और ट्वीट्स, कांग्रेस वर्किंग कमेटी के प्रस्तावों और अखबारों के लेखों के जरिए दुख जाहिर कर रहे थे, वे अब 'वोट बैंक' से इतने डरे हुए लगते हैं कि इस मामले पर उनके मुंह से एक शब्द भी नहीं निकलता। मेरा मानना है कि पूरे देश को कांग्रेस के शीर्ष नेतृत्व के इस व्यवहार को बहुत गंभीरता से लेना चाहिए।

गुजरात पुलिस ने रेलवे स्टेशन पर लूट पर की ताबड़तोड़ कार्रवाई

कुछ ही घंटे में लुटेरे अरेस्ट, 4 करोड़ का सोना बरामद

एजेंसी ▶▶ अहमदाबाद

गुजरात पुलिस ने ज्वेलर के कर्मचारी से कीमती सामान चोरी होने की सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई की। घटना के कुछ घंटे में ही पुलिस ने 4 लोगों को गिरफ्तार किया और 4 करोड़ कीमत का 2 किलो 900 ग्राम सोना बरामद किया। यह सोना खेड़ा जिले के एक रेलवे स्टेशन से चुराया गया था। पुलिस ने बताया कि शनिवार शाम हुई लूट के कुछ ही घंटों बाद अहमदाबाद ग्रामीण पुलिस और रेलवे पुलिस (जीआरपी) की संयुक्त टीमों ने संदिग्धों को विरमगाम के पास पकड़ लिया। आरोप है कि लुटेरों के एक गिरोह ने एक ज्वेलर के कर्मचारी से कीमती सामान छीन लिया।

चार लुटेरों से 2 किलो 900 ग्राम सोना जब्त किया



पीड़ित ने पुलिस को दी गाड़ी का जानकारी

यह कर्मचारी कोलकाता से सोना लेकर नडियाद रेलवे स्टेशन पहुंचा था। बताया जा रहा कि चोरी के बाद पीड़ित ने आरोपियों का पीछा किया और उनकी गाड़ी की तस्वीर लेने में कामयाब रहा। इसके बाद उसने पुलिस को इसकी जानकारी दी।

इस तरह पकड़े गए शातिर

अहमदाबाद ग्रामीण पुलिस ने गाड़ी के रजिस्ट्रेशन की जानकारी और मोबाइल फोन सब्सक्राइबर डिटेल रिकॉर्ड डेटा के आधार पर भागने के संभावित रास्तों का पता लगाया। संदिग्धों के बनासकांठा जाने का संकेत मिला। पुलिस ने अहमदाबाद जिले के विरमगाम के पास संदिग्ध कार का पता लगाया और पाया कि बिना नंबर वाली एक गाड़ी जा रही थी। पुलिस की टीमों ने बिना नंबर वाली गाड़ी को रोकने के लिए ट्रक से नाकाबंदी की और मौके पर ही एक संदिग्ध को गिरफ्तार कर लिया।

इंस्पेक्टर को 500 मीटर घसीटा

पुलिस को देखते ही संदिग्धों ने कार गढ़वी की पुलिस गाड़ी से टकरा दी और पीछे से भागने की कोशिश की। गढ़वी ने चलती कार का दरवाजा पकड़कर कार के अंदर पहुंचने, हैंडब्रेक खींचने और गाड़ी को रोकने में कामयाब रहे। इस दौरान उन्हें लगभग 500 मीटर तक घसीटा गया। पुलिस के दूसरे कर्मचारियों ने तुरंत कार अपने कब्जे में लिया और उसमें सवार लोगों को गिरफ्तार किया।

यूक्रेन में भारतीय दवा कंपनी कुसुम ग्रुप के फार्मास्युटिकल प्लांट पर रूसी ड्रोन ने मचाई तबाही

रूस ने यूक्रेन पर किया हमला: भारत की दवा कंपनी तबाह, 400 करोड़ का नुकसान, 1 की जान भी गई

एजेंसी ▶▶ कीव

यूक्रेन में भारतीय दवा कंपनी कुसुम ग्रुप के फार्मास्युटिकल प्लांट पर रूसी ड्रोन से भीषण हमला हुआ है। इस हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि कई अन्य लोग घायल हो गए। अधिकारियों के अनुसार, यह हमला यूक्रेन के सूमी शहर स्थित प्लांट पर हुआ, जिससे इमारत का मुख्य ढांचा लगभग पूरी तरह तबाह हो गया है। हताहतों और घायलों की संख्या में अभी बदलाव हो सकता है।

यूक्रेन के सूमी शहर में भारतीय कारोबारी राजीव गुप्ता की दवा बनाने वाली फैक्ट्री थी


कीव के नॉर्दर्न ब्रिज पर भी हुआ धमाका

बढ़ सकता मौत का आंकड़ा

हमले के तुरंत बाद सामने आए वीडियो और तस्वीरों में ड्रोन टकराने वाली जगह से धुएं का एक बहुत बड़ा गुबार उठता दिखाई दिया। रूस-यूक्रेन युद्ध के पूरे दौर में भी प्लांट लगातार काम करता रहा था, लेकिन इस हमले से इसे भारी नुकसान पहुंचा है। प्रारंभिक अनुमानों के मुताबिक, इस हमले में कंपनी को कम से कम 400 करोड़ रुपये का भारी आर्थिक नुकसान हुआ है। रूस ने यूक्रेन के सूमी शहर में भारतीय कारोबारी राजीव गुप्ता की दवा बनाने वाली फैक्ट्री पर ड्रोन हमले में एक व्यक्ति की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हुए हैं। हमले के बाद फैक्ट्री वाले इलाके से धुएं का बड़ा गुबार उठता दिखाई दिया। अधिकारियों ने बताया कि मृतकों और घायलों की संख्या आगे बदल सकती है। यह फैक्ट्री रूस की सीमा से करीब 23 किलोमीटर दूर है।


यूक्रेन में सूमी शहर की दवा कंपनी में हुआ धमाका

युद्ध के दौरान भी चलता रहा सूमी का प्लांट

रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध शुरू होने के बाद भी सूमी की यह फैक्ट्री काम करती रही थी। अब रूसी ड्रोन हमले में इसकी मुख्य इमारत को भारी नुकसान पहुंचा है और फैक्ट्री का मुख्य काम रुक गया है। रिपोर्ट के मुताबिक, गर्मियों से रूस यूक्रेन में रोज बड़ी संख्या में शहीद ड्रोन भेज रहा है। ये ड्रोन जेट इंजन से चलते हैं और अपेक्षाकृत कम कीमत के हैं। यूक्रेन की एयर डिफेंस टीमों को इन्हें रोकने में मुश्किल हो रही है।

यूक्रेन में रूसी हमलों में 6 की मौत

रूस ने 3 अक्टूबर की सुबह यूक्रेन पर किए ताजा हमले में कम से कम 6 लोगों की मौत हुई। इस दौरान राजधानी कीव के नॉर्दर्न ब्रिज को भी नुकसान पहुंचा। हमला ऐसे समय पर हुआ है जब जर्मन चांसलर फ्रेडरिक मर्ज रविवार को स्पेशल ट्रेन से एक दिन के दौरे पर कीव पहुंचे हैं। रूस के रक्षा मंत्रालय ने हमले की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि इस ब्रिज का इस्तेमाल यूक्रेनी सेना के सैनिकों और सैन्य सामान की आवाजाही के लिए होता है। पिछले तीन दिनों में रूसी हमलों के कारण ड्निप्रो नदी पर बने कीव के 6 में से 3 सड़क पुलों पर पूरी या आंशिक रूप से आवाजाही बंद करनी पड़ी है। रूस ने शुक्रवार और शनिवार रात यूक्रेन के दूसरे सबसे बड़े शहर खार्किव और आसपास के इलाकों में ड्रोन और गाइडेड बमों से हमला किया था। क्षेत्रीय गवर्नर ओलेह सिनेहुबोव के मुताबिक इन हमलों में 5 लोगों की मौत हुई और 40 से ज्यादा घायल हुए।

खबर संक्षेप

भारत की मदद से कंबोडिया बारूदी सुरंग से मुक्त

नोमपेन्ह। कंबोडिया के कोह कोंग प्रांत में भारत समर्थित परियोजना के तहत करीब 1,98,000 वर्ग



मीटर भूमि से बारूदी सुरंगें साफ कर स्थानीय समुदाय को सौंप दी गईं। इससे काओ पाओ गांव के करीब 134 परिवारों को फायदा होगा। भारतीय दूतावास की उप प्रमुख तनु प्रिया और कंबोडियाई अधिकारी मौके पर मौजूद थे। दशकों के संघर्ष के कारण देश के बड़े हिस्से में अब भी बारूदी सुरंगें हैं। इस मौके पर नोम पेन्ह स्थित भारतीय दूतावास की मिशन की उप प्रमुख तनु प्रिया और कंबोडिया के अधिकारी मौजूद थे।

भारत को सलाहः विनिमय दर को बचाव तंत्र बनने दें

वाशिंगटन। आईएमएफ ने कहा है कि अमेरिकी फेडरल रिजर्व के दरें बढ़ाने से वैश्विक वित्तीय स्थितियां



सख्त होंगी। उसने भारत को सलाह दी कि वह विनिमय दर को बचाव तंत्र के रूप में काम करने दे। फेड ने 17 सितंबर को जुलाई 2023 के बाद पहली बार दरें बढ़ाईं और एक और बढ़ोतरी का संकेत दिया। प्रवक्ता के मुताबिक मजबूत वृद्धि, भरोसेमंद मुद्रास्फीति ढांचे और पर्याप्त विदेशी मुद्रा भंडार से भारत मजबूत स्थिति में है। आईएमएफ प्रवक्ता ने कहा,हालांकि, भारत इस दौर में मजबूती की स्थिति के साथ प्रवेश कर रहा है।

अमेरिका प्रत्यर्पण का विरोध कर रहे भारतीय दंपती

लंदन। भारतीय मूल के ब्रिटिश कारोबारी सुखी घुम्मण (48) और उनकी पूर्व पत्नी किरनजीत (48)



अमेरिका प्रत्यर्पण का विरोध कर रहे हैं। उन पर अमेरिका में अनुमोदन-रहित कैंसर दवाओं के जरिये मेडिकेयर समेत स्वास्थ्य योजनाओं से लाखों डॉलर की धोखाधड़ी का आरोप है। दोनों ने आरोप नकारे हैं। वेस्टमिंस्टर मजिस्ट्रेट अदालत में सुनवाई हुई। उन पर दवा तस्करी का भी एक आरोप है। कैलिफोर्निया और एरिजोना में उनके नियंत्रण वाले कैंसर उपचार केंद्रों में इन दवाओं का मरीजों पर इस्तेमाल किया गया।

म्यूनिख लीडर्स मीटिंग में बोले विदेश मंत्री जयशंकर

अमेरिका ने जानबूझकर खुद को अकेली 'शक्ति' बनाया, चीन के उभार से ही यूएस का बदला रुख



एजेंसी ▶▶ म्यूनिख

उभरती और मध्यम शक्तियों के बीच जहां उनके हितों का सीधा टकराव नहीं

अमेरिका-चीन की प्रतिस्पर्धा का दुनिया पर दिख रहा असर

विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को वैश्विक भू-राजनीति के बदलते समीकरणों पर बात की। एस जयशंकर ने कहा कि अमेरिका का बदला हुआ रुख और चीन का उभार आज के अंतरराष्ट्रीय परिदृश्य के दो मुख्य स्तंभ हैं। उन्होंने कहा कि वैश्विक प्रतिस्पर्धा अब केवल अमेरिका और चीन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसने विभिन्न देशों के पास मौजूद प्रभाव और साधनों के इस्तेमाल को भी एक नए रूप में ला दिया है।

म्यूनिख लीडर्स मीटिंग में बोलते हुए जयशंकर ने अमेरिका के बड़े बदलाव वाले रुख का जिक्र किया। उन्होंने कहा कि यह उसकी अपनी पसंद का रुख है और एक तरह से अमेरिका जानबूझकर खुद को अधिक अकेली शक्ति बना चुका है। जयशंकर ने कहा, आज के परिदृश्य की पहली प्रमुख विशेषता अमेरिका का अपने रुख में बड़ा बदलाव है।

अमेरिका और चीन दोनों देश एक -दूसरे पर रखते हैं नजर

चीन खुद को एक विशिष्ट देश के रूप में देखता है दोनों में स्पर्धा

यह बदलाव उसकी पसंद का है और एक तरह से उसने जानबूझकर खुद को अधिक अकेली शक्ति बनाया है। उन्होंने कहा कि दूसरी प्रमुख विशेषता चीन का उभार है। जयशंकर के अनुसार, चीन खुद को एक विशिष्ट देश के रूप में देखता है और वैश्विक स्तर पर दोनों के बीच काफी तीखी प्रतिस्पर्धा है। विदेश मंत्री ने कहा कि यह प्रतिस्पर्धा केवल अमेरिका और चीन तक सीमित नहीं है। उनके अनुसार, इसने किसी भी देश के पास मौजूद किसी भी प्रभाव या साधन के इस्तेमाल को एक हथियार के रूप में बदल दिया है। उन्होंने कहा कि यह प्रतिस्पर्धा आपसी निर्भरता की जटिलता के साथ-साथ चल रही है।

यूरोपीय देशों से गहरी साझेदारी कर हो सकता है वैश्विक लाभ

विदेश मंत्री ने कहा, यूरोप दुनिया को बहुत कुछ दे सकता है। गहरी साझेदारी के लिहाज से इससे बड़ा लाभ हो सकता है। कभी-कभी मुझे लगता है कि यूरोप खुद भी शायद इसके बारे में पर्याप्त रूप से जागरूक नहीं है।₹ उन्होंने कहा, पिछले कुछ वर्षों में यूरोप समग्र रूप से अधिक एकजुट हुआ है और इसलिए वैश्विक मंच पर बहुध्रुवीय व्यवस्था के एक ध्रुव के रूप में उसकी विश्वसनीयता भी बढ़ी है। जयशंकर ने कहा, आज यूरोप के पास वास्तव में एक बहुत मजबूत पक्ष है और सच कहूं तो भारत जैसे देश के लिए यूरोप से जुड़ने और उसके साथ अपने संबंधों को विकसित करने का यह बेहद मजबूत आकर्षण है।

उभरती और मध्यम शक्तियों के सहयोग पर जोर

जयशंकर ने कहा कि उभरती और मध्यम शक्तियों के बीच जहां उनके हितों का सीधा टकराव नहीं है, वहां वे आपसी सहयोग को मजबूत करने में रुचि रखती हैं। उन्होंने कहा कि इन देशों का अमेरिका और चीन के साथ सहयोग करना भी स्वाभाविक है। उन्होंने इसके उदाहरण के तौर पर क्वाड का जिक्र किया। कनेक्टिविटी के क्षेत्र में उन्होंने भारत-मध्य पूर्व-यूरोप आर्थिक गलियारा, अंतरराष्ट्रीय उत्तर-दक्षिण परिवहन गलियारा और नॉर्दर्न सी रूट का जिक्र किया। जयशंकर ने कहा कि ब्रिक्स भी इसका एक उदाहरण है, जहां विभिन्न पक्षों को लगता है कि उनकी सामूहिक आवाज अलग-अलग आवाजों की तुलना में अधिक प्रभावी है। उन्होंने अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन और आपदा रोधी बुनियादी ढांचे के लिए गठबंधन का भी उल्लेख किया। जयशंकर ने कहा कि इन दोनों पहलों की शुरुआत भारत ने की और वे सफल रही हैं। उन्होंने कहा कि मौजूदा वैश्विक व्यवस्था में कई देश, जरूरी नहीं कि वे प्रमुख शक्तियां हों, अपने हितों के अनुसार एक साथ आ रहे हैं। उनके अनुसार, ऐसे देश काम करने की व्यवस्थाएं बनाते हैं, एजेंडा तैयार करते हैं, संगठन विकसित करते हैं और सहयोग की आदतें विकसित करते हैं। उन्होंने इसे आज की बदलती वैश्विक व्यवस्था का हिस्सा बताया।

बहुध्रुवीयता के तेज उभार का भी जिक्र

जयशंकर ने वैश्विक स्तर पर बहुध्रुवीयता के तेजी से उभरने का भी उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि देशों के लिए ऐसे कई पक्षों के साथ संबंध रखना जरूरी हो गया है, जिनके साथ अपने हितों को हमेशा आसानी से एक जैसा बनाना संभव नहीं होता, लेकिन जिनके साथ संबंध रखना वास्तविकता है। उन्होंने इसे ₹जोखिमों को संतुलित करते हुए आगे बढ़ने की रणनीति₹ बताया। जयशंकर ने कहा कि इस स्थिति के बहुपक्षवाद पर पड़ने वाले प्रभावों को भी देखना होगा। उन्होंने कहा कि बहुपक्षवाद पहले से ही दबाव में है क्योंकि संयुक्त राष्ट्र जैसी प्रमुख बहुपक्षीय संस्था में गतिरोध स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है। उन्होंने कहा कि इस बदलती स्थिति का एक परिणाम छोटे-छोटे समूहों के रूप में भी सामने आ सकता है।

आतंकी के फोन से खुला राज

जंगल में घायल पड़ा आतंकी मूसा, जख्मों पर लगाता रहा शहद

एजेंसी ▶▶ जम्मू

जम्मू-कश्मीर में मारे गए लश्कर-ए-ताइबा के शीर्ष कमांडर मोहम्मद आसिफ उर्फ हाशिम मूसा के बारे में एक अहम जानकारी सामने आई है। जंगल में छिपे रहने के दौरान वह गोली के घावों पर शहद लगाकर अपना इलाज करता था। पाकिस्तान सेना के विशेष सेवा समूह का पूर्व कमांडो रहा मूसा सुरक्षा बलों से बचने के लिए पुंछ और राजोरी के जंगलों में लंबे समय तक छिपा रहा।



इसी हफ्ते बडगाम जिले के यूसमर्ग में सुरक्षा बलों के अभियान में उसे मार गिराया गया। अधिकारियों के अनुसार, राजोरी के डोरिमल-गंभीर मुगला इलाके में ऑपरेशन शेरूवाली के दौरान मूसा को गोली लगी थी। इसके बाद सुरक्षा घेरे के कारण उसे चिकित्सकीय उपचार नहीं मिल सका।

पांच साल से एजेंसियों के निशाने पर

मूसा करीब पांच साल से जम्मू-कश्मीर में सुरक्षा एजेंसियों की तलाश में था। अधिकारियों ने उस पर एक दर्जन से अधिक आतंकी हमलों में शामिल होने का आरोप लगाया है। इनमें अप्रैल 2023 में पुंछ के भाटा धुरियां में हुआ हमला शामिल है, जिसमें पांच जवान शहीद हुए थे। मई 2023 में राजोरी के कांडी जंगल में हुए विस्फोट में पांच कमांडो मारे गए थे। दिसंबर 2023 में पुंछ के डेरा की गली में हुए हमले में चार सैन्यकर्मियों की जान गई थी। मई 2024 में शासितार के पास भारतीय वायुसेना के काफिले पर हुए हमले में एक जवान की मौत हुई थी।

यासिर के फोन में मिलीं तस्वीरें

अधिकारियों ने बताया कि सितंबर के पहले सप्ताह में यूसमर्ग के ऊंचाई वाले इलाके में मारे गए आतंकी यासिर के फोन से मूसा के घावों की तस्वीरें मिली थीं। इन तस्वीरों को सीमा पार मौजूद उसके हैंडलरों तक भेजा गया था ताकि उन्हें मूसा की स्थिति की जानकारी मिल सके। बताया गया है कि हैंडलर शहद के शुद्ध होने पर भी जोर दे रहे थे ताकि घाव जल्द भर सकें।

पहले भारत के साथ कर चुकी समझौता

अमेरिका की कंपनी पावरस पाक को देगी ड्रोन तकनीक



एजेंसी ▶▶ वॉशिंगटन

अमेरिकी रक्षा कंपनी पावरस ने पाकिस्तानी सेना के साथ ड्रोन तकनीक को लेकर समझौता किया है। कंपनी ने 16 सितंबर को पाकिस्तानी सेना के साथ समझौता ज्ञापन किया, जिसमें मानवरहित हवाई प्रणाली का शुरुआती ऑर्डर भी शामिल है। कंपनी ने ऑर्डर की पुष्टि की है, लेकिन तकनीक और कीमत का खुलासा नहीं किया गया है। पावरस इससे पहले भारतीय कंपनी पारस डिफेंस के साथ गार्डियन-1 प्रणाली पर भी समझौता कर चुकी है, इसलिए यह घटनाक्रम भारत के लिए खास मायने रखता है। पावरस के सह-संस्थापक ब्रेट वेलिकोविच के मुताबिक ऑर्डर की सटीक जानकारी गोपनीय रखी गई है। कंपनी की योजना आगे पाकिस्तान में संयुक्त तकनीकी साझेदारी और निर्माण व्यवस्था बनाने की भी है।

खुफिया जानकारी लीक करने का आरोप

पाकिस्तानी एजेंट के हनीट्रैप में फंसा नेवी का जवान, गिरफ्तार

एजेंसी ▶▶ कोयंबटूर

आंध्र प्रदेश पुलिस की काउंटर इंटेलिजेंस (सीआई) सेल ने इंडियन नेवी के जवान प्रदीप मुखर्जी को कोयंबटूर से गिरफ्तार किया है। उस पर पाकिस्तानी महिला खुफिया एजेंट को डिफेंस की सेंसिटिव जानकारी देने का आरोप है। रिपोर्ट के मुताबिक, एजेंट ने जवान को हनीट्रैप में फंसाया था। प्रदीप कोयंबटूर के रेड फील्ड्स स्थित इंडियन नेवल शिप (आईएनएस) अग्रणी में मैनेजमेंट डेवलपमेंट कोर्स कर रहे थे। कुछ महीने पहले महिला



एजेंट ने सोशल मीडिया के जरिए प्रदीप से संपर्क किया था। उसने धीरे-धीरे उनसे दोस्ती बढ़ाई और विशाखापट्टनम नेवल बेस से जुड़ी जानकारी ली। काउंटर इंटेलिजेंस की स्पेशल टीम शनिवार सुबह आईएनएस अग्रणी पहुंची और प्रदीप को हिरासत में ले लिया।

अमेरिकी सैन्य कार्रवाई के लिए भी तैयार

ईरान का दो टूकः 7 शर्तें मानी जाएं तो 7 दिन में खुलेगा होर्मुज

एजेंसी ▶▶ तेहरान

मिडिल ईस्ट युद्ध में दोनों ओर से हमलों का सिलसिला भले थमा नजर आ रहा हो, लेकिन होर्मुज स्ट्रेट को लेकर तनातनी जारी है। दुनिया की करीब 20 फीसदी तेल जरूरत से जुड़े इस समुद्री रूट को ईरान केवल अपनी शर्तों पर खोलने की बात कह रहा है, जबकि इसके आसपास अमेरिकी नौसेना की नाकाबंदी जारी है। स्थानीय मीडिया रिपोर्ट के अनुसार ईरान के संसद अध्यक्ष मोहम्मद बागेर गलिबाफ ने रविवार को कहा कि जब तक जून में अमेरिका के साथ हुए अंतरिम समझौते में तय ईरान की सात शर्तें पूरी नहीं होतीं, होर्मुज नहीं खुलेगा।

अमेरिकी नौसेना ने कर रखी है नाकेबंदी



इस्लामाबाद समझौता ज्ञापन पर आधारित इन शर्तों को लेकर ईरान का रुख पूरी तरह स्पष्ट और दृढ़ है। यह बयान तेहरान को वाशिंगटन से उसके राजनयिक प्रस्ताव का जवाब मिलने के कुछ दिन बाद आया है।

रक्षा के लिए कार्रवाई करेगा ईरान

राजनयिकों से बातचीत में उन्होंने कहा कि ये शर्तें उन प्रतिबद्धताओं से जुड़ी हैं, जिन्हें अमेरिका को स्वीकार करना होगा। अराघची को उम्मीद है कि वाशिंगटन कूटनीति का रास्ता चुनेगा, सैन्य समाधान की ओर बढ़ने पर ईरान पहले से कहीं ज्यादा तैयार है। अपनी रक्षा के लिए हर जरूरी कार्रवाई करेगा।

नेतन्याहू ने कैप्टन स्मित को दिया न्योता कहा

पीएम नरेंद्र मोदी के साथ आइए, मशाल जलाएंगे

विमान को क्रश करना चाहता था आतंकी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने फ्लाईदुबई एयरलाइन के भारतीय पायलट कैप्टन स्मित माछर से करीब 6 मिनट फोन पर बात की।



उन्होंने कहा- आप भारत और इजराइल के लोगों के सच्चे हीरो हैं। आप पूरी दुनिया के हीरो हैं। नेतन्याहू ने स्मित को इजराइल आने का न्योता भी दिया। उन्होंने कहा- मैं आपको और अपने दोस्त पीएम नरेंद्र मोदी को अगले स्वतंत्रता दिवस पर जश्न की मशाल जलाने का न्योता देना चाहता हूं। नेतन्याहू ने कैप्टन स्मित से पूछा कि फ्लाइट में आखिर हुआ क्या था। स्मित ने बताया कि हमले से पहले को-पायलट ने नमाज करने की बात कही थी। इसके कुछ मिनट बाद उसने अचानक उन पर हमला कर दिया। जिस कुल्हाड़ी से हमला किया था वो भी बेहद खतरनाक है।

11 मई को इजराइल में होगा बड़ा आयोजन

बता दे कि इजराइल का स्वतंत्रता दिवस योम हा अत्जमाउत कहलाता है। यह हिब्रू कैलेंडर के 5 इयार को मनाया जाता है। इसलिए ग्रेगोरियन कैलेंडर में इसकी तारीख हर साल बदलती रहती है। 2027 में स्वतंत्रता दिवस 12 मई को होगा। इसका समारोह 11 मई की शाम से शुरू होगा। इसी दौरान यरुशलम के माउंट हर्जल पर मशाल जलाने का खास समारोह आयोजित किया जाता है।

भारत के पास करीब 190 परमाणु वॉरहेड

हवाई ताकतः मिराज मुख्य, जगुआर दूसरा विकल्प

जमीन,हवा और समुद्र से दुश्मन के घर हमले की क्षमता वाला न्यूक्लियर ट्रायड है तैयार

जमीनः मिसाइलों से हमला करने में सक्षम

समुद्रः पनडुब्बी से छोड़ी जाने वाली मिसाइलें

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

विदेशी वैज्ञानिकों का अनुमान है कि भारत के पास लगभग 190 परमाणु बम हैं और वह इन्हें ले जाने वाले सिस्टम को लगातार आधुनिक बना रहा है। बुलेटिन ऑफ द एटॉमिक साइंटिस्ट्स की रिपोर्ट के मुताबिक, भारत नो फर्स्ट यूज की नीति पर कायम है।

हंस एम. क्रिस्टेंसन, मैट कोर्डा, एलियाना जॉन्स और मैकेंजी नाइट-बॉयल की लिखी इस रिपोर्ट में कहा गया है कि बम तभी कारगर हैं, जब उन्हें दुश्मन के इलाके में अंदर तक,



अपनी मर्जी से और सही निशाने पर गिराया जा सके। रिपोर्ट के अनुसार, भारत के पास आज कई तरह के एयरक्राफ्ट, जमीन से दागी जाने वाली मिसाइलें और समुद्र आधारित सिस्टम हैं। ये मिलकर पूरी तरह काम करने वाला न्यूक्लियर ट्रायड बनाते हैं, यानी जमीन, हवा और समुद्र से परमाणु हमला करने की क्षमता। रिपोर्ट के मुताबिक, भारत के पास दो तरह के विमान हैं, जिनके परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम होने का अनुमान है।

फ्रांस से खरीदे और समय के साथ अपग्रेड किए गए मिराज 2000 लड़ाकू विमान परमाणु हमले के लिए मुख्य एयरक्राफ्ट बने हुए हैं। ब्रिटेन और फ्रांस के साझा डिजाइन वाले जगुआर स्ट्राइक विमान, जो दशकों पहले वायुसेना में शामिल हुए थे, दूसरा विकल्प माने जाते हैं।

अमेरिका, चीन और पाक से तुलना

रिपोर्ट के अनुसार, भारत की हवाई परमाणु क्षमता अमेरिका से अलग है। अमेरिका के पास बी-2 और बी-21 स्टील्थ बॉम्बर के साथ एडवांस्ड फाइटर जेट भी हैं। चीन एच-6 सीरीज जैसे बॉम्बर पर निर्भर है और नई लंबी दूरी की प्रणालियां विकसित कर रहा है। पाकिस्तान की क्षमता मुख्य रूप से फाइटर जेट और बढ़ती मिसाइल ताकत पर टिकी है। वहीं भारत ने संघर्ष की स्थिति में भी सुरक्षित रहने के लिए विमानों, जमीन से मार करने वाली मिसाइलों और पनडुब्बी से छोड़ी जाने वाली मिसाइलों का संतुलित मिश्रण तैयार किया है।

भारत चौथे स्थान पर, 2036 की राह में सबक दे गए एशियाई खेल

एजेंसी ▶▶| नागोया

भारत की खेल महत्वाकांक्षाओं को आइची-नागोया एशियाई खेलों में एक कड़वी वास्तविकता का सामना करना पड़ा जहां पिछले हांगझोउ खेलों में रिकॉर्ड प्रदर्शन के बाद एक और बड़ी छलांग की उम्मीद थी लेकिन अभियान पदकों की संख्या में बड़ी गिरावट के साथ समाप्त हुआ। भारत ने कुल पदक तालिका में अपना चौथा स्थान बरकरार रखा लेकिन इस बार उसके खाते में 85 पदक ही रह गए जिसमें 21 स्वर्ण, 27 रजत और 37 कांस्य पदक शामिल हैं। यह पिछले एशियाई खेलों में हासिल किए गए 106 पदकों से 21 कम और स्वर्ण पदकों के मामले में सात कम है।

■ भारत को एक कड़वी वास्तविकता का सामना करना पड़ा

मौजूदा देशों और भारत के बीच अब भी अंतर बड़ा

भारत का चौथे स्थान पर रहना अब भी उसे एशिया के प्रमुख खेल राष्ट्रों में बनाए रखता है। यह उपलब्धि महत्वपूर्ण है लेकिन शीर्ष पर मौजूद देशों और भारत के बीच अंतर अब भी बहुत बड़ा है। अगर अंतिम दो दिनों में भारत ने 11 स्वर्ण पदकों की शानदार झड़ी नहीं लगाई होती तो शीर्ष पांच में जगह बनाना भी मुश्किल होता।

रिकॉर्ड प्रदर्शन के बाद अभियान पदकों में गिरावट के साथ हुआ खत्म

शीर्ष पर चीन का दबदबा कायम रहा

वर्ष 2036 तक शीर्ष 10 और 2047 तक शीर्ष पांच खेल राष्ट्र बनने का लक्ष्य रखने वाले भारत को ये आंकड़े याद दिलाते हैं कि शानदार प्रदर्शन करना एक बात है लेकिन लगातार प्रगति बनाए रखना कहीं अधिक कठिन चुनौती है। शीर्ष पर चीन का दबदबा कायम रहा। उसने 169 स्वर्ण सहित कुल 341 पदक जीते। जापान 83 स्वर्ण और कुल 269 पदकों के साथ दूसरे तथा दक्षिण कोरिया 39 स्वर्ण और 150 पदकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।



रिले टीम ने एथलेटिक्स में दिलाया एकमात्र गोल्ड

ज्योति याराजी ने अभ्यास के दौरान घुटने में दर्द और परेशानी महसूस होने के बाद महिलाओं की 100 मीटर बाधा दौड़ की शुरुआती हीट से पहले नाम वापस ले लिया। घुटने की गंभीर चोट से वापसी कर रहे अविनाश साबले पुरुषों की 3000 मीटर स्टीपलचेज में चौथे स्थान पर रहे। किरण पाहल, एम पूवम्मा, प्राची चौधरी और विथ्या रामराज की महिला चार गुणा 400 मीटर रिले टीम ने एथलेटिक्स का एकमात्र स्वर्ण दिलाया।

सुरूचि ने निशानेबाजी में स्वर्ण से खाता खोला

सुरूचि सिंह और कमलजीत ने 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित टीम स्पर्धा में स्वर्ण जीतकर भारत का निशानेबाजी में सोने के तमगे का खाता खोला। हालांकि टीम का माहौल बदलने वाली खिलाड़ी नीरू ढांडा रहीं। सत्ताइस वर्षीय नीरू ट्रैप निशानेबाजी में व्यक्तिगत एशियाई खेल स्वर्ण जीतने वाली पहली भारतीय महिला बनीं।

नीरज चोट के कारण हुए बाहर

एथलेटिक्स में भी भारत को बड़ा झटका लगा। प्रतियोगिता शुरू होने से पहले ही भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी नीरज चोपड़ा चोट के कारण हट गए और भारत का एक बड़ा स्वर्ण पदक दावेदार बाहर हो गया। मुश्किलें यहीं खत्म नहीं हुईं।

चोटों ने भी खिलाड़ियों की परेशानी बढ़ाई

तेजिंदरपाल सिंह तूर एशियाई खेलों में स्वर्ण पदकों की हैट्रिक पूरी नहीं कर सके, जबकि लंबी कूद के मुरली श्रीशंकर और ऊंची कूद के सर्वेश कुशारे को रजत से संतोष करना पड़ा। इन खिलाड़ियों का प्रदर्शन दिखाता है कि भारत मुकाबले में तो है, लेकिन पदक के रंग को स्वर्ण में बदलने में अभी अंतर बाकी है। चोटों ने भी परेशानी बढ़ाई।

उम्मीद से कम पदक आए

भारत के पदक अभियान में कमी का सबसे बड़ा कारण उसका दो पारंपरिक मजबूत खेलों निशानेबाजी और एथलेटिक्स का अपेक्षा के अनुरूप प्रदर्शन नहीं कर पाना रहा। दोनों खेलों से काफी उम्मीदें थीं लेकिन हांगझोउ की तुलना में भारत को इस बार कम पदक मिले। इससे निरंतरता, दबाव से निपटने और तैयारी में मौजूद कमियां उजागर हुईं।

निशानेबाजी में भारत का प्रदर्शन कमजोर रहा

निशानेबाजी में भारत का प्रदर्शन खास तौर पर गिरा। पिछली बार सात स्वर्ण, नौ रजत और छह कांस्य सहित 22 पदक जीतने वाली 30 सदस्यीय भारतीय टीम इस बार जापान से तीन स्वर्ण, आठ रजत और चार कांस्य सहित 15 पदक लेकर लौटी। अभियान की शुरुआत कई मौकों के हाथ से निकलने और दावेदारों के लड़खड़ाने से हुई।

मनु का प्रदर्शन निराशाजनक रहा

दो बार की ओलंपिक पदक विजेता मनु भाकर का अभियान निराशाजनक रहा और महिलाओं की 10 मीटर एयर पिस्टल में भारत पदक नहीं जीत सका। पुरुषों की 10 मीटर एयर पिस्टल में कमलजीत, आकाश भारद्वाज और केदारलिंग उचागांवने की टीम भी प्रभाव छोड़ने में नाकाम रही।

खबर संक्षेप

चाइना ओपन में निकोला ने सबालेंका को हराया

बीजिंग। दुनिया की दूसरे नंबर की खिलाड़ी आर्यना सबालेंका को रविवार को चीन ओपन के तीसरे दौर में चेक गणराज्य की निकोला बारतुंकोवा के हाथों सीधे सेटों में हारकर बाहर होना पड़ा। विश्व रैंकिंग में 34वें स्थान पर काबिज बारतुंकोवा ने करीब डेढ़ घंटे में चार बार की ग्रैंड स्लैम चैंपियन सबालेंका को 6-4, 6-3 से हराया। इसके साथ ही टूर्नामेंट के पहले सप्ताह में शीर्ष दो वरीय खिलाड़ी बाहर हो गईं। हाल में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी बनी एलिना रिबाकिना शनिवार को ही चाइना ओपन से बाहर हो गई थीं। अब सबालेंका के बाहर होने के साथ ही बीजिंग में हो रहे इस डब्ल्यूटीए-1000 टूर्नामेंट की दोनों शीर्ष वरीय खिलाड़ियों का सफर जल्दी समाप्त हो गया।



शेष भारत ने जीता ईरानी कप



श्रीनगर। मुकेश कुमार (33 रन पर छह विकेट) और आकाश दीप (25 रन पर तीन विकेट) की घातक गेंदबाजी की दम पर शेष भारत ने रविवार को चौथे और आखिरी दिन जम्मू-कश्मीर को 167 रन से हराकर ईरानी कप का खिताब जीत लिया। जीत के लिए 279 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही जम्मू-कश्मीर की टीम को ट्रॉफी अपने नाम करने के लिए केवल ड्रॉ की जरूरत थी। पहली पारी में 41 रन की बढ़त लेने वाली जम्मू कश्मीर की टीम मुकेश और आकाश दीप की धारदार गेंदबाजी के आगे दूसरी पारी में महज 111 रन पर ढेर हो गई। सलामी बल्लेबाज शुभम खजूरिया (32) और कामरान इकबाल (32) ने पहले विकेट के लिए 54 रन जोड़कर टीम को जम्मू कश्मीर को अच्छी शुरुआत दिलाई।

पुरुष हॉकी टीम के लिए नकद पुरस्कार घोषित



भुवनेश्वर। ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने 2026 एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय पुरुष हॉकी टीम के प्रत्येक खिलाड़ी को 11 लाख रुपये और प्रत्येक सहयोगी स्टाफ सदस्य को साढ़े पांच लाख रुपये नकद पुरस्कार देने की घोषणा की। भारत ने शनिवार को मलेशिया को 5-1 से हराकर एशियाई खेलों में दूसरी बार पुरुष हॉकी का स्वर्ण पदक जीता और 2028 ओलंपिक के लिए क्वालीफाई किया। इससे एक दिन पहले भारतीय महिला टीम ने फाइनल में गत चैंपियन और ऊंची रैंकिंग वाली चीन को 1-0 से हराकर 44 साल बाद स्वर्ण पदक जीता था और ओलंपिक का टिकट भी हासिल किया था। यह पहली बार है जब एशियाई खेलों के एक ही चरण में भारतीय पुरुष और महिला दोनों हॉकी टीमों ने स्वर्ण पदक जीता है।

समापन समारोह में जापान की संस्कृति की झलक नजर आई, नीरू ने किया भारत का नेतृत्व

चमकदार रोशनी और संगीतमय शो से हुआ आइची-नागोया एशियाई खेलों का समापन

एजेंसी ▶▶| नागोया

जापान की संस्कृति और मेहमाननवाजी की शानदार झलक के साथ संगीत और रोशनी से सजे भव्य कार्यक्रम के बीच रविवार को आइची-नागोया एशियाई खेलों का समापन हो गया। दो सप्ताह से अधिक समय तक चली कड़ी प्रतिस्पर्धा के बाद एशिया के 45 देशों के खिलाड़ी मिजुहो पार्क एथलेटिक स्टेडियम में खेलों के समापन समारोह में शामिल हुए। इन खेलों के दौरान 350 से अधिक रिकॉर्ड बने जिनमें कम से कम 50 विश्व रिकॉर्ड शामिल हैं। हालांकि खेल आयोजन से पहले लॉजिस्टिक समस्याओं और कुप्रबंधन से प्रभावित रहे। समापन समारोह करीब 90 मिनट तक चला।

■ दो सप्ताह से अधिक समय तक चली कड़ी प्रतिस्पर्धा



भारत 85 पदकों के साथ चौथे स्थान पर, चीन रहा शीर्ष पर

भारत 85 पदकों (21 स्वर्ण, 27 रजत, 37 कांस्य) के साथ पदक तालिका में चौथे स्थान पर रहा जो चीन के हांगझोउ में हुए पिछले चरण से 21 कम है। चीन लगातार 12वें चरण में तालिका में शीर्ष पर रहा उसने 169 स्वर्ण, 89 रजत और 83 कांस्य सहित कुल 341 पदक जीते जो विदेश में आयोजित एशियाई खेलों में उसका सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।

मेजबान जापान दूसरे स्थान पर रहा

मेजबान जापान 269 पदकों (83 स्वर्ण, 95 रजत और 91 कांस्य) के साथ दूसरे स्थान पर रहा। उसके बाद दक्षिण कोरिया के 39 स्वर्ण, 43 रजत और 68 कांस्य पदक थे। एशिया ओलंपिक परिषद (ओसीए) के अध्यक्ष शेख जुआन बिन हमद अल थानी ने खेलों के समापन की घोषणा की। बाद में ओसीए ध्वज 2030 एशियाई खेलों के आयोजन समिति के एक प्रतिनिधि को सौंपा गया।

चार साल बाद 2030 में दोहा में मिलने का वादा



अल थानी ने कहा, ''पहली प्रतियोगिता से लेकर आखिरी तक, एशिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों ने अपने प्रदर्शन से हमें मंत्रमुग्ध किया। 350 से अधिक रिकॉर्ड टूटे हैं जिनमें 50 से अधिक विश्व रिकॉर्ड शामिल हैं। यह हमारे एशियाई खेलों के लिए एक रिकॉर्ड है।'' परंपरा के अनुसार ओसीए प्रमुख ने एशिया के युवाओं से इस भावना को आगे बढ़ाने और चार साल बाद 2030 में दोहा में होने वाले 21वें एशियाई खेलों में फिर मिलने का आह्वान किया।

निशानेबाज ढांडा के नेतृत्व में भारतीय टीम ने भाग लिया

ओसीए ध्वज को दोहा को सौंपने से संबंधित खंड में कतर के ओलंपिक और विश्व चैंपियन मुताज बाशिम शामिल थे। ट्रैप निशानेबाज नीरू ढांडा (दो स्वर्ण और एक रजत पदक विजेता) के नेतृत्व में भारतीयों ने भी उत्सवी माहौल में हिस्सा लिया। सफेद और नीले रंग की पोशाक पहने लगभग 30 भारतीय खिलाड़ियों और अधिकारियों ने एथलीट परेड में हिस्सा लिया और तिरंगा लहराया। 'वन एशिया' की समापन समारोह की अवधारणा को व्यक्त करने के लिए स्टेडियम के केंद्र में एक षट्भुजाकार मंच बनाया गया था और यह शो का मुख्य आकर्षण था। भव्य समापन के दौरान इसे लालटेन से सजाया गया था जो जापानी गर्मियों का एक विशिष्ट प्रतीक है। ओसीए अध्यक्ष शेख जुआन बिन हमद अल थानी ने कहा कि आइची-नागोया एशियाई खेलों ने एशियाड के लिए मानक ऊंचा किया है।

भारतीय मुक्केबाजों का गर्मजोशी से स्वागत

फूल-माला, मिठाइयों और आईटीबीपी बैंड से स्वागत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

रात के करीब तीन बजे थे लेकिन हवाई अड्डे पर रौनक बनी हुई थी और एशियाई खेलों में पदक जीतकर लौटे भारतीय मुक्केबाजों का गर्मजोशी से स्वागत किया गया। उत्साहित परिजनों की मौजूदगी में भारत-तिब्बत सीमा पुलिस (आईटीबीपी) के बैंड, फूल-माला, मिठाइयों से खिलाड़ियों का स्वागत हुआ। भारतीय मुक्केबाजी दल के नागोया में यादगार अभियान के बाद स्वदेश वापसी पर उसका सफलता के अनुरूप स्वागत किया गया। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) के अध्यक्ष अजय सिंह ने खिलाड़ियों की अगवानी की। स्वर्ण पदक विजेता अंकुश पंघाल ने कहा, मैं बहुत अच्छा महसूस कर रहा हूं। मेरे परिवार के सदस्य यहां आए हैं और अब हम और जश्न मनाएंगे। परवीन हुड्डा के लिए यह जश्न खास तौर पर भावुक करने वाला था। उन्होंने पिछली बार एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता था लेकिन निलंबन के बाद वह पदक उनसे छीन लिया गया था।



■ एशिया में नंबर एक बनना शानदार उपलब्धि है

उज्बेकिस्तान, चीन को पीछे छोड़ा

बीएफआई अध्यक्ष अजय सिंह ने भी भारत के प्रदर्शन पर खुशी जताई और कहा कि एशियाई खेलों की सफलता मजबूत प्रदर्शन की श्रृंखला में एक और उपलब्धि है। उन्होंने कहा, ''मुझे बेहद गर्व है। उज्बेकिस्तान, कजाखस्तान और चीन जैसे प्रमुख मुक्केबाजी देशों को पीछे छोड़कर एशिया में नंबर एक बनना शानदार उपलब्धि है।''

लक्ष्य स्पष्ट था, स्वर्ण जीतना : हरमनप्रीत

एजेंसी ▶▶| काकामिगाहारा (जापान)

भारतीय पुरुष हॉकी टीम के कप्तान हरमनप्रीत सिंह ने कहा कि उनकी टीम को भरोसा था कि वे विश्व कप की निराशा को पीछे छोड़कर एशियाई खेलों का खिताब जीतने के साथ 2028 ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर सकते है। हरमनप्रीत ने शनिवार को फाइनल में दो गोल किए जिससे भारत ने मलेशिया को 5-1 से हराकर लगातार दूसरी बार पुरुष हॉकी का स्वर्ण पदक जीता। हरमनप्रीत ने कहा, ''फाइनल हर खिलाड़ी के लिए बड़ा मौका था। कुछ खिलाड़ी पहली बार एशियाई खेलों में भारत का प्रतिनिधित्व कर रहे थे जबकि कुछ चौथी, तीसरी या दूसरी बार खेल रहे थे।'' कप्तान ने कहा, ''हमें पता था कि हम यहां स्वर्ण पदक जीतने और ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने आए हैं। लक्ष्य स्पष्ट था।'' एशियाई खेलों से पहले भारतीय टीम का प्रदर्शन उम्मीद के मुताबिक नहीं रहा था। टीम ने अगस्त में बेल्जियम और नीदरलैंड में हुए विश्व कप में निराशाजनक नौवां स्थान हासिल किया था।



विश्व कप हमारे लिए अच्छा नहीं रहा

हरमनप्रीत ने कहा, ''पूरा साल हमारे लिए बहुत कठिन रहा क्योंकि हमने कई टूर्नामेंट खेले। विश्व कप हमारे लिए अच्छा नहीं रहा लेकिन हमें पता है कि हम एशिया में हमेशा दबदबा रखते हैं। हम यहां अपने खिताब का बचाव करने आए थे।''हरमनप्रीत ने 11वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर गोल करके भारत को बढ़त दिलाई और 57वें मिनट में पेनल्टी कॉर्नर पर टीम की ओर से पांचवां गोल किया।

फाइनल की हार से उबरने में समय लगा : अनाहत

एजेंसी ▶▶| नई दिल्ली

अनाहत सिंह जानती थीं कि एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतना 'बहुत यथार्थवादी' लक्ष्य नहीं था लेकिन खिताब से सिर्फ एक जीत दूर रह जाना इस भारतीय स्क्वाश खिलाड़ी के लिए निराशा के साथ-साथ प्रेरणा का भी कारण बना और अब उनकी नजरें 2028 ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने पर है। अनाहत एशियाई खेलों की व्यक्तिगत स्क्वाश स्पर्धा के फाइनल में पहुंचने वाली पहली भारतीय महिला खिलाड़ी बनीं। हालांकि उन्हें दुनिया की पांचवें नंबर की मलेशियाई खिलाड़ी सिवसांगरी सुब्रमण्यम के खिलाफ हार के बाद रजत पदक से संतोष करना पड़ा। अगर अनाहत फाइनल जीत जातीं तो उन्हें 2028 ओलंपिक में सीधे जगह मिल जाती लेकिन यह 18 वर्षीय खिलाड़ी अब पीएसए रैंकिंग में ऊपर चढ़कर लॉस एंजिलिस ओलंपिक में अपनी जगह पक्की करने की कोशिश करेगी।



हम इस जीत के हकदार थे : महिला हॉकी कप्तान

सलीमा ने कहा, एशियाई खेलों में ध्यान जीत पर रहा



एजेंसी ▶▶| रांची

भारतीय महिला हॉकी टीम की कप्तान सलीमा टेटे ने रविवार को कहा कि मजबूत चीन के खिलाफ खेलने के बावजूद उनकी टीम को एशियाई खेलों में स्वर्ण पदक जीतने का पूरा भरोसा था। भारत ने जापान में फाइनल में गत चैंपियन चीन को 1-0 से हराकर 44 साल बाद एशियाई खेलों में महिला हॉकी का स्वर्ण पदक जीता। इस जीत के साथ भारत ने 2028 लॉस एंजिलिस ओलंपिक के लिए भी क्वालीफाई कर लिया। टेटे ने 'पीटीआई वीडियो' से कहा, ''हम इस जीत के हकदार थे। इस बार हमें अपनी टीम और खिलाड़ियों पर पूरा भरोसा था कि हम निश्चित रूप से स्वर्ण जीतेंगे, हालांकि चीन की टीम बहुत अच्छी थी। उस एक गोल की बढ़त को बचाकर अपने देश के लिए स्वर्ण जीतना हमारे लिए गर्व का क्षण है।''

■ मजबूत चीन के खिलाफ जीत का पूरा भरोसा था

टीम में चार खिलाड़ी झारखंड की

स्वर्ण पदक जीतने वाली भारतीय टीम की चार खिलाड़ी झारखंड से हैं। टेटे, ब्यूटी डुंगडुंग और दीपिका सोरेंग सिमडेगा जिले से हैं जबकि निक्की प्रधान खूंटी की रहने वाली हैं। राज्य लौटने पर रांची हवाई अड्डे पर उनका भव्य स्वागत किया गया। दीपिका ने कहा कि टीम स्वर्ण जीतने के साथ ओलंपिक में जगह पक्की करने से वह बेहद खुश है।

स्वर्ण जीतने बहुत कड़ी मेहनत की

दीपिका ने कहा, ''हमने एशियाई खेलों में स्वर्ण जीतने के लिए बहुत कड़ी मेहनत की। इस शानदार जीत के लिए हम लंबे समय से तैयारी कर रहे थे। हमें बहुत गर्व महसूस हो रहा है। चीन जैसी टीम के खिलाफ एक गोल की बढ़त बचाना आसान नहीं था लेकिन हमने ऐसा कर दिखाया।''

खिलाड़ियों का देश में स्वागत

प्रधान ने कहा कि टीम को टोक्यो ओलंपिक में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ किए गए मजबूत रक्षात्मक प्रदर्शन से आत्मविश्वास मिला और अब उसका ध्यान अगले ओलंपिक की तैयारी पर है। राज्य लौटने पर खिलाड़ियों का हवाई अड्डे पर समर्थकों ने स्वागत किया। कोच और युवा हॉकी खिलाड़ियों ने पारंपरिक मांदर की थाप पर नृत्य कर टीम का स्वागत किया।

'ए' टीम उतारने से फाइनल में मदद मिली, हमारे पास काफी अनुभवी टीम थी

स्वर्ण पदक हमें थाली में परोसा हुआ नहीं मिला : सैमसन

एजेंसी ▶▶| नागोया

विकेटकीपर बल्लेबाज संजू सैमसन ने कहा कि भारत को एशियाई खेलों में पुरुष क्रिकेट का स्वर्ण पदक 'थाली में परोसा हुआ' नहीं मिला और अनुभवी खिलाड़ियों की 'ए' टीम को उतारने से पाकिस्तान के खिलाफ रोमांचक फाइनल में दबाव से निपटने में मदद मिली।

भारत ने शनिवार को यहां चिर प्रतिद्वंद्वी पाकिस्तान को 19 रन से हराकर महाद्वीपीय प्रतियोगिता में पुरुष क्रिकेट का स्वर्ण पदक बरकरार रखा। सैमसन ने मैच के बाद कहा, ''हमारे पास काफी अनुभवी टीम थी। यहीं अनुभवी खिलाड़ियों का अनुभव काम आता है। हमें पता था कि अपनी ऊर्जा को कैसे संभालना है, खुद को कैसे प्रेरित और एकाग्र रखना है, भले ही अभ्यास या मैच नहीं हो रहे हों।''

सभी को एक अच्छा फाइनल देखने मिला

सैमसन ने कहा, ''आखिरकार हमें एक अच्छा मैच खेलने को मिला। पहली पारी में हमने 200 रन बनाए और लगा कि दूसरी पारी पाकिस्तान के लिए मुश्किल हो सकती है लेकिन विकेट अच्छा था और उन्होंने भी अच्छी बल्लेबाजी की। सभी को एक अच्छा फाइनल देखने को मिला।'' उन्होंने कहा, ''हमें स्वर्ण पदक थाली में परोसा हुआ नहीं मिला। इसके लिए हमें कड़ी मेहनत करनी पड़ी। इससे यह जीत और भी संतोषजनक हो जाती है और हम सभी खुश हैं।''



टीम 'ए' को लाना काफी मददगार रहा

भारत को नियमित टी20 खिलाड़ियों को टीम में शामिल करने के फैसले से इस बड़े मुकाबले में दमखम और संयम के साथ खेलने में मदद मिली। सैमसन ने कहा, ''ए' टीम को लाना वास्तव में काफी मददगार रहा और पाकिस्तान के खिलाफ फाइनल में भी यही देखने को मिला। मुझे लगता है कि यह सभी के लिए एक उचित मुकाबला था।''

भारत ने मजबूत स्कोर खड़ा किया था

भारत ने अभिषेक शर्मा और तिलक वर्मा के अर्धशतकों की मदद से छह विकेट पर 211 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया जिसके जवाब में पाकिस्तान की टीम रोमांचक फाइनल में छह विकेट पर 192 रन ही बना सकी। हालांकि, फाइनल एकतरफा मुकाबला नहीं रहा। बल्लेबाजी के लिए अनुकूल पिच पर पाकिस्तान के आक्रामक जवाब ने आखिरी चरण तक मुकाबले में रोमांच बनाए रखा।



टीवी मसाला



राइज एंड फॉल 2: झगड़ा खत्म कर स्वरा के फिटनेस कोच बने शहजाद

नई दिल्ली। बॉलीवुड अभिनेत्री स्वरा भास्कर फिलहाल रियलिटी शो 'राइज एंड फॉल' सीजन 2 का हिस्सा है। अब हाल ही में वहां से एक्ट्रेस का एक वीडियो सामने आया, जिसमें वह अपनी बेटी राबिया को याद करते हुए रोते नजर आईं और तेज प्रताप यादव अभिनेत्री को चुप करवाते दिखाई दिए। स्वरा भास्कर के लिए काम की वजह से अपनी छोटी सी बेटी से दूर रहना काफी मुश्किल हो रहा है। एक वीडियो सामने आया, जिसमें शहजाद और स्वारा के बीच अच्छी बॉन्डिंग दिखी। शो की शुरुआत में स्वरा भास्कर और शहजाद पूनावाला के बीच अच्छे रिश्ते देखने को नहीं मिले थे। लेकिन जैसे-जैसे यह शो आगे बढ़ रहा है, दोनों के बीच रिश्ते सुधर रहे हैं। हाल ही में शहजाद पूनावाला अभिनेत्री के फिटनेस कोच बने नजर आए। बता दें कि दोनों के बीच शो से बाहर राजनीति ओपिनियन को लेकर टकराव होते रहते हैं। शो का एक और वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक्ट्रेस रोती हुई नजर आ रही हैं। वह बार-बार अपनी बेटी राबिया की फोटो देखने या उसका चेहरा देखने की गुजारिश करती दिखाई दीं। जब शो में उनके साथ मौजूद गौतम गुलाटी ने पूछा कि वह इतनी इमोशनल क्यों हो गईं, तो स्वरा ने कहा, 'किसी ने सुशी कहा और मुझे अपनी बेटी की याद आ गई।' स्वरा ने आगे कहा, 'यार उसका फेस दिखा दो, उसकी फोटो दिखा दो प्लीज।' उनकी इस बात से साफ पता चला कि रियलिटी शो के दौरान वह अपनी बेटी को कितना याद कर रही हैं। स्वरा को रोता देख तेज प्रताप यादव बार-बार उन्हें संभालने की कोशिश करते नजर आए। शहजाद पूनावाला भी स्वरा को इमोशनल सपोर्ट देने उनके पास पहुंचे। इस वीडियो को शेयर करते हुए स्वरा के इंस्टाग्राम हैंडल से पर लिखा गया, 'एक काम करने वाली मां होने का मतलब है कि आपका दिमाग काम में लगा रहता है, लेकिन आपका दिल हमेशा घर पर रहता है। तुम्हें गले लगाने का इंतजार नहीं कर सकती। तुम्हारी बहुत याद आ रही है।' 38 साल की स्वरा ने सितंबर 2023 में अपने पति फहाद अहमद के साथ बेटी राबिया का स्वागत किया था।



हिंदी फिल्मों का गणित बिगाड़ेगी 'ओम'

नई दिल्ली। तेरे इश्क में और कारा जैसी कई शानदार फिल्मों से फैंस का दिल जीतने वाले अभिनेता धनुष लंबे समय से अपनी अपकमिंग मूवी ओम चैप्टर-1 को लेकर चर्चा में बने हुए हैं। 16 अक्टूबर को ओम चैप्टर-1 को दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज किया जाना था। लेकिन , ओम चैप्टर-1 को 26 नवंबर को थिएटर्स में रिलीज किया जाएगा। ओम चैप्टर-1 अब नई रिलीज डेट 26 नवंबर को सिनेमाघरों में दस्तक देगी। इस जिसका कारण इसी महीने (अक्टूबर) रिलीज होने वालीं कई बड़ी तमिल फिल्में हैं। 26 नवंबर को ओम चैप्टर-1 को रिलीज किया जाना है और इसके अगले दिन इमरान हाशमी की गनमास्टर जी9 और आयुष्मान खुराना की ये प्रेम मोल लिया आ रही है। ऐसे में बॉक्स ऑफिस पर इन तीनों मूवीज के बीच कड़ी टक्कर देखने को मिल सकती है।

नीतू ने बैक साइड की फोटो लेने पर तंज भरे लहजे में किया सवाल

मुंबई। नेहा धूपिया और सलमान खान के बाद अब नीतू कपूर ने पैपराजी के बैक साइड की फोटो लेने पर आपत्ति जताई है। उन्होंने कैमरामैन से तंज भरे लहजे में सवाल किया है।



बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री नीतू कपूर ने पैपराजी के उस चलन पर सवाल उठाया है, जिसमें वे अभिनेत्रियों से कैमरे की तरफ पीठ करके पोज देने के लिए कहते हैं। रविवार को वह मुंबई में नजर आईं। उन्होंने फोटोग्राफर्स के पीछे से फोटो लेने की गुजारिश पर तंज कसते हुए पूछा कि क्या उन्हें ऐसे शॉट्स लेने में खास मजा आता है? जब नीतू कपूर एक जगह से बाहर निकलीं और अपनी कार की ओर जा रही थीं, तो वहां मौजूद फोटोग्राफर्स ने उनसे कैमरे की तरफ पीठ करके पोज देने को कहा। ऐसा करने के बजाय, अभिनेत्री मुड़ीं और तंज भरे अंदाज में उनसे इस गुजारिश के बारे में पूछा। नीतू ने कहा, 'आपको यह बहुत अच्छा लगता है ना, 'बैक'?' पैपराजी ने इस पर ना में जवाब दिया। इसके बाद नीतू अपनी कार में बैठीं और दरवाजा बंद कर लिया। नीतू कपूर का यह रिएक्शन तब आया है, जब नेहा धूपिया ने फोटोग्राफर्स की तरफ से अभिनेत्रियों की गलत तरीके से बैक शॉट्स लेने पर आपत्ति जताई। मुंबई में एक अवॉर्ड इवेंट के दौरान, नेहा ने पैपराजी से सवाल किया और इस हरकत पर नाराजगी जताते हुए कहा, 'तुम लोगों में से बदतमीजी से बैकशॉट कौन लेता है? बंद करो।' नेहा ने साफ किया कि उनकी आपत्ति सिर्फ अपने अनुभव तक ही सीमित नहीं थी।



आर माधवन ने खोला यादों का पिटारा

मुंबई। चर्चित अभिनेता आर माधवन सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहते हैं। लगता है रविवार को फुरसत के पलों में उन्होंने अपना पुराना एल्बम खोल लिया है। इससे कुछ अनदेखी तस्वीरें उन्होंने अपने प्रशंसकों के साथ भी सोशल मीडिया पर साझा की हैं। आर माधवन ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट से पोस्ट शेयर करते हुए एक वीडयो कोलाज पोस्ट किया है। इसमें उनके पुराने दिनों की तस्वीरें हैं, जब दोस्तों की महफिलें सजा करती थीं। तस्वीरों के साथ एक्टर ने लिखा है, 'पुराने दिन'। आर माधवन की इन तस्वीरों में उनकी पत्नी सरिता बिरजे भी नजर आ रही हैं। एक तस्वीर में आर माधवन अपनी मॉडिफाइड बाइक पर सवार होकर पोज देते दिख रहे हैं। यादों की गुल्लक खोलते हुए आर माधवन ने अपने सभी दोस्तों को भी पोस्ट में टैग किया है। तस्वीरों में माधवन का लुक आज से एकदम अलग है। मगर, मासूमियत वही झलक रही है, जो आज भी कायम है। अभिनेता की तस्वीरों पर नेटिजंस रिएक्ट कर रहे हैं और तारीफ कर रहे हैं। एक यूजर ने लिखा है, 'आपका आकर्षण हमेशा रहता है, मगर इन तस्वीरों में पूरी लाइमलाइट सरिता बिरजे ने लूट ली है'।

1991 में ही बना दी थी टाइम ट्रेवल पर फिल्म

नई दिल्ली। डायरेक्टर सिंगीथम श्रीनिवास राव ने 94 साल की उम्र में अपनी आखिरी सांस ली। सिंगीथम श्रीनिवास को पुष्पक विमाना, आदित्य 369 और सिंग गीथम जैसी फिल्में बनाने के लिए जाना जाता था। सिंगीथम श्रीनिवास का जन्म आंध्र प्रदेश के उदयगिरि, नेल्लोर में 21 सितंबर, 1931 को हुआ था। उन्हें साउथ इंडियन सिनेमा में क्रांति लाने के लिए जाना जाता है। सिंगीथम ने हिंदी, तमिल, तेलुगु, कन्नड़ और अंग्रेजी भाषा में करीब 60 फिल्में डायरेक्ट की हैं।

डायरेक्टर के तौर पर किया था डेब्यू

सिंगीथम श्रीनिवास ने साल 1972 में रिलीज हुई फिल्म नीति नियति से डायरेक्टर के तौर पर अपने कॅरियर की शुरुआत की थी। ये तेलुगु भाषा की एक कॉमेडी फिल्म थी। फिल्म को डायरेक्ट करने के साथ-साथ सिंगीथम श्रीनिवास ने फिल्म को लिखा भी था।



94 की उम्र में भी डायरेक्ट की थी फिल्म

सिंगीथम श्रीनिवास राव ने 94 साल की उम्र में भी काम करना नहीं छोड़ा। उनकी आखिरी फिल्म सिंग गीथम इस साल रिलीज हुई। ये एक म्यूजिकल रोमांटिक कॉमेडी फिल्म है। फिल्म को आप नेटफ्लिक्स पर स्ट्रीम कर सकते हैं। फिल्म में अहिल्या बमरू, अयान और मणि कृष्ण जैसे कलाकार नजर आए हैं।

पॉपुलर फिल्में

पुष्पक विमानाः साल 1987 में रिलीज हुई पुष्पक विमाना में कमल हासन लीड रोल में नजर आए थे। पुष्पक विमाना एक डार्क कॉमेडी फिल्म थी। इस फिल्म ने नेशनल अवॉर्ड समेत कुल 7 अवॉर्ड्स जीते थे।



Terms and Conditions applied. *Approval of the loan is at the sole discretion of the financiers, and additional documentation may be required. *The interest rates, loan amount, down payment, tenure options, and EMI are based on the financier's assessment of the applicant's credit profile. *Some of the mentioned components of the scheme cannot be clubbed together. *The offers/features may be modified or withdrawn at any time without prior intimation. *Offer valid until 30th Nov 2026. #Up to 10% Instant Cashback (₹2000 - ₹10000) is available on all HMSI models for EMI transactions made using IDFC Bank Credit Cards (Tenure 6 months to 24 months). #The offer is valid on credit card transactions processed through Pine Labs machines only and is applicable for one transaction per card/order during the offer period. #The Instant Cashback offer is valid until 30th Nov 2026. Product shown in the picture may vary from actual product available in the market. Accessories shown in the picture are not part of standard equipment.

Honda Motorcycle & Scooter India Pvt. Ltd., Registered Office: Plot No. 1, Sector - 03, IMT Manesar, Distt. Gurugram, (Haryana) – 122052, India; **Website:** www.honda2wheelersindia.com; **Customer Care:** customercare@honda.hmsi.in

Honda Exclusive Authorized Dealerships: BHOPAL: Surana Honda (Koh-E-Fiza) - 9713066121; Sai Samarth Honda - 9109103832; BGS Honda - 7440654321; Om Auto Honda - 9826331339; Power Honda - 9202244444; BGS Honda (Kolar Road) - 8889994504; BGS Honda (Karondh) - 8319133403; Sai Samarth Honda (Bairagarh) - 07554222834; Power Honda (Gulmohar) - 07554256062; Sai Samarth Honda (New Market, TT Nagar Police Station) - 07554167932; Shiv Honda (Berasia) - 9827205909; Poorvi Honda (Khilchipur) - 9827828182; Shri Sawariya Honda (Budni) - 990740405; **ASHOKNAGAR:** Shri Shant Honda - 8889365888; Shrikrishna Honda (Chanderi) - 7000642828; Shris Shant Honda (Kaniyadana) - 9340461465; Shris Shant Honda (Rajpur) - 9340461465; **BETUL:** Aaditya Honda - 8989231218; Shivam Honda (Bagdona) - 9425003802; Khyati Honda (Multai) - 9425440610; **GUNA:** Seth And Sons Honda - 9644008081; RR Honda (Aron) - 9907700774; Seth and Sons (Raghogarh) - 9644008082; **HARDA:** Sri Hari Krishna Honda - 9826313338; Kalash Honda (Timarni) - 9617406060; Shri Sai Honda (Khirkia) - 9926386210; **ITARSI:** Sudarshan Honda - 7869954212; Sudarshan Honda (Hoshangabad) - 7869954215; Aman Honda (Piparia) - 8085138085; Paliwal Honda (Seoni-Malwa) - 9425476181; **SEHORE:** Upadhyay Honda - 07562401281; Harshit Honda (Astha) - 9893096451; Shubham Honda (Nasrullaganj) - 9826356278; Ambika Honda (Icchawar) - 9926434100; **VIDISHA:** Speed Bike Honda - 8817084455; Raghu Honda (Ganjbasoda) - 9425148883; Capital Honda (Sironj) - 9713161534; **RAISEN:** BGS Honda - 8717911666; Karma Honda (Begumganj) - 9893141574; Shubhi Honda (Udaipura) - 9993044486; Soumya Auto Honda (Khargone) - 8120124545; JB Honda (Obedullaganj) - 07480224232; Rajeev Honda (Mandideep) - 07480401458; **BIAORA:** My Shiva Honda - 9425038999; Balaji Honda (Kurawar) - 7415382282; Shiv Shakti Honda (Talen) - 7000825923; Raghunath Honda (Rajgarh) - 9165122731; Vinayak Honda (Pachore) - 9424470733; **INDORE:** Kasliwal Honda - 8966002822; Kasliwal Honda (Bangali Square) - 8966002826; Rajpal Honda - 9425065707; Rajpal Honda (Khandwa Road) - 9827658000; Shyam Honda - 9009550948; Shyam Honda (Airport Road) - 9009550955; Doshi Honda - 9669266999; Doshi Honda (Nanda Nagar) - 9669339994; Doshi Honda (Nipania) - 9669801999; Shree Mangalam Honda - 6232446444; Shri Ram Honda (Kshipra) - 9993717799; Shyam Honda (Sanwer) - 9009550943; Mohit Honda (Chandrawatiganj) - 9009663700; Riddhi Siddhi Honda (Palia) - 9713077770; GuruKripa Honda (Betma) - 9165155175; Om Sai Honda (Devguradia) - 8770657728; **BARWANI:** Sarswati Honda - 8602521213; Parmar Honda (Rajpur) - 9993356471; Pragati Honda (Pansemal) - 09424855055; Raj Rajeshwar Honda (Sendhwa) - 9424586222; **BURHANPUR:** Krishna Sai Honda - 8989694646; Shree Sai Honda (Shahpur) - 9753633111; **DEWAS:** Sadguru Honda - 8719017666; Sadguru Honda (Ganga Nagar, Indore Road) - 7272252231; Maheshwari Honda (Sonkatch) - 9039921721; Om Sai Honda (Khategaon) - 9893464681; Vini Honda (Hatpipliya) - 9827062431; Patel Honda (Satwas) - 9713624496; Bhavana Honda (Kannod) - 9977663785; **DHAR:** Nakoda Honda - 9753478699; Nakoda Honda (Badnawar) - 8770440156; Dev Guru Honda (Dhamnod) - 9926646561; Falak Honda (Dharmapuri) - 9098111110; Khandelwal Honda (Manawar) - 9425914534; Mahaveer Honda (Rajgarh-Dhar) - 9826076523; Sairam Honda (Ghatabilod) - 9826068964; **KUKSHI:** Shyam Honda - 9333332200; Shree Hari Honda (Singhana) - 9713034535; Madhuram Honda (Dahi) - 9826841303; Joshi Honda (Gandhwani) - 9425969272; **JHABUA:** Natural Honda - 9827068396; Natural Honda (Thandla) - 9111919496; **KHANDWA:** Sethi Honda - 9111002902; Sethi Honda (Chhanera) - 9111002903; **KHARGONE:** Bhandari Honda - 9753222225; Mahaveer Honda (Anjad) - 9425088666; Manas Honda (Bedia) - 9479319469; Anmol Honda (Maheshwar) - 9926464254; **MANDSAUR:** Chaudhary Honda - 9752635333; Choudhary Honda (Shamgarh) - 9993143260; **MHOW:** Radha Honda - 9691122902; Radha Honda (Pithampur) - 7470884802; **NEEMUCH:** Imdadallys Honda - 8989151151; Savita Honda (Manasa) - 9993773232; Aditya Honda (Jeeran) - 7509542276; Shikhar Honda (Rampura) - 9424041544; **RATLAM:** Anklesaria Honda - 9425329309; Anklesaria Honda (Jaora) - 7389940695; Khatushyam Honda (Alot) - 9993442929; Babji Honda (Sailana) - 9981953001; **SANAWAD:** Veera Honda - 9826533110; **SHAJAPUR:** Rathi Honda - 8349990855; **SHUJALPUR:** Mahavir Honda - 9302352067; Shree Balaji Honda (Kalapipal)- 9926028916; **UJJAIN:** Avantika Honda - 9685099909; Ujjain Honda - 8109068222; Avantika Honda (Badnagar) - 07367225701; Jain Honda (Tarana) - 7566698489; Arihant Honda (Nagda) - 07366241481; Shiv Honda (Agar) - 9425941011; Pareek Honda (Khachrod) - 9826796963; Dhanlaxmi Honda (Mahidpur) - 9425033104; **GWALIOR:** A.S. Honda - 9926186437; Sumedha Honda - 8718819740; Niyati Honda (Bhitarwar) - 9755359098; Pujari Honda (Mohona) - 8587904580; Satnam Honda (Dabra) - 9907729668; A S Honda (Laxmiganj) - 6262350000; A S Honda (DD Nagar) - 9109176278; A S Honda (Bahodapur) - 9109176247; Shree Krishna Honda (Lahar) - 9098900999; Ashish Honda (Gohad) - 9713394900; **DATIA:** Dhruv Tara Honda - 7000239698; Manuraj Honda (Bhander) - 9755574488; KGN Honda (Seondha) - 9171438014; **MORENA:** The Roshan Honda - 7532466097; Gupta Honda (Shabalgarh) - 9893170387; Aryan Honda (Ambah) - 9826288045; **SHIVPURI:** Seth Honda - 6264074441; Dhudhar Honda (Pichore) - 8085186000; Jain Honda (Karera) - 8602760034; Seth Honda (Bairad) - 881739386; **SHEOPUR:** Moti Honda - 8269193208; **BALAGHAT:** Dreams Honda - 8349272776; Dreams Honda (Baihar) - 8269793376; **CHHINDWARA:** Akshit Honda (Chourai) - 8989994445; Akshit Honda (Parasia Road, Chhindwara) - 8989994440; Akshit Honda (Seoni Road, Chhindwara) - 8989994441; Akshit Honda (Amarwara) - 8989994443; Akshit Honda (Parasia) - 8989994442; Shyam Honda (Pandhurna) - 9425818989; Ayush Honda (Junnardeo) - 9425871626; Maa Vaishnav Honda (Bichhua) - 8989994446; Manish Honda (Sausar) - 9244569009; **SEONI:** Anurag Honda - 9827112711; Anurag Honda (Lakhnadon) - 7711884494; Vardhman Honda (Chhapara) - 8770068747; **DAMOH:** Texol Honda - 9425096191; SL Honda (Patahria) - 9300405140; **SAGAR:** Sahil Honda - 7000702072; Sahil Honda (Makronia) - 8817606054; Raj Honda (Bina) - 8720009609; Shreemant Honda (Khurai) - 9826802066; Shree Balaji Honda (Deori) - 7000517166; Sahil Honda (Gourjhamar) - 9752472822.
For Bulk/Institutional enquiries, please write us at: institutionalsales@honda.hmsi.in

हरिभूमि कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड के लिए प्रकाशक एवं मुद्रक अचिंत महेश्वरी द्वारा प्लॉट नं.160 न्यू एच-सेक्टर इंडस्ट्रियल एस्टेट, गोविंदपुरा, भोपाल (म.प्र.) 462023 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, पीबी-2, चतुर्थ तल, मानसरोवर कॉम्प्लैक्स, वार्ड नं. 50, शिवाजी नगर, निकट रानी कमलापति रेलवे स्टेशन, होशंगाबाद रोड, भोपाल, (म.प्र.) 462016 से प्रकाशित। प्रधान संपादक : डॉ. हिमांशु द्विवेदी। स्थानीय संपादकः प्रमोद भारद्वाज। RNI No. MPHIN/2014/55906, फोन 0755-4049930